# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 5 अक्टूबर 2025



13 महिला विश्व कप : भारत आजमाएगा बेंच स्ट्रेंथ...





आज कल
06 अमीर-गरीब में बढ़ती खाई बड़ी चुनौती



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नवी मुंबई एयरपोर्ट का नाम बदला



**मुंबई।** मुंबई को 8 अक्टूबर को नया एयरपोर्ट मिलने वाला है। उद्घाटन से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक कार्यक्रम में बताया कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदलकर 'लोकनेते डीबी पाटिल नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा' किया जाएगा। यह सम्मान दिवंगत राजनीतिज्ञ-सामाजिक कार्यकर्ता डीबी पाटिल को समर्पित है।

### निर्णय: अब केजरीवाल नहीं जाएंगे राज्यसभा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के पंजाब से राज्यसभा जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। अब आप पार्टी ने ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक बिजनेसमैन राजेंद्र गुप्ता को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। यह कदम पंजाब की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जहां आप अब बड़े उद्योगपतियों को भी चुनावी मैदान में उतार रही है।

### टोल: यूपीआई से पेमेंट नहीं लगेगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** सरकार ने टोल टैक्स पेमेंट को लेकर नया नियम पेश किया है, जो 15 नवंबर से लागू होगा। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने और टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट को कम करने के लिए यह नियम पेश किया है। यूजर्स यूपीआई या किसी अन्य डिजिटल पेमेंट करता है तो यह टैक्स 1.25 गुना होगा। वर्तमान में कैश और यूपीआई पेमेंट से डबल टैक्स लिया जाता है।

### स्कूल मेटाडोर में लगी आग बच्चों को सुरक्षित निकाला



**इंदौर।** इंदौर के समीप पंचडेहरिया में एक स्कूली मेटाडोर में आग लग गई। हादसे के समय उसमें बच्चे भी सवार थे। समय रहते बच्चों को मेटाडोर से सुरक्षित बाहर निकाला गया। डीजल टैंक के लीक होने के कारण मेटाडोर में आग लगी थी। उसका आगे का हिस्सा जलने लगा था। ड्रायवर को जैसे ही पता चला कि मेटाडोर में आग लगी है।

## मुख्यमंत्री मप्र के निवेश के प्रमुख सेक्टरों और उद्योग-अनुकूल नीतियों के बारे में जानकारी देंगे

# असम में सीएम डॉ. यादव ने किए मां कामाख्या देवी के दर्शन, आज निवेशकों से करेंगे वन टू वन संवाद

### सेशन को रॉयल भूटान काउन्सलेट के काउंसिल जनरल जिग्मे थिनायल नामग्याल भी करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को गुवाहाटी प्रवास के दौरान मां कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और मध्यप्रदेश एवं असम की निरंतर उन्नति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव ने भी मां कामाख्या देवी मंदिर के दर्शन किए। गुवाहाटी के मां कामाख्या मंदिर परिसर में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को असम के गुवाहटी में पूर्वोत्तर राज्यों के निवेशकों सहित भूटान के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। सेशन को रॉयल भूटान काउन्सलेट के काउंसिल जनरल जिग्मे थिनायल नामग्याल भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश के निवेश के प्रमुख सेक्टरों और उद्योग-अनुकूल नीतियों के बारे में जानकारी देंगे।



### मध्य प्रदेश में आर्थिक विकास और स्थायी अवसरों का रास्ता बन रहा

यह अवसर पूर्वोत्तर और मध्यप्रदेश के उद्योगों के लिए साझी संभावनाओं का नया मार्ग खोलेगा। मध्यप्रदेश की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और बाजार तक आसान पहुंच इसे निवेशकों के लिए सर्वाधिक अनुकूल और एक अनूठा केंद्र बनाती है। मध्यप्रदेश ने उद्योग-अनुकूल नीतियां और क्लस्टर आधारित विकास मॉडल तैयार किए हैं, जिससे निवेशक अपने नए उद्योग की योजना को तेजी से क्रियान्वित कर सकते हैं। राज्य के एग्रो और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में निवेशकों को कृषि उत्पादन और प्रोसेसिंग क्षमताओं का लाभ मिलता है। टैक्सटाइल्स और अपैरल सेक्टर राज्य ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

## छिंदवाड़ा में 11 बच्चों की मौत पर सीएम का कड़ा रुख, कहा-दोषियों को छोड़ेंगे नहीं

# प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर प्रतिबंध सिरप जब्त करने के लिए ताबड़तोड़ छापे

### 'मौत के सौदागर' पर शिकंजा

◆ तमिलनाडु के औषधि नियंत्रक, द्वारा कोल्ड्रिफ सिरप को 'नॉट ऑफ़स्टैंडर्ड क्वालिटी (एनएसक्यू)' घोषित किया गया है



मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा


विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण बच्चों की मृत्यु कड़ा रुख अपनाया है। सिरप की जांच रिपोर्ट आने पर मध्यप्रदेश में इसकी बिक्री को पूर्णता प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रदेश में अभियान के तौर पर छापेमारी कर कोल्ड्रिफ सिरप को जब्त किया जा रहा है।

डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में सिरप के कारण जिन 11 बच्चों की मृत्यु हुई है, उनके परिजन को 4-4 ▸▸ शेष पेज 4 पर

**सिरप बनाने** वाली फैक्ट्री तमिलनाडु के कांचीपुरम में

**शनिवार** की सुबह जांच रिपोर्ट में सिरप के नमूने अमान्य पाए गए



**कंपनी** ने यह सिरप राजस्थान मप्र और पुडुचेरी में सप्लाई किया था

**राज्य स्तर** पर इस मामले में संयुक्त जांच टीमें बनाई गईं

▸▸ छिंदवाड़ा में दवा कंपनियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश

▸▸ राजस्थान, केरल में भी लगा प्रतिबंध

### तमिलनाडु सरकार ने भी सिरप बैन की

इस रिपोर्ट के बाद तमिलनाडु सरकार ने भी पूरे राज्य में कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री और उपयोग पर तुरंत रोक लगा दी। इसके थोक और रिटेल दुकानों से स्टॉक फ्रीज करने के आदेश दिए गए। कंपनी को स्टॉप प्रोडक्शन ऑर्डर जारी किया गया और मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस कैंसिल करने के लिए शो-कॉज नोटिस भेजा गया है।

**एनआईवी, आईसीएमआर-नीरी, सीडीएससीओ और एम्स, नागपुर के विशेषज्ञों की टीम भी जांच में लगी**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी बयान जारी किया है। मंत्रालय का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार के अनुरोध पर, तमिलनाडु एफडीए ने तमिलनाडु के कांचीपुरम में मेसर्स श्रीसन फार्मा के विनिर्माण परिसर से कोल्ड्रिफ कफ सिरप के नमूने लिए थे। इन नमूनों के परीक्षण के परिणाम सामने आए हैं। नमूनों में डीईजी अनुमेय सीमा से अधिक पाया गया ▸▸ शेष पेज 4 पर

**48.6 फीसदी डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा**

*तमिलनाडु के औषधि नियंत्रक, द्वारा कोल्ड्रिफ सिरप को 'नॉट ऑफ़ स्टैंडर्ड क्वालिटी (एनएसक्यू)' घोषित किया गया है। शासकीय औषधि विश्लेषक, औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, चेन्नई के परीक्षण अनुसार इस सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा पाई गई 48.6 फीसदी पाई गई है, जो एक जहरीला तत्व है और स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। ये जहर किडनी को नष्ट करता है। इसका इस्तेमाल एंटीफ्रीज, पेंट, ब्रेक द्रव* ▸▸ शेष पेज 4 पर

## यूपीएससी ने किया बड़ा बदलाव

# प्रारंभिक परीक्षा के 'तुरंत' बाद जारी होगी उत्तर कुंजी

### आपत्ति दर्ज करने का भी मिलेगा मौका




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सुप्रीम कोर्ट को सिविल सेवा परीक्षा प्रक्रिया में बड़े बदलाव की जानकारी दी है। आयोग ने बताया है कि अब सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर कुंजी परीक्षा के तुरंत बाद जारी की जाएगी।

इसके साथ ही उम्मीदवारों को ऑब्जेक्शन दर्ज करने का मौका भी दिया जाएगा। यह जानकारी आयोग द्वारा दायर एक हलफनामे में दी गई, जो पारदर्शिता बढ़ाने की मांग वाली एक याचिका के जवाब में दाखिल किया गया था। अब तक यूपीएससी की परंपरा रही है कि वह उत्तर कुंजी, अंक और कट-ऑफ केवल पूरी परीक्षा प्रक्रिया समाप्त होने और अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही प्रकाशित करता है। लेकिन इन नए फैसले के बाद उम्मीदवारों को परीक्षा के तुरंत बाद अपनी प्रतिक्रियाएं चेक करने का अवसर मिलेगा।

**हर आपत्ति के पक्ष में कम से कम तीन प्रमाण देने होंगे**

*हलफनामें में कहा गया है कि परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों से उत्तर कुंजी के संबंध में अभ्यावेदन या आपत्तियां मांगी जाएंगी। हर आपत्ति के साथ कम से कम तीन प्रामाणिक स्रोतों का हवाला देना अनिवार्य होगा। सभी आपत्तियों की समीक्षा विषय विशेषज्ञों की एक समिति करेगी, जो अंतिम उत्तर कुंजी को तैयार करेगी। इसके आधार पर परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि, आयोग यह तय करेगा कि प्रस्तुत स्रोत प्रामाणिक हैं या नहीं। हलफनामे में कहा गया है कि आयोग इन प्रक्रियाओं का पालन यथाशीघ्र शुरू करना चाहता है। गौरतलब है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया लगभग एक वर्ष तक चलती है, ऐसे में जो उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में शामिल नहीं हो पाते, उन्हें* ▸▸ शेष पेज 4 पर

## मीराबाई चानू का कमाल

# विश्व चैंपियनशिप में जीत लिया सिल्वर मेडल, गोल्ड से चूकीं



▸▸ *उन्होंने कुल 199 किग्रा वजन उठाया*

एजेंसी ⏭ फोर्डे (नॉर्वे)

भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने यहां विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में उनका शानदार रिकॉर्ड और मजबूत हो गया, जहां वह पहले भी दो बार पदक जीत चुकी हैं। चानू 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता हैं, उन्होंने कुल 199 किग्रा (स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) वजन उठाया। पिछली बार उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में 115 किग्रा भार उठाया था, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने 213 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक और थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोन ने 198 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता है।

## इधर, टीम इंडिया का कमाल

# भारत ने वेस्टइंडीज को धोया पारी और 140 रन से 'जीत'



▸▸ *वेस्टइंडीज को 146 पर ही समेटा*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से शिकस्त दे दी। कप्तान के रूप में शुभमन गिल की यह घर में पहली टेस्ट जीत है। स्पिनर्स ने मिलकर कुल 7 विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज की दूरी पारी 146 रन पर सिमट गई। भारत के लिए उप-कप्तान रवींद्र जडेजा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। तीन विकेट सिराज के नाम रही। कुलदीप को दो तो सुंदर के नाम एक सफलता रही। इससे पहले भारत ने पहली पारी, केएल राहुल के बाद ध्रुव जुरैल और रवींद्र जडेजा के शतकों की मदद से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट मैच में दूसरे दिन भी अपना दबदबा बनाए ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 13 भी

## 87 साल का जीवन, सिनेमा को समर्पित एक आत्मा संध्या शांताराम का गमन

### गायकी से सफर शुरु किया, अभिनय और नृत्य ने बना डाला था लीजेंड

# 'अरे जा हट नटखट' से दिलों में बसने वाली संध्या अब यादों में रहेंगी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड और मराठी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री संध्या शांताराम का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार को अंतिम सांस ली, और मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बैकुंठ धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। संध्या अपने शानदार अभिनय और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थीं।

'अरे जा हट नटखट, 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखें बारह हाथ', 'नवरंग' और 'पिंजरा' जैसी क्लासिक फिल्मों में उनके अभिनय को सिनेप्रेमी आज भी याद करते हैं। ▸▸ शेष पेज 4 पर


### और विजया का नाम संध्या हो गया



उनका असली नाम था विजया देशमुख। वे महाराष्ट्र के एक साधारण परिवार से थीं। उनकी आवाज़ बहुत मधुर थी और उन्हें गायन में खास रुचि थी। साल 1951 में मशहूर फिल्मकार वी. शांताराम अपनी फिल्म 'अमर भूपाली' के लिए नई प्रतिभाओं की तलाश कर रहे थे। उसी दौरान उनकी मुलाकात विजया (बाद में संध्या) से हुई। शांताराम उनकी आवाज़ और नैसर्गिक अभिनय से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने विजया को फिल्म में एक गायिका के किरदार में कास्ट किया और यहीं से उनका नाम संध्या रखा गया। यही नाम बाद में उनकी पहचान बन गया।

**अभिनय से नृत्य तक... संध्या की पहचान**

*संध्या ने फिल्मों में भरतनाट्यम और कथक जैसे शास्त्रीय नृत्यों को लोकप्रिय बनाया। उनके भावों की अभिव्यक्ति और स्क्रीन प्रेजेंस ने उन्हें 50-60 के दशक की सबसे गरिमामयी अभिनेत्रियों में शामिल किया। वी. शांताराम ने अपनी दूसरी पत्नी जयश्री से अलग होने के बाद संध्या से विवाह किया। दोनों ने साथ में कई यादगार फिल्में बनाईं, जिनमें कला, संगीत और नृत्य का अनोखा संगम देखने को मिला।*

## जनरल कोच की स्थिति बदलने वाली

# दिसंबर से सभी ट्रेनों में लगेंगे चार सामान्य कोच, अब यात्रियों को मिल सकेगी बर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभी तक अपने ट्रेन की जनरल बोगी में सफर करने वाले यात्रियों को काफी खराब स्थिति में सफर करना पड़ता है। ट्रेन के हालत ऐसे होते ही कि यात्री जिस जगह फंस जाएं, वहां एक इंच भी टस से मस नहीं हो पाते थे। कई यात्रियों तो टॉयलेट जाना हो तो किसी जंग जीतने जैसा होता है। खासतौर पर त्योहारी व समर सीजन में, लेकिन जल्द ही जनरल कोचों की यह स्थिति बदलने वाली है।



रेलवे दिसंबर से यात्रियों की सुविधा के लिए सभी ट्रेनों में चार-चार जनरल कोच लगाने जा रहा है। इसके चलते एक ट्रेन में 360 से 400 यात्रियों को सीट मिल सकेगी। इससे यात्रियों को सफर आराम दायक होगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक में इस तरह संकेत दिए थे।

### लगातार स्लीपर कोच कम करने से बढ़ गई थी परेशानी

*रेलवे की ओर से पिछले कुछ सालों से लगातार स्लीपर कोचों की संख्या कम कर रहा था। इसके चलते भीड़भाड़ और त्योहारी दिनों में ट्रेनों में भीड़ अत्यधिक बढ़ जाती है। सैकड़ों लोगों को आरक्षित कोच में सीट नहीं मिल पाती है। ऐसे यात्री जनरल कोच की तरफ रुख करते हैं। तो वहीं रेलवे की ओर से अभी ट्रेनों में दो कोच लगाए जा रहे थे। कुछ चुनिंदा ट्रेनों में भी चार कोच लगाए जा रहे थे। लेकिन अब रेलवे के इस फैसले से जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को एक बड़ी राहत मिलेगी और भीड़ पर थोड़ा अंकुश लगाया जा सकेगा।*

### भोपाल मंडल ने तैयारी की शुरू

*भोपाल मंडल तैयारी में जुट गया है। इसके चलते मंडल की ओर से ऐसी ट्रेनों की लिस्ट बनाई जा रही है। जिनमें सबसे अधिक जनरल कोच लगाए जाने की जरूरत है। रेलवे सूत्रों के अनुसार भोपाल एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, रेवांचल एक्सप्रेस सहित करीब आधा दर्जन ट्रेनों में पहले चरण में चार जनरल कोच लगाए जा सकते है। इसमें जहां एक पुराने सामान्य कोच में 90 सीट होती है। तो वहीं एलएचबी कोच में 100 बर्थ होती है। ऐसे में 360 से लेकर 400 यात्रियों आसानी से सीट मिल सकेगी।*

## पूर्व पार्षद ने एसडीएम से की शिकायत

# परमिशन निरस्त... फिर भी वार्ड कार्यालय के पास अवैध कॉम्प्लेक्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के वार्ड 10 कार्यालय के पास हो रहे निर्माण की शिकायत एसीएस संजय दुबे सहित मुख्य सचिव अनुराग जैन से की जा रही है। इधर, निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा दो नोटिस जारी कर चुकी है। फिर भी निर्माण जारी है। बताया जाता है कि इस भूखंड पर जारी हुई बिल्डिंग परमिशन को निगम निरस्त करते हुए धारा 307 का नोटिस थमा चुका है।

दरअसल ईदगाह हिल्स स्थित नगर निगम के वार्ड 10 के कार्यालय के पास 5 हजार वर्गफीट के भूखंड पर बीते दिनों से निर्माण जारी है। निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने इस निर्माण को लेकर 29 सितंबर को एक नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में डीम्ड बिल्डिंग परमिशन को निरस्त कर दिया गया। साथ ही कहा गया कि प्लाट नंबर 20 जो खसरा नंबर 94 का अंश भाग बताया गया।

इस परमिशन और निर्माण के सर्वे में सामने आया कि प्लाट नंबर 20 पर अलग-अलग परमिशन मिलीं, जो प्लाट नंबर 20 ए, 20 बी, 20 सी की निकलीं। नोटिस में निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने 7 दिन में निर्माण हटाने को कहा। इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद महेश मकवाना ने एसडीएम और निगम प्रशासन से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि जिस जगह निर्माण हो रहा है, उसको लेकर विवाद है, क्योंकि पूरा इलाका शासकीय है। ऐसे में यहां अवैध रूप से बिल्डिंग परमिशन जारी होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

# सीएम हेल्पलाइन पर फर्जी शिकायत करने वाले 29 लोगों की शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन पर फर्जी शिकायत करने वाले 29 शिकायतकर्ताओं को जनपद सीईओ ने चिह्नित किया है, जिसकी सूची बनाकर कलेक्टर के पास भेजी गई है।

अब इन लोगों की शिकायत का सत्यापन कराया जाएगा और यदि शिकायत गलत पाई गई तो आगे कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि यह योजन इसलिए शुरू की गई थी, ताकि आम लोगों को शासन की उस योजना का लाभ मिल सके, जिससे वह वंचित हैं। यदि अधिकारी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं कर पा रहे हैं तो वह हितग्राही अपनी समस्याओं की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर कर सकता है। यह योजना सार्थक हुई लोगों को न्याय मिलना शुरू हो गया, लेकिन लोग इसका गलत इस्तेमाल करने लगे।

# आउटसोर्स कर्मी की मृत्यु पर परिजन को मिला ईएसआईसी और पीएफ का लाभ

**भोपाल।** ऊर्जा विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों को भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा जैसी योजनाओं से सुरक्षा दी जा रही है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (मप्र ट्रांसको) ने एक दिवंगत आउटसोर्स कर्मी के परिवार को राहत पहुंचाने की पहल की। उज्जैन में 220 केवी उपकेन्द्र पर ड्यूटी के दौरान सुरक्षा कर्मी शेखर राठौर को हृदयाघात से मौत हो गई थी। वे मेसर्स डेक्कन सिक्योरिटी सर्विसेस, इंदौर के माध्यम से पदस्थ थे। मप्र ट्रांसको की पहल से उनकी पत्नी पूजा राठौर को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत प्रतिदिन 173.16 रुपए की दर से आश्रित हितलाभ प्रदान किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से 3,05,283 रुपए की बीमा राशि भी परिजनों के खाते में जमा की गई है।






भोपाल
रविवार, 5 अक्टूबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 12, अंक : 186
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बैतूल आईटीआई की छात्रा त्रिशा सेंट्रल जोन में टॉपर

## राष्ट्रीय मेरिट में प्रदेश की एकमात्र छात्रा, पीएम के हाथों सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल की शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई की छात्रा त्रिशा तावड़े ने सेंट्रल जोन इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने 1200 में से 1187 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय मेरिट सूची में नाम दर्ज करने वाली त्रिशा प्रदेश की एकमात्र छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 अक्टूबर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम सेतु योजना सहित अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों का भी शुभारंभ हुआ। समारोह में केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके भी उपस्थित रहे। त्रिशा ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ 1200 में से 1187 अंक हासिल किए

पीएम मोदी ने राहुल और राजद पर साधा निशाना

# 'जननायक पद' की चोरी हो रही, बिहार वाले सावधान!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम सेतु योजना की लांचिंग और आईटीआई दीक्षांत समारोह के मौके पर आयोजित युवा संवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन से राहुल गांधी और बिहार की लालू-राबड़ी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के जननायक पद की चोरी की कवायद की जा रही है। बिहार के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

» पिछले दिनों वोटर अधिकार यात्रा के समय कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को तो पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को जननायक बताया था



### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के नाम पर विवि


पिछले दिनों वोटर अधिकार यात्रा से समय कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को तो पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को जननायक बताया था। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर राहुल गांधी को जननायक बताकर पोस्ट किया गया था। युवा संवाद को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को नई स्किल यूनिवर्सिटी मिली है। नीतीश सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है। मैं बिहार के लोगों को कहूंगा चौकन्ने रहिए। यह जननायक पद कर्पूरी ठाकुर से ही शोभाएमान है। बिहार की जनता ने उनकी कृति को देखते हुए यह सम्मान दिया। आजकल कुछ लोग जननायक की भी चोरी करने में लग गए हैं। इसलिए बिहार के लोगों से जागृत रहने का आग्रह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राजद ने बिहार नाम के पेड़ की जड़ों में कीड़ा लगा दिया था

पीएम ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा और शिक्षा विस्तार के लिए लगा दिया। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी आगे बढ़े। उनके नाम पर बनने वाले इसके लिए यूनिवर्सिटी इस सपने को आगे बढ़ने का माध्यम है। बिहार के हजारों युवा हमारे साथ जुड़े हैं। दो-ढाई दशक पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था कैसी थी, इसका अंदाजा उन्हें नहीं होगा। एक भी ढंग के संस्थान नहीं थे। ईमानदारी से स्कूल नहीं खुलते थे। कोई भर्ती नहीं होती थी। मजबूरी में लाखों बच्चों को बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों में पढ़ने जाना पड़ता था। असली पलायन यहीं से शुरू होता था। पीएम ने कहा कि जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता है उसे फिर से जीवित करना बहुत बड़ा पराक्रम होता है। राजद के कुशासन में बिहार की हालत उसी पेड़ की तरह हो गई थी। सौभाग्य से बिहार के लोगों ने नीतीश कुमार को मौका दिया और एनडीए की पूरी टीम मिलकर बेपटरी बिहार को फिर पटरी पर ले आया। आज यहां इस कार्यक्रम में भी इसकी झलक दिख रही है।

## खबर संक्षेप

### मंच टूटा, एक महिला की मौत 15 हुए घायल



**जबलपुर**। शहर के उपनगरीय क्षेत्र गढा के दशहरा चल समारोह के दौरान अप्रिय दुर्घटना हो गई। समारोह के स्वागत के लिए बनाए गए एक मंच का टेंट टूट गया, जिसकी चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। शुक्रवार को रात को क्षेत्र में स्थापित की गई देवी प्रतिमाओं के विसर्जन से पूर्व चल समारोह निकला। इस दौरान चल समारोह के स्वागत के लिए सड़क पर जगह-जगह मंच बनाए गए थे और टेंट लगाए गए थे।

### प्रेमानंद महाराज की तबीयत बिगड़ी



**मथुरा**। संत प्रेमानंद की यात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। यात्रा उनके स्वास्थ्य को देखकर रद्द की गई है। पिछले दो दिनों से वह पदयात्रा में नहीं आ रहे थे, लेकिन उनकी झलक पाने की चाह लिए श्रद्धालु सड़क पर ही खड़े रहते थे। श्री राधे हितकेलि कुंज आश्रम की ओर से सोशल मीडिया एकाउंट के जरिए लोगों को संदेश दिया गया है कि संत महाराज का स्वास्थ्य अभी ठीक नहीं है।

### कोचिंग सेंटर में भीषण धमाका, दो की मौत



**फर्रुखाबाद**। शहर के सेंट्रल जेल चौराहे के पास संचालित सन लाइब्रेरी सेल्फ स्टडी प्वॉइंट कोचिंग के बाहर गेट पर शनिवार दोपहर तीन बजे जोरदार विस्फोट हो गया। भीषण विस्फोट के दौरान कोचिंग में पढ़ रहे नौ छात्र-छात्राएं घायल हो गए। वहीं दो छात्रों आकाश सक्सेना व आकाश कश्यप की मौत हो गई। इस हादसे की जगह उठ रही बारूद की दुर्गंध अवैध पटाखा भंडारण की ओर इशारा कर रही है।

विदा होने का नाम नहीं ले रहा 'मानसून', पिछले साल 5 अक्टूबर को चला गया था

# मानसून तुम कब जाओगे?



इतनी बारिश के बाद अब लोगों के मन में यही सवाल

*मानसून लगातार कभी भी कहीं भी सक्रिय हो जाता है और अचानक बारिश से सबको चकित कर जाता है। दीवाली से काफी पहले तक चले जाने वाले मानसून की विदाई अभी तक संभव नहीं हो पाई है। साफ है कि अब बारिश का पैटर्न बहुत बदल गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में अभी बादल, बारिश का दौर जारी है। यह क्रम 7 अक्टूबर तक ऐसे ही चलेगा। इसके दो से तीन दिन बाद बारिश थमते ही 10 अक्टूबर से पहले दक्षिण पश्चिमी मानसून भोपाल से विदाई लेगा। लेकिन प्रदेश के कुछ हिस्सों में यह दो-तीन दिन और ठहरेगा। प्रदेशभर से मानसून की विदाई पिछले साल की तारीख यानि 14 अक्टूबर के आसपास होने की प्रवल संभावना है।

प्रदेश के जिन जिलों से मानसून विदा ले चुका है, वहां हल्की गुलाबी सर्दी जल्द शुरू जाएगी। भोपाल में भी 15 अक्टूबर के बाद हल्की गुलाबी सर्दी शुरू होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश और आसपास अभी दो-तीन सिस्टम होने से 7 अक्टूबर तक बारिश का यह दौर चलेगा। लेकिन 10 अक्टूबर से पहले राजधानी से ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इस बार अनुमान**
**10 को भोपाल व 14 को प्रदेश से मानसून की विदाई**

» *दीपावली तक शुरू होगी हल्की गुलाबी सर्दी*

» *अभी ट्रफ और आसपास सिस्टम से 7 अक्टूबर तक ऐसा रहेगा मौसम*

### अक्टूबर में मानसून विदाई का ट्रेंड

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पिछले तीन साल से प्रदेश से अक्टूबर में मानसून की विदाई का ट्रेंड है। अरब सागर में शुक्रवार-शनिवार से जो तूफान शक्ति सक्रिय है, यह दरअसल बंगाल की खाड़ी से होकर अरब सागर की ओर बढ़ा है। दो दिन पहले यह खाड़ी में डीप डिप्रेशन के रूप था। इसके बाद आगे बढ़कर तूफान में बदल गया है। यह अभी लगातार आगे बढ़ रहा है, जो अगले दो दिन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज यहां मध्यम बारिश का अलर्ट

मौसम केंद्र के अनुसार रविवार से सोमवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महाकाल दर्शन को आए 6 श्रद्धालु शिप्रा नदी में बहे, टीम ने बचाई जान



**उज्जैन**। उज्जैन, देवास और इंदौर में हुई तेज बारिश के बाद शनिवार को शिप्रा नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया। उज्जैन का रामघाट पूरी तरह जलमग्न हो गया और नदी का बहाव तेज हो गया। इसी दौरान यूपी से महाकाल दर्शन आए 6 श्रद्धालु स्नान के दौरान बहाव में फंस गए। मौके पर मौजूद एसडीआरएफ, होमगार्ड और मां शिप्रा तैराक दल के सदस्यों ने तुरंत रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना शनिवार सुबह की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। शनिवार सुबह उत्तर प्रदेश से आए 6 श्रद्धालु महाकाल के दर्शन से पहले रामघाट पर स्नान कर रहे थे। इस दौरान शिप्रा नदी का पानी तेज बहाव में था। गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण सभी श्रद्धालु अचानक नदी के अंदर चले ▶▶ शेष पेज 4 पर



बड़ा सवाल कि इन्हें किसने फेंका?

## छतरपुर के तालाब में पोटली में मिले 'सैकड़ों' वोटर कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के बिजावर नगर में शनिवार सुबह राजा तालाब की सफाई के दौरान सैकड़ों असली मतदाता परिचय पत्र पानी में मिले हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी मतदाता परिचय पत्र वार्ड नंबर 15 के हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। सफाईकर्मी जब राजा तालाब की सफाई कर रहे थे, तभी पानी में एक बैग तैरता हुआ दिखाई दिया। बैग को बाहर निकाला गया तो उसमें सैकड़ों ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए।

» *ये सभी मतदाता परिचय पत्र वार्ड नंबर 15 के*

**कांग्रेस बोली**

### यह राहुल गांधी की मुहिम को सही ठहराने वाली घटना

कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष एवं संभागीय प्रवक्ता दीप्ति पांडे ने कहा कि बिजावर की यह तस्वीर राहुल गांधी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' मुहिम को साफ तौर पर दर्शा रही है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### करीब 500 वोटर आईडी कार्ड मिले

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नगर परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों को दी। प्रत्यक्षदर्शी हीरालाल साहू ने बताया कि बैग में करीब 400 से 500 वोटर आईडी कार्ड थे, जिनमें मेरे बेटे का कार्ड भी शामिल है। वहीं मतदाता रितेश अग्निहोत्री ने कहा, ये सभी कार्ड वार्ड नंबर 15 के हैं और पूरी तरह असली हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ये ▶▶ शेष पेज 4 पर

डॉ. भागवत ने मां शारदा के दर्शन किए

## संघ प्रमुख उतैली में प्रांत स्तरीय विस्तारक वर्ग को संबोधित करेंगे

*दो दिवसीय दौरे पर आए हैं सरसंघचालक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत दो दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आए हैं।

शनिवार को उन्होंने मैहर जिले में स्थित मां शारदा धाम में मातारानी के दर्शन किए। वे सतना के उतैली में संघ के प्रांत स्तरीय विस्तारक वर्ग को संबोधित करेंगे। वे यहां विजय ग्राउंड में सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वे नागपुर रवाना होंगे। उनके आगमन को लेकर मैहर और सतना को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

भांग से शिवलिंग क्षरण का लगा आरोप

## भांग श्रृंगार मामले में कोर्ट जाएंगे महाकाल मंदिर के सभी पुजारी

*महेश पुजारी का दावा-शास्त्रों में भगवान पर भांग चढ़ाने और लेपन करने का प्रमाण उपलब्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



महाकालेश्वर मंदिर में भांग श्रृंगार को लेकर सवाल उठाने पर महाकाल मंदिर पुजारी समिति ने कोर्ट जाने की बात कही है। मंदिर के महेश पुजारी ने सभी पुजारी-पुरोहितों की तरफ से पूर्व कमिश्नर डॉ. मोहन गुप्त को पत्र लिखा है। जिसमें उन पर मंदिर के पुजारी-पुरोहित की छवि बिगाड़ने का आरोप लगाया है। पत्र में कहा है कि आपने भांग चढ़ाने और श्रृंगार करने को शास्त्र विरोधी बताया है लेकिन शास्त्रों में भगवान पर भांग चढ़ाने और लेपन करने का प्रमाण उपलब्ध है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम का ऐलान

## अब वनडे की भी कमान संभालेंगे 'प्रिंस' शुभमन गिल, रोहित की जगह बने कप्तान

» *श्रेयस अय्यर वनडे में टीम के उपकप्तान होंगे, विराट भी टीम में*

» *भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल को भारतीय वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि श्रेयस अय्यर वनडे में



टीम के उपकप्तान होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

### विराट की वापसी श्रेयस का प्रमोशन

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जो टीम चुनी गई है उसमें विराट कोहली को भी शामिल किया गया है। कोहली मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार भारत के लिए खेलते दिखेंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर का प्रमोशन हुआ है और उन्हें वनडे टीम का उपकप्तान बनाया गया है। श्रेयस वनडे टीम के अहम खिलाड़ी हैं और अब वह लीडरशीप की भूमिका में भी नजर आएंगे।

**दी चुनौती- मैं गलत हूं तो मानहानि का दावा कर दें**

पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता वर्मा का विवादित बयान

## कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय को कह दिया राजनीति का 'रावण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर





पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता सज्जनसिंह वर्मा ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर निशाना साधा है। उन्होंने विजयवर्गीय को राजनीति का रावण बताया। वर्मा ने उन पर करोड़ों के घोटाले का आरोप भी लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें कभी भी मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है। वर्मा पहले भी कैलाश विजयवर्गीय पर कई विवादित टिप्पणियां कर चुके हैं। वर्मा के इस बयान पर अभी तक विजयवर्गीय या भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वर्मा ने कहा कि ईडी के छापों ने पोल खोल दी है। अभी और नाम सामने आएंगे। वर्मा ने कहा कि इस मुद्दे को मैंने पहले ही उठाया था, अब सुप्रीम कोर्ट में इसकी सुनवाई चल रही है। मैं गलत हूं तो मानहानि का दावा कर दें।

**वर्मा पहले भी कैलाश विजयवर्गीय पर कई विवादित टिप्पणियां कर चुके हैं**

मौत की जांच के लिए बनी एसआईटी के सामने सिंगर के बैंडमेट शेखर ज्योति गोस्वामी ने किया खुलासा

## असमिया गायक जुबीन गर्ग को जहर दिया गया था, आखिरी पलों में वे हांफ रहे थे, मुंह और नाक से झाग निकल रहा था

साजिश को छिपाने के लिए जानबूझकर एक विदेशी जगह को चुना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों असमिया सिंगर जुबीन गर्ग की मौत को लेकर जांच चल रही है। इस दौरान सिंगर के एक बैंडमेट शेखर ज्योति गोस्वामी ने नया खुलासा किया है। गोस्वामी ने एसआईटी को बताया है कि जुबीन गर्ग को जहर दिया गया।

गोस्वामी ने अपने बयान में जुबीन गर्ग के शो के आयोजक श्यामकानु महंत और मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा ने जहर दिया। साथ ही इस साजिश को छिपाने के लिए जानबूझकर एक विदेशी जगह को चुना। गोस्वामी ने यह भी बताया कि मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा ने उन्हें यॉट के वीडियो शेयर करने से मना किया था। साथ ही सिंगर के बैंडमेट शेखर ने यह आरोप भी लगाया कि मैनेजर ने खुद शराब अरेंज करने पर जोर दिया था। आयोजकों को इसके लिए मना कर दिया। इस बात से ही शक बढ़ जाता है। शेखर ने कहा कि आखिरी पलों में जुबीन गर्ग हांफ रहे थे, मुंह और नाक से झाग निकल रहा था। लेकिन मैनेजर ने इन बातों को एसिड रिफ्लक्स बताकर खारिज कर दिया। वह कहते सुनाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आयोजक श्यामकानु महंत और मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा ने रची साजिश**



**मैनेजर ने जुबीन की हालत पर कहा कि ऐसा एसिड रिफ्लेक्स से हुआ**

### किस तरह हुई जुबीन गर्ग की मौत

सिंगर जुबीन गर्ग का निधन 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग दुर्घटना में हुआ। सिंगर जुबीन, पूर्वोत्तर भारत महोत्सव के लिए सिंगापुर में थे। जुबीन गर्ग की मौत से उनके फैंस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जुबीन की पत्नी को सौंपी गई दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

असम पुलिस ने शनिवार को सिंगापुर से आई जुबीन गर्ग की दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट उनकी पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग को सौंप दी। एसआईटी का एक अधिकारी यह रिपोर्ट सौंपने के लिए गुवाहाटी के काहिलीपारा इलाके में गरिमा के घर गया था। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी कहा था कि राज्य सरकार ने सिंगापुर में हुए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट गुरुवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में स्वयंसेवक करते हैं अनुशासन, समय की पाबंदी तथा राष्ट्रभक्ति का अभ्यास

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 40 से अधिक अनुशांगिक संगठनों में 'मातृशक्ति' निभा रहीं भागीदारी



उमा शर्मा
पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख, महिला इकाई, लघु उद्योग भारती

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के पावन दिन 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और समाज संगठन के कार्य में समर्पित कर दिया। इस पावन विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण है।

संघ की स्थापना का उद्देश्य भारत वर्ष में हिन्दू समाज को संगठित करना था। इसके लिए प्रतिदिन एक घंटे की शाखा की परंपरा शुरू हुई। शाखा में जाने वाले व्यक्ति को स्वयंसेवक कहा जाता है। स्वयंसेवक का अर्थ है वह व्यक्ति, जो अपनी स्वेच्छा और प्रेरणा से शाखा में जाकर अनुशासन, समय की पाबंदी तथा राष्ट्रभक्ति का अभ्यास करता है और तन, मन, धन को भारत माता और राष्ट्र के लिए समर्पित करने की भावना रखता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संगठन मुख्यतः पुरुषों के लिए है, लेकिन यह भी सत्य है कि स्वयंसेवक के परिवार में महिलाएं और बच्चे अप्रत्यक्ष रूप से सदैव संघ कार्य में सहयोग करते आए हैं। स्वयंसेवक का परिवार ही संघ कार्य संचालन का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। प्रत्यक्ष रूप से महिला कार्य को संगठित और सशक्त बनाने के लिए राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की गई। इसके अतिरिक्त संघ के 40 से अधिक अनुशांगिक संगठनों में मातृशक्ति प्रत्यक्ष रूप से सक्रिय भागीदारी निभा रही है। आज महिला शक्ति राष्ट्र निर्माण के विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। जिसमें महिला सशक्तिकरण और संस्कार निर्माण, शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण, धर्म-संस्कृति और शिक्षा का क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, उद्योग और स्वावलंबन, भाषा और साहित्य का संरक्षण शामिल हैं। इस तरह अन्य कई क्षेत्रों में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी ने संगठन और समाज दोनों को नई दिशा और मजबूती प्रदान की है। राष्ट्र को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने के संघ के उद्देश्यों को हम सभी मिलकर पूर्ण कर सकें, इसी शुभकामनाओं के साथ मेरी ओर से सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई।




## बजट को लेकर 8 से लेकर 17 अक्टूबर तक लगातार होगी बैठक

# मध्य प्रदेश रोलिंग बजट तैयार करने में एसीएस, पीएस, सचिव के सामने पेश की अधूरी और गलत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 से रोलिंग बजट पेश करने वाली है। इस बजट को लेकर पहली हाईलेवल की बैठक हो चुकी है। इस बैठक में बजट के संबंध में कुछ खास तैयारी नहीं होने की जानकारी मिली।

इस पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने नाराजगी जताई। वित्त विभाग के एक आदेश पर हुई इस बैठक में अधिकारी भी बगैर तैयारी पहुंचे थे, जो जानकारी दी, वह भी गलत थी। इस जानकारी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, वित्त विभाग ने बाकायदा आदेश जारी करते हुए कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सेक्रेटरी स्तर पर बैठक हो चुकी है। इसमें विभागों से महत्वपूर्ण जानकारी मांगी गई, किंतु अधिकारियों ने अधूरी जानकारी दी है। इसके साथ ही गलत रिपोर्ट भी बैठक में दी गई है।

### मुख्य सचिव अनुराग ने नाराजगी जताई

*बजट चर्चा के दौरान पता चला कि कुछ विभागों ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं से संबंधित वांछित जानकारी प्रस्तुत नहीं की, जबकि कुछ विभागों ने अपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई, जबकि शून्य आधारित बजट प्रक्रिया एवं रोलिंग बजट तैयार किए जाने के लिए योजना से संबंधित सभी जानकारियां, विभाग की आगामी कार्य योजना एवं स्वीकृत पदों की पूर्ति से संबंधित योजना, विवरण आदि अति आवश्यक हैं। अब विभागीय अधिकारियों के साथ द्वितीय चरण की बजट चर्चाएं की जा रही है। वित्त विभाग में आदेश जारी करते हुए कहा कि 15 दिन तक लगातार बैठक चलेगी। 8 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक लगातार बैठक होगी। इस बैठक में रोलिंग बजट के संबंध में चर्चा होगी। इसके साथ ही विभागों के खर्च और आय के संबंध में भी रिव्यू किया जाएगा।*

## एमपी और गुजरात के अफसरों की हाईलेवल मीटिंग में सरदार सरोवर प्रोजेक्ट पर हुआ विचार-विमर्श

# मध्यप्रदेश को उत्पन्न बिजली में 57 प्रतिशत की मिलेगी हिस्सेदारी

*पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को लेकर बनी दो राज्यों के मुख्य सचिवों के बीच सहमति*

**डूब क्षेत्र में आने वाली शासकीय राजस्व, आबादी एवं वन भूमि की प्रतिपूर्ति राशि को लेकर सिद्धांत तय किए गए**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश और गुजरात राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें सरदार सरोवर प्रोजेक्ट संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य सरदार सरोवर प्रोजेक्ट से संबंधित मुद्दों का आपसी समन्वय से निराकरण करना था। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा गुजरात के मुख्य सचिव पंकज जोशी ने की।

बैठक में नर्मदा घाटी विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, सचिव जॉन किंग्सली, सीएमडी, एसएसएनएनएल मुकेश पुरी तथा दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दोनों राज्यों के बीच सरदार सरोवर प्रोजेक्ट में गुजरात के गरुड़ेश्वर वियर के माध्यम से पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को लेकर सहमति बनी। मध्यप्रदेश सरकार इसमें सशर्त सम्मिलित होगी, इससे मध्यप्रदेश सरकार को उत्पन्न बिजली में 57% की भागीदारी मिलेगी। साथ ही सरदार सरोवर के डूब क्षेत्र में आने वाली शासकीय राजस्व, आबादी एवं वन भूमि की प्रतिपूर्ति राशि को लेकर सिद्धांत तय किए गए। बैठक में दोनों राज्यों की लेनदारी एवं देनदारी के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा में यह तय किया गया कि दोनों राज्यों की वित्तीय टीम आपस में विचार कर अगले कुछ दिनों में वित्तीय समायोजन पर निराकरण करेगी।

## किसानों से 1544 करोड़ नहीं वसूल पाए अफसर ईएनसी ने जताई नाराजगी और मांगी रिपोर्ट

जलसंसाधन विभाग के मैदानी अफसर किसानों से 1544 करोड़ रुपए की वसूली नहीं कर पा रहे हैं। कुल 1738 करोड़ 43 लाख रुपए की वसूली की जाना है, उसमें से अभी तक केवल 194 करोड़ 33 लाख रुपए की वसूली हो पाई है। पिछले दिनों विभाग के रेवेन्यू की समीक्षा करते हुए एसीएस डा. राजेश राजौरा ने फटकार भी लगाई थी। जिसका असर है कि अब ईएनसी ने नाराजगी जताते हुए अफसरों से रिपोर्ट मांगी है।

जलसंसाधन विभाग को अपने पंद्रह कार्यालयों के अंतर्गत एक अप्रैल 2025 तक की स्थिति में बकाया ब्याज और अन्य राशि सहित 1215 करोड़ 76 लाख 44 हजार रुपए की वसूली करना बाकी थी। वहीं इस वर्ष के 522 करोड़ 66 लाख रुपए की वसूली और बाकी हो गई। इस तरह से कुल 1738 करोड़ 43 लाख रुपए की वसूली बाकी है। जलसंसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा ने बकाया वसूली नहीं हो पाने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने चंबल बेतवा, गंगा एवं बाणसागर परियोजना, नर्तदा ताप्ती कछार, यमुना कछार, जलसंसाधन विभाग नर्मदापुरम, राजघाट नहर परियोजना दतिया, धसान केन कछार, वेन गंगा कछार, जलसंसाधन विभाग उज्जैन, मुख्य अभियंता बोधि के मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर बकाया वसूली में तेजी लाने को कहा है।

### हर माह की दस तारीख तक रिपोर्ट देने का निर्देश

*सभी मुख्य अभियंताओं को कहा गया है कि हर माह दस तारीख तक राजस्व वसूली के आंकड़े उनके कार्यालय को संभागवार, लक्ष्य और प्रयोजनवार उपलब्ध कराएं, ताकि कछारवार की जाने वाली प्रगति का मूल्यांकन हो सके। मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल को प्रदाय जल की जलदर प्राप्ति के अवशेष और अनुबंध की जानकारी भी दें। उद्योगों, निजी पावर प्लांट और एनटीपीसी राजस्व वसूली की जानकारी अलग-अलग भेजें, उद्योगों और नगरीय निकायों को दिए जा रहे जल के स्रोत अनुबंध की स्थिति और जलप्रदाय की स्थिति की जानकारी भी भेजें।*

### गंगा कछार रीवा पर सर्वाधिक बकाया

*गंगा कछार रीवा पर 501 करोड़ 41 लाख, जलसंसाधन विभाग नर्मदापुरम पर 306 करोड़ 68 लाख, यमुना कछार ग्वालियर, राज नहर सिंध परियोजना दतिया, बेनगंगा कछार सिवनी पर भी करोड़ों रुपए की वसूली की जाना बाकी है। अधिकांश अधिकारी राजस्व वसूली की जानकारी निर्धारित फार्मेट में समय सीमा में भेजने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, इस पर ध्यान देकर वसूली बढ़ाएं और समय पर जानकारी दें। इसके अलावा अधिकारियों को समय समय पर वसूली के अपडेट देने को भी कहा गया है।*

## अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं प्रोफेसर

# हिंदी विवि: सेवानिवृत्ति के पहले परीक्षा विभाग में अटके प्रो. राजीव वर्मा के अनापत्ति प्रमाण पत्र, रुक सकती हैं कई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय एक बार फिर से चर्चाओं में आ गया है। विवि में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत प्रो. राजीव वर्मा की सेवानिवृत्ति अक्टूबर 2025 में होने जा रही है। सेवानिवृत्ति की औपचारिकता के तहत विश्वविद्यालय के हर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया जाना अनिवार्य है। ऐसे में प्रो. वर्मा को विवि के सभी विभागों से यह प्रमाण पत्र मिल चुका है, लेकिन परीक्षा विभाग से अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अब प्रो वर्मा को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन सहित अन्य कई सुविधाओं के लाभ भी अटक सकते हैं।

### क्यों नहीं मिला एनओसी

*सूत्रों के अनुसार विवि के परीक्षा विभाग द्वारा एनओसी नहीं मिलने के पीछे का तर्क है कि विवि में 13 सहायक प्रध्यापकों की पर्यवीक्षा अवधि समाप्त नहीं की गई और प्रो. वर्मा के रहते यह कार्य पूरा नहीं किया गया। इस आधार पर उनके अनापत्ति प्रमाण पत्र को रोककर रखा गया है। इस मामले में प्रो. वर्मा का कहना है कि उन्होंने ऐसे किसी कार्य में प्रत्यक्ष भूमिका नहीं निभाई, उनके अधीन विद्यार्थी पंजीकृत नहीं थे, पढ़ाई या कक्षाओं की कोई व्यवस्था नहीं थी, डेली डायरी या नियमित अध्यापन का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। उनके समय में यह कार्य नहीं किया गया था। इस लिए परीक्षा विभाग द्वारा उन पर लंबित कार्य की जिम्मेदारी डालना अनुचित है।*

### इन विभागों से मिली स्वीकृति

विवि के कुलसचिव कार्यालय, कुलगुरू कार्यालय, लेखा शाखा, भंडार शाखा और पुस्तकालय सहित सभी प्रमुख विभागों से 12 से 25 सितंबर 2025 के बीच अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रो. वर्मा को मिल चुका है। अब केवल परीक्षा, गोपनीय शाखा से यह अंतिम स्वीकृति लंबित है।

### औपचारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं

बताया गया है कि इस पूरे प्रकरण में विवि प्रशासन ने अब तक कोई औपचारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष नक्कासे का कहना है कि कुछ प्रक्रियाएं अधूरी हैं, जिनके पूरा होने के बाद ही प्रमाण पत्र जारी होगा। सेवानिवृत्ति पर संकट प्रो. वर्मा के अनुसार आगामी 21 अक्टूबर 2025 में को उनकी सेवानिवृत्ति होना है। यदि उन्हें समय पर सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलता, तो उनकी पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति संबंधी लाभ प्रभावित हो सकते हैं।

## मंत्री पटेल के निवास पहुंचे हेमंत और हितानंद, श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की माता यशोदा पटेल के देवलोकगमन उपरांत नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव स्थित उनके निवास पहुंचकर दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

## दिग्विजय के बयान पर भड़के रामेश्वर, कहा-कराची में डालिए डेरा

**भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। शर्मा ने कहा कि जब दिग्विजय सिंह को भारत माता की जय बोलने वालों की संख्या ज्यादा दिखती है, तो उनके पेट में मरोड़ उठने लगती है। मैं हाथ जोड़कर दिग्विजय सिंह से प्रार्थना करता हूं अगर आपको पाकिस्तान से इतना प्रेम है तो कृपया कर भारत के हिंदुओं को सताना बंद कीजिए। एक बार अपना बोरिया-बिस्तर बांधिए और लाहौर या कराची में जाकर अपना डेरा डाल दीजिए। वहां मजारों पर जाइए, गाइए, मुसलमानों के हित की बातें कीजिए, उनके समर्थन में बोलते रहिए पर हिंदुस्तान के हिंदुओं को क्यों परेशान कर रहे हैं। क्यों हिंदुओं के बारे में छोटी-छोटी टिप्पणी करते हैं।

## राज्य स्तरीय छानबीन समिति से होंगे बाहर

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र के चक्रव्यूह से बाहर आएंगे एआईजी मीणा, डीपीसी से बन सकते हैं आईपीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एआईजी अमृत लाल मीणा नौ साल बाद फर्जी जाति प्रमाणपत्र के चक्रव्यूह से बाहर आ सकते हैं।

फर्जी जाति प्रमाणपत्र की जांच कर रही राज्य स्तरीय छानबीन समिति अब उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के एक आदेश का हवाला देते हुए उन्हें इस मामले से बाहर करने की तैयारी में है। भले ही उनका जाति प्रमाणपत्र फर्जी है, लेकिन इसके आधार पर वे लंबे समय से शासकीय सेवा करते आ रहे हैं, इसलिए जीएडी के आदेश के तहत उन्हें संरक्षण का लाभ दिया जाएगा और उन पर जाति प्रमाणपत्र बनवाने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी मीणा वर्ष 1995-96 में हुई एमपीपीएससी की परीक्षा में डीएसपी के लिए चयनित हुए थे। परीक्षा में उन्होंने स्वयं को अनुसूचित जनजाति का होना बताया था। मीणा ने विदिशा की लटेरी तहसील से एसटी का प्रमाणपत्र बनवाया था। मीणा जाति ओबीसी के अंतर्गत आती है। 2003 से पहले मीणा जाति को सिरोंज में एसटी का दर्जा प्राप्त था। इसके चलते उन्होंने प्रमाणपत्र बनवा लिया था। शिकायत के बाद छानबीन समिति ने पड़ताल की और मीणा के जाति प्रमाणपत्र को फर्जी पाया। मीणा के खिलाफ वर्ष 2023 में केस दर्ज हुआ था।

### साल 2016 के नियम से मिलेगा फायदा

सामान्य प्रशासन विभाग ने सितंबर 2016 में एक आदेश जारी किया था। जिसके तहत भारत सरकार की अधिसूचना 8 जनवरी 2003 के पूर्व तक विदिशा जिले के सिरोंज उपखंड में मीना जाति के जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ प्राप्त कर शासकीय सेवा में प्रवेश पा चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जनजाति का नहीं माना जाएगा। उनकी सेवा प्रभावित नहीं होगी, किन्तु भविष्य में उन्हें अनुसूचित जनजाति का नहीं माना जाएगा और इस तिथि के बाद उन्हें आरक्षण का लाभ भी नहीं दिया जाएगा।

## मप्र में वन्य जीव संरक्षण के लिए नवाचार और प्रयास निरंतर जारी: डॉ. मोहन

# सीएम डॉ. यादव ने किया असम के वन्य जीव कन्वेंशन सेंटर का भ्रमण, प्रजाति संरक्षण प्रयासों की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को असम राज्य के कोहोरा स्थित वन्य जीव कन्वेंशन सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने सेंटर में वन्य जीवों के संधारण एवं प्रजाति संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वन्य जीव हमारी धरोहर हैं। ये धरती की खुशहाली का प्रतीक हैं।

मध्यप्रदेश में भी वन्य जीव संरक्षण के लिए अनेक नवाचार और प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस कन्वेंशन सेंटर कम म्यूजियम की पहचान न केवल वन्य जीव संरक्षण कार्यों से, बल्कि अवैध शिकार और वन्यजीवों के अवैध व्यापार पर रोकथाम के लिए किए गए ठोस कदमों से भी जुड़ी है। यहां 22 सितंबर 2021 को विश्व गैंडा दिवस के अवसर पर यहां राज्यभर से बरामद 2,479 गैंडों के सींगों का औपचारिक दहन किया गया था। यह कदम असम की वन्यजीव संरक्षण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

**गैंडा प्रजाति के संरक्षण में प्रभावी कार्रवाई के लिए सशक्त आधार**




### सींग संरक्षित किए गए

*इन सींगों के विनाश से पहले नमूने सावधानीपूर्वक सुरक्षित किए गए थे, ताकि भविष्य के वैज्ञानिक अध्ययनों में उनका उपयोग किया जा सके। जुलाई 2025 में इन नमूनों की संख्या बढ़कर 2,573 हो गई, जिन्हें डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान भेजा गया था। इस सेंटर में हुई यह वैज्ञानिक पहल इसीलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जब्त किए गए सींगों की उत्पत्ति का पता लगाने, उनकी प्रामाणिकता की पुष्टि करने और वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध फोरेंसिक जांच को मजबूती देने में सहायक सिद्ध हो रही है। इससे गैंडा प्रजाति के संरक्षण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पूरी पारदर्शिता के साथ प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए सशक्त आधार (इथिकल बेसिस) भी मिल रहे हैं।*

## मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरुकता कार्यक्रम

# आपका राशन-आपका अधिकार का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित:गोविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की सुविधा, राशन सामग्री के प्रति जागरूक करने तथा राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम आपका राशन-आपका अधिकार शुरू किया गया है।

कार्यक्रम का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 5.28 करोड़ पात्र हितग्राहियों को उनकी राशन सामग्री की मासिक हकदारी के प्रति जागरूक करना है। अन्त्योदय परिवार को 35 किलो प्रति परिवार एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवार को 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न निःशुल्क के साथ 1 किलो नमक 1 रुपए प्रति किलो की दर से और अन्त्योदय परिवारों को 1 किलो शक्कर 20 रुपए प्रति किलो की दर से वितरण किया जा रहा है।

### पीओएस में राशन प्राप्ति की प्रविष्टि होगी

*खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सम्मिलित 130 लाख परिवारों के एक सदस्य का मोबाईल नंबर डाटाबेस में दर्ज है। इन परिवारों को प्रतिमाह विकासखण्ड स्तरीय 308 प्रदाय केंद्र से मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत 100 वाहनों से उचित मूल्य दुकानों को खाद्यान्न डिस्पेच होगा, उसी समय संबंधित उचित मूल्य दुकानों से पंजीबद्ध उपभोक्ताओं को राशन निकलने का सिस्टम जनरेटेड मेसेज रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय प्रदाय केंद्र से उचित मूल्य दुकान पर जैसे ही खाद्यान्न प्राप्त होगा एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन में राशन प्राप्ति की प्रविष्टि की जाएगी, उसी समय पंजीबद्ध पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकान पर राशन पहुंचने का सिस्टम जनरेटेड मेसेज मोबाइल नंबर पर जाएगा। उचित मूल्य दुकान पर लगाई गई पीओएस मशीन में पात्र परिवारों को बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद राशन का वितरण किया जाता है। पात्र परिवार की ओर से पीओएस से राशन प्राप्त होते ही उपभोक्ता को दिए गए राशन की मात्रा संबंधी सिस्टम जनरेटेड संदेश उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर पर जाएगा। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर इसका क्रियान्वयन ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं उचित मूल्य दुकान विक्रेता की ओर से किया जाएगा। जनपद स्तर पर निगरानी एसडीएम एवं एएसओ, जेएसओ से की जाएगी। जिला स्तर पर निगरानी कलेक्टर एवं डीएसओ, डीएसओ की जाएगी। राज्य स्तर पर संचालनालय खाद्य के कन्ट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी।*





पाली बोले, चेंबर के पदाधिकारी के रवैए के चलते इस्तीफा देने के लिए मजबूर

# सहयोग नहीं मिलने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने किया पाली के आरोपों का खंडन



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली के इस्तीफे की पेशकश के बाद सियासत गरमा गई है। शनिवार को इसे लेकर पदाधिकारी और सदस्यों की दो बार बैठकें हुईं, लेकिन इसमें इस्तीफा देने वाले अध्यक्ष पाली को नहीं बुलाया गया। ऐसे में नियम-कायदों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

नियम है कि इस्तीफे के बाद अध्यक्ष का पक्ष भी जानना चाहिए। वहीं, चुनावी घोषणा होने के बाद सिर्फ मनोनीत सदस्य ही इस्तीफा मंजूर कर सकते हैं। ऐसे में मौजूदा कार्यकारिणी को इस्तीफा मंजूर करने का अधिकार ही नहीं है। बता दें कि अध्यक्ष पाली ने शुक्रवार देर रात अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की थी। इस संबंध में उन्होंने महासचिव आदित्य जैन 'मान्या' को लेटर भी लिखा था। इसमें कहा कि 3 साल 9 महीने पहले मैंने पद ग्रहण किया था और तब से अभी तक पूर्ण रूप से अपना कार्य निभाया। आगामी चुनाव की तारीख 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच की घोषणा कर दी।

**नियम है कि इस्तीफे के बाद अध्यक्ष का पक्ष भी जानना चाहिए**

## इस्तीफे के बाद पदाधिकारियों व सदस्यों की दो बार हुई बैठक

## अध्यक्ष ने महासचिव को लेटर भी लिखा

### कल बैठक में होगा कार्यकारी अध्यक्ष पर निर्णय

शनिवार को तेजकुल पाल सिह पाली के इस्तीफे दिए जाने के सम्बन्ध में एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई। जिसमे अध्यक्ष पाली ने कार्यकारिणी पर जो आरोप लगाए हैं, उसका उपस्थित कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोजित सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से खंडन किया। सभी का कहना है कि सहयोग नही मिलता तो 3 साल का कार्यकाल एवं 9 माह का एक्सटेशन कैसे मिल गया। विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि सोमवार को बैठकर बात करेंगे। उनकी इस बात पर सभी की सहमति नही बनी एवं सभी सदस्यों ने निर्णय लेकर उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया एवं निर्णय लिया गया कि सोमवार को सम्पूर्ण कार्यकारिणी, पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्यों तथा सहयोजित सदस्य को सूचना देकर बैठक बुलाई जाएगी एवं सहमति के साथ कार्यकारी अध्यक्ष का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में तीनों उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्य एवं 1 सहयोजित सदस्य शामिल थे।

### क्या संस्था में राजनैतिक घुसपैठ?

भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ सदस्यों के अनुसार बैठक में अध्यक्ष ने भले ही इस्तीफा दे दिया है, लेकिन इस्तीफा क्यों दिया, इसका क्या कारण है इसकी जानकारी के लिए अध्यक्ष को बैठक में आमंत्रित करना अति आवश्यक था जो नहीं हुआ। मनोनीत सदस्यों को भी आमंत्रित नहीं किया गया, जिन्हें यह अधिकार प्राप्त है कि अध्यक्ष के इस्तीफे पर विचार करें। वरिष्ठों की माने तो भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स को विगत 3 वर्षों में जो सम्मान और बुलंद हासिल हुई है, इसका श्रेय चेंबर के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली को जाता है, लेकिन चेंबर ऑफ कॉमर्स के संपूर्ण कार्यकारिणी में कुछ विरोधी लोग जो दलगत नेताओं से जुड़े हुए हैं, इस व्यापारिक संस्था में भी राजनीतिक घुसपैठ को सरोकार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह व्यापारिक संस्था है ना कि राजनीतिक संस्था, जिसमें किसी राजनीतिक या दलगत नेता की घुसपैठ हो। कहा जा रहा है कि अगर अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया है तो संपूर्ण कार्यकारिणी का पहला दायित्व किया था कि उनकी विचारधारा को जानना था कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया।

### चुनाव की घोषणा के 15 दिन बाद अध्यक्ष का इस्तीफा क्यों?

*तेजकुल पाल सिंह पाली के इस्तीफे के बाद राजधानी के व्यापारिक संगठनों में उथल-पुथल मच गई है। व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों को यह बात हजम नहीं हो रही है कि चेंबर अध्यक्ष पाली ने इस्तीफा क्यों दिया, जबकि 15 दिन पहले चेंबर की वार्षिक साधारण सभा सफलतापूर्वक संपन्न हुई और चुनाव की घोषणा भी की गई, लेकिन चुनाव की घोषणा के 15 दिन बाद आखिरकार चेंबर अध्यक्ष ने शुक्रवार की रात को इस्तीफा क्यों लिखा।*

**मनोनीत सदस्यों की बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया: तेज कुलपाल सिंह**

### चुनाव घोषणा के बाद कार्यालय में नहीं आए पदाधिकारी

*इस पूरे मामले में भोपाल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष तेज कुलपाल सिंह पाली से उनके द्वारा इस्तीफा देने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वार्षिक साधारण सभा हुए 15 दिन गुजर गए, जिसमें चुनाव की भी घोषणा की गई। चुनाव दिसंबर में होना तय हुआ, लेकिन सभा संपन्न होने के बाद आज तक भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में कोई पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुआ, ताकि होने वाले चुनाव की तैयारी शुरू की जा सके। पाली ने बताया कि चेंबर के करीब 2000 सदस्य मुझे फोन लगाकर यह पूछ रहे हैं कि चुनाव की क्या तैयारी है। चुनाव की प्रक्रिया कहां तक पहुंची, लेकिन चेंबर के उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य सभी पदाधिकारी के रवैए के चलते में इस्तीफा देने के लिए मजबूर हुआ, लेकिन विडंबना कि महामंत्री सहित चेंबर के अन्य पदाधिकारी मेरे इस्तीफा को मंजूर करने का स्वयंभू का निर्णय लेने को तैयार हैं। इस पूरे मामले में मेरा मत नहीं लिया जा रहा है और ना ही बैठक में मुझे आमंत्रित किया गया। किसी प्रकार से कोई पदाधिकारी ने फोन नहीं किया। मुझे तो दूर मनोनीत सदस्यों को भी बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया*

### इस्तीफे को सोशल मीडिया पर किया वायरल

*भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ और कानून जानकारों के अनुसार साधारण सभा संपन्न होने के बाद और चुनाव की घोषणा किए जाने के बाद इस्तीफा देने का कोई मतलब ही नहीं होता है, क्योंकि चुनाव की घोषणा साधारण सभा में कर दी गई थी फिर भी यदि की कोई भी पदाधिकारी इस्तीफा किसी कारण बस देता है तो इस्तीफा मंजूर करने के पहले आपातकालीन बैठक बुलाई जाती है जिसमे अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य और मनोनीत सदस्य आमंत्रित किए जाते हैं। इसके पूर्व एजेंडा जारी किया जाता है कि उक्त महत्वपूर्ण संबंध पर यह आपातकालीन बैठक बुलाई गई है, मगर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के ही इस्तीफा दिए जाने के बाद समस्त कार्यकारिणी ही भंग हो जाती है तो फिर ऐसी स्थिति में आपातकालीन बैठक सिर्फ मनोनीत सदस्य ही बुलाते हैं, जिसमें अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। इसके बाद बैठक में दिए गए इस्तीफा पर विचार विमर्श किया जाता है और सभी की सहमत पर ही मनोनीत सदस्य उक्त इस्तीफा को मंजूर या फिर ना मंजूर करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, मगर अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद चेंबर में चेंबर के ही बायोलॉजी की धज्जियां उड़ाई गई। चेंबर अध्यक्ष के इस्तीफे को महामंत्री आदित्य मनिया ने जहां सोशल मीडिया पर वायरल किया, वहीं शनिवार को राजनीतिक दल और उद्योगपति के साथ अपने सहयोगी और चेंबर के कुछ पदाधिकारी के साथ बैठक की। शनिवार की शाम को करीब 6 बजे चेंबर कार्यालय में भी बैठक बुलाई गई, जिसमें पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों को ही आमंत्रित किया गया। बैठक में चेंबर अध्यक्ष तेज कुलपल सिंह पाली को इसकी किसी भी प्रकार से सूचना नहीं दी गई। महामंत्री और अन्य पदाधिकारी ने चेंबर के मनोनीत सदस्यों को भी आमंत्रित नहीं किया। कुल मिलाकर चेंबर कार्यालय में हुई राजनीतिक दलगत नेता और महामंत्री के नेतृत्व में हुई बैठक में चेंबर के नियम कानून को दरकिनार कर स्वयंभू निर्णय लेने पर जोर दिया गया। गौरतलब है कि अध्यक्ष पाली ने शुक्रवार देर रात अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की थी। इस संबंध में उन्होंने महासचिव आदित्य जैन 'मान्या' को लेटर भी लिखा था।*

## खबर संक्षेप

### एनएचआरसी के सामने पेश नहीं हुए आयुक्त-कलेक्टर

**भोपाल।** अरेरा कॉलोनी के आवासीय प्लॉट पर चल रही सोम ग्रुप की अवैध शराब दुकान को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को 15 दिनों में कार्रवाई प्रतिवेदन पेशन करने का नोटिस दिया था। बावजूद इसके अब तक प्रतिवेदन पेश नहीं किया गया है। इसके साथ आबकारी आयुक्त को भी समन जारी किया था। शिकायतकर्ता विवेक त्रिपाठी और लवनिश भाटी ने रहवासियों की ओर से लिखित शिकायत भेज कर कार्रवाई की मांग की है। जिसमें कहा गया है कि आवासीय मकान में शराब दुकान चलाई जा रही है।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार में 14 हजार को इलाज

**भोपाल।** एम्स ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 14 हजार से अधिक मरीजों का इलाज किया। शिविरों में 236 प्रसव पूर्व जांच, 1230 हीमोग्लोबिन टेस्ट, 2186 उच्च रक्तचाप, 2093 मधुमेह, 107 गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, 57 मुंह के कैंसर और 75 स्तन जांचें की गई, जबकि 131 मरीजों की सिकल सेल स्क्रीनिंग हुई। स्वास्थ्य कियोस्क पर 1619 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया।

## बच्ची को गोली लगने का मामला: ,बुलेट का हिसाब मांगा, पुलिस को एक पर संदेह, जल्द हो सकता है खुलासा

अब तक आरोपी बेसुराग, परिजन को न्याय की उम्मीद

# 315 बोर की बंदूक से चली गोली, 80 लोगों के पास हैं शस्त्र लाइसेंस, पुलिस ने सभी को पूछताछ के लिए तलब किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित शशि हाइटेक सिटी राजहर्ष कोलार में गुरुवार दोपहर गोली लगने से हुई दस साल की रिया की मौत का जिम्मेदार अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि फायर 315 बोर की बंदूक से हुआ था।



दरअसल, जो गोली रिया के शरीर से निकली है वह 315 बोर की है। पुलिस ने अपने इलाके में 315 बोर की बंदूक की जानकारी जुटाई तो पता चला कि 80 लोगों के पास 315 बोर की बंदूक का लाइसेंस है। पुलिस ने उन सभी लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। उनसे जारी बुलट के बारे में पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों की मानें तो पुलिस को एक व्यक्ति पर संदेह है और उससे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस सनसनीखेज मामले को कोलार पुलिस खुलासा कर सकती है। उल्लेखनीय है कि शशि हाइटेक सिटी, राजहर्ष कोलार निवासी सुनील रजक पानी सप्लाई करने का काम करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। उसकी 10 साल की बेटी रिया रजक चौथी कक्षा की स्कूली छात्रा थी। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे रिया दूसरे बच्चों के साथ राजहर्ष कॉलोनी स्थित झांकी के पास खेल रही थी। इस दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गई। लोगों ने देखा कि रिया के बाएं कंधे और गर्दन के बीच गहरा घाव था। खून बह रहा था। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां करीब दो घंटे चले इलाज के बाद रिया की मौत हो गई।

### हत्यारे को कड़ी सजा मिले: पिता

*रिया को दुर्गा पंडाल में एक दिन पहले ही करंट लगा था। इससे परिजन चिंतित थे और उसे दुर्गा पंडाल में जाने के लिए मना किया था, लेकिन रिया बच्चों के साथ खेलने के लिए वहां पहुंच गई थी। परिजन और आसपास के लोग भंडारे की तैयारी कर रहे थे। रिया खेलने के बाद कुर्सी पर बैठ गई थी, तभी एकाएक बेसुध होकर गिर गई। गर्दन के पास से खून निकलने के बाद उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां करीब दो घंटे चले इलाज के बाद रिया की मौत हो गई। परिजन को न्याय की उम्मीद है। पिता का कहना है कि उनकी बच्ची के हत्यारे को कड़ी कड़ी सजा मिले।*

### छत से गोली चलने का आशंका

अनुमान लगाया जा रहा है कि गोली किसी मकान की छत पर या तो आर्म्स की सफाई करते हुए चली है या फिर टेस्टिंग के लिए चलाई गई है। गोली नीचे छत से चलने के बाद गोली नीचे की तरफ आई और कुर्सी पर बैठी रिया के कंधे के पास जा धंसी। गोली कंधे से धंसकर पेट तक पहुंच गई थी। इससे रिया की मौत हुई है। पुलिस आसपास रहने वाले उन लोगों से भी पूछताछ कर रही है, जिनके पास 315 बोर का लाइसेंस है।

**मां ने परिवार से चल रहे मनमुटाव के कारण बच्ची को देरी से पहुंचाया था अस्पताल**

## चाय में जहर पीने से हुई थी चार साल की मासूम की मौत, दो साल बाद मां पर प्रकरण दर्ज

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित विशाल नगर नीलबड़ में दो साल पूर्व हुई चार साल की बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने मां के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। करीब दो साल तक चली जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मां के खिलाफ उक्त कार्रवाई की है। जांच में यह बात सामने आई कि मां ने चार साल की बच्ची को किचन में कुर्सी पर बैठा दिया था। उसके लिए चाय ठंडी होने के लिए रखी। यह भी ध्यान नहीं रहा कि पास ही चावल में रखने वाली जहरीली गोली, काकरोच वाला स्प्रे सहित चूहामार रखा हुआ था।

इतना ही नहीं बच्ची ने जहरीला पदार्थ चाय में मिलाकर पी लिया तो भी मां ने उसे अस्पताल ले जाने में देरी कर दी थी। दरअसल, मां का परिवार के साथ मनमुटाव चल रहा था और परिवार की मदद न लेते हुए पड़ोसी की मदद ली। जब तक बच्ची को अस्पताल ले जाया जाता उसकी मौत हो चुकी थी।

### यह है मामला

*बंगला नंबर 008, विशाल नगर, नीलबड़ में रहने वाली इशिता सिंह पिता जय प्रकाश सिंह (4) को गत 24 जनवरी 2023 की सुबह परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर इशिता सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इशिता सिंह के माता-पिता और रिश्तदारों सहित पड़ोसियों के बयान दर्ज किए। पीएम रिपोर्ट मिलने पर पता चला कि इशिता सिंह की मौत जहरीला पदार्थ पीने से हुई थी। पुलिस ने इशिता सिंह की मां किरण सिंह, पिता जयप्रकाश सिंह, बड़े पापा सत्य प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, चाची संध्या सिंह, अंजना सिंह के बयान दर्ज किए।*

### इशिता ने चाय में मिला दी थी जहरीली गोली

*मां किरण की लापरवाही से पास ही रखी जहरीली गोली ईशिका के संपर्क में आ गई। ईशिका नें जहरीली गोली को चाय में डाल दी। इस बात से अंजान मां ने इशिता सिंह को वही चाय पिला दी, जिसमें इशिता ने जहरीली गोली डाली थी। बची चाय को फेंकने के उद्देश्य से उसे केतली में डाल दी। इधर, चाय पीने के बाद इशिता सिंह की तबीयत बिगड़ने लगी तो किरण सिंह ने ससुराल पक्ष को तत्काल घटना की जानकारी नहीं दी।*

**सर्टिफिकेट नहीं होने पर मान्यता से बाहर होंगे अस्पताल**

## एनएबीएच सर्टिफिकेट अस्पताल में ही मिलेगा आयुष्मान से इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आयुष्मान भारत निरामय योजना से जुड़े अस्पतालों को लेकर सरकार ने आदेश जारी किया है कि अप्रैल 2026 से केवल वही अस्पताल आयुष्मान योजना में बने रहेंगे। जिनके पास राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली प्राधिकरण (एनएबीएच) का फाइनल सर्टिफिकेट होगा।

जिन अस्पतालों के पास यह मान्यता नहीं है, वे योजना से बाहर कर दिए जाएंगे। बता दें कि प्रदेश में 984 सरकारी और 640 प्राइवेट यानी कुल एक हजार 624 अस्पताल आयुष्मान योजना से इंपैनल हैं। इनमें से सिर्फ 295 अस्पतालों को ही एनएबीएच का फाइनल सर्टिफिकेट मिला है।

भोपाल में 29 सरकारी और 194 प्राइवेट अस्पताल इस योजना से जुड़े हैं। लेकिन इनमें से बहुत कम अस्पताल एनएबीएच से मान्यता प्राप्त हैं। इसका सीधा मतलब है कि अप्रैल 2026 के बाद बड़ी संख्या में अस्पताल आयुष्मान से बाहर हो सकते हैं।

### निजी अस्पतालों ने जताया विरोध

*मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन ने इस आदेश का विरोध किया है। एसोसिएशन ने 23 सितंबर 2025 को जारी सर्कुलर के खिलाफ आयुष्मान भारत के राज्य कार्यालय को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि जब अस्पतालों को योजना में जोड़ा गया था, तब एंट्री लेवल एनएबीएच या अन्य क्वालिटी सर्टिफिकेट ही पर्याप्त माने गए थे।*

## राजधानी में दो मामलों में तत्परता से हुई कार्रवाई

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने टीम को किया सक्रिय**

## धौलपुर से आया पंद्रह क्विंटल मावा, दो क्विंटल पनीर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दीवाली पर मिठाईयों की बंपर बिक्री को देखते हुए राजधानी के मिठाई कारोबारियों ने मावे का स्टॉक करना शुरु कर दिया है। जिसके तहत शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि द्वारका नगर स्थित फर्म कृष्णा डेयरी एंड स्वीट्स पर बड़ी मात्रा में मावा इकट्ठा हुआ है।

टीम ने यहां से पंद्रह क्विंटल मावा और दो क्विंटल पनीर जब्त किया है। जब्त खाद्य पदार्थों के सैंपल भी लिए गए हैं। इधर मंगलवारा स्थित महेंद्र मावा भंडार से बेचने के लिए ले जाए जा रहे डेढ़ क्विंटल मावे के सैंपल लिए गए हैं। दीवाली से पहले मावा, पनीर की आवक शुरू हो गई है, जिसमें मिलावट होने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम को सूचना भी मिली थी, जिससे टीम ने औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है। शहर के अलग-अलग प्रतिष्ठानों ने मावा और पनीर को जब्त करने के साथ ही सैंपल लेकर जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है।




### सैंपल की रिपोर्ट आने तक जब्त रहेगा मावा

*मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्वालियर और धौलपुर से बड़ी मात्रा में मावा आना शुरु हो गया है, जिससे शनिवार को निरीक्षण कर नमूने लिए गए हैं। सैंपल की जांच रिपोर्ट आने तक मावे को जब्त रखा जाएगा। मावे की सुरक्षा को देखते हुए इसे कोल्ड स्टोरेज में रखा गया है। इधर दीवाली नजदीक आने के साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाईयां, नमकीन सहित अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग करने की भी बात कही है। उल्लेखनीय है कि दीवाली के पंद्रह दिन पहले से कारोबारियों ने मावे और पनीर का स्टॉक करना शुरु कर दिया है।*

**हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर के पास पकड़ा**

## इनोवा गाड़ी में प्रतिबंधित मांस की तस्करी बजरंग दल ने तस्कर को धर-दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर के पास शुक्रवार सुबह बजरंगियों ने उस समय हंगामा कर दिया, जब उन्होंने एक इनोवा गाड़ी को रोका और उसमें प्रतिबंधित मांस मिला। बजरंगियों ने प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने वाले को पहले तो जमकर धुना फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने इनोवा और उसमें रखी मांस से भरी बोरियां जब्त कर ली है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण किया दर्ज

### बोरियों में मिला मांस

फॉरेंसिक से पुलिस को जांच रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन देखने पर मांस प्रतिबंधित लगने के कारण पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बजरंगियों को सूचना मिली थी कि शनिवार सुबह मंडीदीप से एक व्यक्ति इनोवा गाड़ी में प्रतिबंधित मांस लेकर कोहेफिजा इलाके में जाने वाला है। बजरंगियों ने उसका पीछा किया और सुबह करीब पांच बजे गणेश मंदिर के पास निर्माणाधीन सड़क पर उसे रोक लिया। उसकी गाड़ी चेक करने पर बोरियों में मांस रखा मिला।

### प्रतिबंधित मांस मिलने पर हुए आक्रोशित

प्रतिबंधित मांस मिलने पर बजरंगी भड़क गए और इनोवा सवार नंदकिशोर कुशवाह को पकड़कर धुन दिया। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने नंदकिशोर को हिरासत में ले लिया और इनोवा थाने में खड़ी करवा ली।

## जैकेट का शेष..

### मप्र में आर्थिक विकास...

की परंपरागत और आधुनिक क्षमता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिससे निर्यात और रोजगार दोनों में वृद्धि संभव होती है। फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में मध्यप्रदेश की ताकत निवेशकों को कच्चे माल, अनुसंधान एवं विकास और उत्पादन के अवसर प्रदान करती है। सीमेंट, मिनरल्स और इंजीनियरिंग, पेट्रोकेमिकल्स और केमिकल्स, टूरिज्म और वेलनेस, रिन्यूएबल एनर्जी और एनर्जी इक्विपमेंट तथा प्लास्टिक्स और पॉलिमर्स जैसे सेक्टर राज्य को निवेश के लिए बहुआयामी विकल्प प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल से इन क्षेत्र में निवेश केवल व्यवसाय ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास और स्थायी अवसरों का रास्ता बन रहा है। असम और अन्य राज्यों में फैले फार्मा हब, सीमेंट यूनिट्स, टी-रिसर्च और प्लांटेशन, लॉजिस्टिक केंद्र और पेट्रोकेमिकल्स जैसी सुविधाओं के साथ मध्यप्रदेश निवेशकों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक और भरोसेमंद वातावरण प्रदान करता है।

### प्रदेश में कोल्ड्रिफ ...

लाख रूपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उपचाररत बच्चों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा की घटना संज्ञान में आने पर कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। शनिवार की सुबह जांच रिपोर्ट में नमूने अमान्य पाए गए हैं। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्तर पर इस मामले में संयुक्त जांच टीमें बनाई गई हैं। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सिरप को बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट की बिक्री पर भी बैन लगाया जा रहा है। सिरप बनाने वाली फैक्ट्री कांचीपुरम में है, इसलिए, घटना के संज्ञान में आने के बाद राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार को जांच के लिए कहा था। गौर हो कि छिंदवाड़ा के परासिया ब्लॉक के 10 बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ कफ सिरप की वजह से हो गई। इसके अलावा कई बच्चों का इलाज चल रहा है।

### एनआईवी, आईसीएमआर...

है। इसके अलावा एनआईवी, आईसीएमआर-नीरी, सीडीएससीओ और एम्स, नागपुर के विशेषज्ञों वाली टीम भी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और उसके आसपास मौतों के कारणों का आंकलन करने के लिए विभिन्न नमूनों और कारकों का विश्लेषण कर रही है।

### 48.6 फीसदी ....

*और प्लास्टिक में किया जाता है। यह तत्व गुर्दे, यकृत और तंत्रिका तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। छोटे बच्चों में इसके शुरुआती लक्षण मतली, पेट दर्द और कम पेशाब से शुरू होते हैं। ज्यादा गंभीर मामले में यह तेजी से गुर्दे को फेल कर देता है।*

### हर आपत्ति के पक्ष...

*अपने अंकों, कट-ऑफ या मूल्यांकन के बारे में जानकारी नही मिल पाती थी। इससे उन्हें अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करने का अवसर नहीं मिल पाता। यूपीएससी के इस नए फैसले से लाखों अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी।*

### भारत ने वेस्टइंडीज...

रखा। पहले दिन मेहमान टीम को 162 रनों पर ढेर करने के बाद भारत ने दूसरे दिन शुक्रवार का अंत पांच विकेट के नुकसान पर 448 रन बनाए। तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले भारत ने अपनी पहली पारी घोषित कर दी। इसी के साथ मेहमान टीम पर 286 रनों की मजबूत बढ़त है। रवींद्र जडेजा 104 रन बनाकर और वॉशिंगटन सुंदर 9 रन बनाकर नाबाद रहे।

### 'अरे जा हट नटखट'...

वी. शांताराम के निर्देशन में बनी इन फिल्मों ने उन्हें हिंदी और मराठी सिनेमा की अमर अदाकाराओं में शामिल कर दिया। संध्या, प्रसिद्ध फिल्मकार वी. शांताराम की तीसरी पत्नी थीं। दोनों की पहली मुलाकात फिल्म अमर भूपाली (1951) के दौरान हुई थी, जब शांताराम नई प्रतिभाओं की तलाश में थे। उनकी मधुर आवाज़ और सहज अभिनय से प्रभावित होकर शांताराम ने उन्हें फिल्म में मौका दिया, और वहीं से उनकी फिल्मी यात्रा की शुरुआत हुई। संध्या शांताराम भले ही ज्यादा फिल्मों में नजर न आईं हों, लेकिन अपने अभिनय, नृत्य और सौम्य व्यक्तित्व से उन्होंने भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक अमर स्थान बना लिया है। संध्या शांताराम का अभिनेत्री बनने का सफर बिल्कुल फिल्मी था, बिना किसी फिल्मी पृष्ठभूमि के, संयोग से उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा और फिर अपने अभिनय और नृत्य से इतिहास बना दिया। फिल्म 'झनक झनक पायल बाजे' में वह गोपी कृष्ण के साथ दिखाई दी थीं। इस फिल्म के लिए गोपी ने ही उन्हें डांस सिखाया। फिल्म ने बाद में चार फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम किए थे।

## टीटी नगर स्टेडियम में जुटे प्रदेश भर के 700 खिलाड़ी

# राज्यस्तरीय शालेय फेंसिंग और गतका प्रतियोगिता शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

69वीं राज्यस्तरीय शालेय फेसिंग एंव गतका प्रतियोगिता राजधानी के तात्या टोपे स्टेडियम में शनिवार को प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त संचालक खेल बीएस यादव, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरविंद कुमार चौरगड़े ने किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार अहिरवार मौजूद थे। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता का समापन आठ अक्टूबर को होगा। इसमें भोपाल, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर व आदिवासी विभाग की टीमों के लगभग 700 खिलाड़ी और आफिसियल्स भाग ले रहे है। इस प्रतियोगिता में




फेसिंग में अंडर 14, 17 व 19 बालक व बालिका तथा गतका में अंडर 17 व 19 बालक व बालिका वर्ग के मुकाबले खेले जा रहे हैं। आयोजन सचिव डीईओ नरेन्द्र अहिरवार ने बताया कि सभी मुकाबले तात्या टोपे स्टेडियम में ही खेले जा रहे हैं। रविवार से दोनों खेलों के मुकाबले प्रारंभ हो जाएंगे।



## उदिता- तनिष्का की जोड़ी ने जीता महिला युगल खिताब

# अजीत, रामकृष्ण और अजय सेमीफाइनल में, ओपन- सुनील, पवन पहुंचे फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अजीत सिंह, रामकृष्ण यदुवंशी और अजय मौर्य ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर 30वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जबकि ओपन कैटेगरी में सुनील पंड्या और पवन शर्मा सिंगल और डबल्स दोनों के फाइनल में पहुंच गए हैं। डबल्स में नीरज मिलन और मनोज मिश्रा की जोड़ी ने भी फाइनल में जगह पक्की कर ली है। इधर, महिला डबल्स का खिताब उदिता वर्मा- तनिष्का की जोड़ी ने जीता। उन्होंने फाइनल में लतिका और दीपा की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे टूर्नामेंट का समापन व पुरस्कार वितरण किया जाएगा। विजेताओं को ट्रॉफी और ट्रैकसूट से नवाजा जाएगा।



**शनिवार को खेले गए मैचों के परिणाम एक नजर में**

रामगोपाल विरुद्ध विनय शुक्ला 21-18, 21-16
रामकृष्ण यदुवंशी विरुद्ध कुलदीप सिंगोरिया 21-19, 21-10
कृष्णकांत गंगवार विरुद्ध तरुण गुरू 21-15, 21-9
अजीत सिंह विरुद्ध प्रशांत सेंगर 21-10, 14-21, 21-13
एजाज खान विरुद्ध दीपक वाजपेयी21-10, 21-16
अजय मौर्य विरुद्ध साद सिद्दीकी 21-12, 21-16
रामकृष्ण यदुवंशी विरुद्ध रामगोपाल 21-16, 21-14
अजीत सिंह विरुद्ध कृष्णकांत गंगवार 21-19, 18-21 21-17
अजय मौर्य विरुद्ध एजाज खान 21-9, 21-10
पवन शर्मा विरुद्ध मनोज मिश्रा 21-10, 21-19
विहान तोमर विरुद्ध मुकेश 21512, 21-15
प्रत्यक्ष विरुद्ध राहुल चंद्रवंशी21-15, 21-17
नीरज मिलन विरुद्ध मेहबूब खान 21-15, 21-10
चंद्रप्रकाश विरुद्ध सार्थ 21-19, 21-10
पवन शर्मा विरुद्ध प्रत्येश 21-15, 21-10

## विद्या भारती खेलकूद समारोह के उपलक्ष्य में निकाली मशाल यात्रा

**भोपाल।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा 36वां क्षेत्रीय एथलेटिक्सएवं अखिल भारतीय वेट लिफ्टिंग समारोह का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा. आवासीय विद्यालय, शारदा विहार, केरवा बांध मार्ग में 5 से 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस खेलकूद प्रतियोगिता में देश एवं प्रदेश से लगभग 800 प्रतिभागी भाग लेंगे। खेलकूद समारोह का उद्घाटन 5 अक्टूबर शनिवार को सायं 5 बजे एवं समापन 7 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। इसी क्रम में 4 अक्टूबर शुक्रवार की शाम एक मशाल यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 प्रतिभागी एवं 20 ऑफिशियल स्टॉफ सहित दो पहिया एवं चार पहिया वाहन सम्मिलित हुए। यह मशाल यात्रा माता मंदिर चौराहे से प्रारंभ होकर भारत माता चौराहे पर समाप्त हुई।

**जाहिर-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार M/s Deep Industries Prop. Sumit Pachori S/o Shri Mr. Sunil Pachori office at 3 Mahaveer Nagar Obaidullaganj Distt. Raisen M.P. द्वारा एक Plot No. 23 B Sector A Industrial Area Mandideep Distt. Raisen M.P. मै उक्त सम्पत्ति स्थित है उक्त समपत्ति जिसका क्षेत्रफल 21,868 वर्गफिट है जिसकी चतुर्थ सीमाऐं :-पूर्व दिशा में-प्लाट क्रमांक 23 ए पश्चिम दिशा में-रोड उत्तर दिशा में-रोड दक्षिण दिशा में-प्लाट क्रमांक 22 उक्त सम्पत्ति जो कि Madhya Pradesh audyogik Kendra vikas nigam bhopal द्वारा लीज डीड के माध्यम से 99 वर्ष तक के लिये लीज पर दी गई है, उक्त सम्पत्ति जिसकी मूल लीज डीड जो कि दिनांक 25/04/1988 गृंथ क्रमांक 453 पृष्ट क्रमांक अ-1 में 10 (01 से 10 तक) दस्तोवज क्रमांक 101 पर उप पंजीयक कार्यालय रायसेन जिला रायसेन म.प्र. में A-ONE Foam partner Shri Mukesh Gargava S/o Late Shri R.D Gargava and Shri P.D. Gargava S/o Late Shri N.P. Gargava के नाम पर दर्ज है। उक्त सम्पत्ति कि मूल लीज डीड पत्र जो कि मेरे घर वार्ड क्रमांक 02 महावीर कालोनी औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. से ही कही गुम हो गयी है उक्त लीज डीड (रजिस्ट्री) जो कि अन्य कही, दान, विक्रय, गिरवी, रहन या कही हस्तांरित नही है और ना ही उक्त सम्पत्ति से संबंधित कोई विवाद या प्रकरण किसी शासकीय या अशासकीय कार्यालय अथवा किसी न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त विक्रय पत्र पर किसी प्रकार का कोई ऋण व बंधक नही है। उक्त लीज डीड पत्र यदि कही मिल जाता है तो में उसका दुरूपयोग नही करूगा, यह कि यदि उक्त लीज डीड पत्र के सबंध में किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के (07) सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित मे मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को बैंक में बंधक कर दिया जावेगा। ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

नीतेश नागर अधिवक्ता
स्वास्तिक लॉ चेम्बर
औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन
म.प्र. मो. 9691819010

## पेज एक का शेष..

### भारत रत्न...

करता हूं। हमारे कर्पूरी ठाकुर साहब को जनता के द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर ले।

### राष्ट्रीय मेरिट में ....

तावड़े बैतूल के ग्राम भडूस की निवासी हैं। उनके पिता अजय तावड़े बस ड्राइवर हैं और मां सुशीला तावड़े गृहिणी हैं। त्रिशा की बड़ी बहन एकता तावड़े भी आईटीआई की टॉपर रह चुकी हैं और वर्तमान में रेलवे में अप्रेंटिस कर रही हैं।

### मानसून तुम कब...

मानसून विदाई लेगा। हालांकि, इन सिस्टम के कारण प्रदेश के पूर्वी विशेषकर जबलपुर और लगे जिलों में यह दो से तीन दिन और ठहरेगा।
इससे प्रदेश भर से मानसून की विदाई 13 से 14 अक्टूबर के करीब हो सकती है। पिछले साल भोपाल से मानसून की विदाई 5 अक्टूबर और पूरे प्रदेश से 14 अक्टूबर को हुई थी। यह ट्रेंड इस साल भी जारी रहेगा।

### अक्टूबर में मानसून...

में ओमान की ओर बढ़कर अरब सागर में ही कमजोर हो जाएगा। यह अब वापस पीछे नहीं लौटेगा, इसलिए प्रदेश में इसका असर नहीं होगा।

### आज यहां मध्यम....

श्योपुरकलां, सिंगरौली, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा आदि जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है।

### महाकाल दर्शन को...

गए और बहने लगे। यह देखकर घाट पर मौजूद रेस्क्यू टीम ने चार श्रद्धालुओं को आरती स्थल के पास से और दो को करीब 100 मीटर दूर रामघाट चौकी के सामने से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शिप्रा नदी के लगातार बढ़ते जल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे रामघाट और अन्य घाटों पर स्नान करने से फिलहाल बचें। एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीमें सतर्क हैं और नदी किनारों पर निगरानी जारी है।

### करीब 500 वोटर....

वही वोटर कार्ड हैं, जो अब तक नागरिकों को बांटे नहीं गए थे। इससे बड़ा सवाल उठ रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटर कार्ड तालाब में कैसे पहुंचे और इन्हें किसने फेंका? प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है और संबंधित बीएलओ से पूछताछ की जाएगी।

### संघ प्रमुख उतैली ...

गया है। डॉ. भागवत शनिवार सुबह मैहर पहुंचे और त्रिकूट पर्वत पर विराजित मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की है। मां शारदा के दर्शन और पूजन के बाद उनका काफिला राम वन गमन पथ मार्ग से होते हुए सतना के लिए रवाना हुआ। उनके दौरे के मार्ग पर पड़ने वाली सभी दुकानों और घरों की भी गहन जांच की गई थी।

### भांग श्रृंगार मामले ...

पुजारियों पर मोटी रकम लेकर परंपरा के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। इससे पुजारियों के मान-सम्मान पर चोट पहुंची है। पुजारियों का अपमान करने और भगवान महाकालेश्वर की परंपराओं को छिन्न-भिन्न करने का जो प्रयास किया है, इस पर क्यों न एफआईआर दर्ज कराई जाए। दरअसल, 18 अगस्त को महाकाल मंदिर में अचानक भांग का श्रृंगार गिर गया था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने पुजारी प्रदीप गुरु को नोटिस देकर जवाब-तलब किया था। उज्जैनी विद्वत परिषद ने इसे तत्काल बंद करने की मांग की थी। उज्जैनी विद्वत परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन गुप्त ने भांग से शिवलिंग क्षरण का आरोप लगाते हुए पुजारियों द्वारा पैसा कमाने के लिए बड़ी मात्रा में भांग शिवलिंग चढ़ाने की बात कही थी।

### अब वनडे की....

के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज खेली जाएगी। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने शनिवार को टीम की कप्तानी पर बड़ा निर्णय लिया है। रोहित शर्मा अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिर्फ पूर्णकालिक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। वहीं, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भी इस दौरे के लिए टीम में चुना गया है। 29 अक्टूबर से आठ नवंबर तक पांच मैचों की टी-20 सीरीज होगी।

### असमिया गायक जुबीन ....

दिए-जाबो दे, जाबो दे ( जाने दो, जाने दो)। इस बयान पर आगे जांच होगी।

### किस तरह हुई...

काफी दुखी हुए। सिंगर की मौत को लेकर आगे चलकर असम सरकार ने निष्पक्ष जांच का वादा किया। स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम बना डाली।

### जुबीन की पत्नी ....

को गरिमा को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि यह गरिमा पर निर्भर है कि वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करती हैं या नहीं? सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में एसआईटी अधिकारी मोरमी दास ने भी मीडिया से बात की है। उन्होंने कहा कि मैंने गरिमा (जुबीन गर्ग की पत्नी) और पाल्मी (जुबीन गर्ग की बहन) के बयान दर्ज किए। मैं इस समय और कोई टिप्पणी नहीं कर सकती हूं, क्योंकि जांच अभी जारी है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



Hindblaze SMART WAY TO KITCHEN
Dealership & Trade Enquiry
8889422295
Auth. Dist:
Sundram Sales and Services
9589642295

**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373
R-24 to 29-09-2025, 03Oct to11-10-2025

**खरीदना है**
पुराना खराब ट्रेक्टर-ट्राली चाहिये, इच्छुक पाट्री ,संपर्क करे गंगा सागर . 9977778393
BPL-05,06,07,08/10/2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330
R- 23/09/25 to 15/10/25



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 6009



**बाएँ से दाए**
1.सरदार,अगुआ-4
5.जनमत,एक राय-4
9.पुराना जुकाम-3
10.चिंता,परवाह-3
12.पैंदा,तल्ला-2
14.ताल,सुर,आलाप-2
15.महोदय (अंग्रेजी-2)
16.लाडला,दुलारा-2
17.निवास करना-3
19.डोली उठाने वाले-3
21.नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22.तड़फाना-4
24.जल में रहनेवाला-4
25.दरियादिल,करुण-5
26.इराक की राजधानी-4
29.भेंट,पुरस्कार-4
33.पासों से भविष्य देखना-3
34.अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36.चौकसी,रखवाली-3
37.हलक,कंठ-2
38.सदैव-2
39.लार -2
42.निश्चित-2
42.कालीन-3
43.बंदर,मर्कट-3
45.किसान-4
46.इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2.क्रिकेट में बनते हैं-2
3.नगमा,गीत (उर्दू-3)
4.जो लायक न हो-4
5.अधिकारी,अफसर-4
6.राशिचक्र की एक राशि -3
7.झगड़ा,बैर-2
8.आदत,व्यवहार-4
11.शमशीर-4
13.तरंग,हिलोर-3
16.तृष्णा,लोभ-3
18.अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20.जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21.नीर,पानी-2
23.देवर्षि-3
24.ईर्ष्या,डाह-3
26.वटवृक्ष-4
27.जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28.दलहन-2
30.मंत्र जाप-2
31.तसल्ली,आराम-3
32.भगवान विष्णु-4
34.धर्मशीलता-4
35.पैजामा-4
38.तमीज-3
40.साजन,प्रेमपात्र-3
42.पहरा,चौकसी-2
44.अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6008 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6019

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6018 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# शेयर बाजार बन रहा सांप-सीढ़ी का खेल, संभलकर करें निवेश

बाजार के उतार-चढ़ाव में फूल रही निवेशकों की सांसे, ऐसे में क्या करें ● अपने निवेश को रोके नहीं, एसआईपी निवेश का सबसे बेहतर विकल्प ● करीब 11 इक्विटी म्यूचुअल फंड ने 5 साल में दिया 30% से ज्यादा रिटर्न ● बाजार के इस दौर में भी मुनाफा के साथ अच्छा रिटर्न दे रहे म्यूचुअल फंड

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**शेयर बाजार इन दिनों सांप-सीढ़ी का खेल दिखा रहा है। ऐसे में निवेशक हैरान और परेशान हैं कि क्या करें, कैसे करें कि मुनाफा मिलता रहे। निवेश में नुकसान नहीं झेलना पड़े। बाजार की उठा-पटक में कभी इंडेक्स खूब चढ़ जाता है तो कभी काफी लुढ़क जाता है, लेकिन इन तमाम झंझावातों के बीच भी कुछ ऐसे इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं जो निवेशकों को बीते 5 साल में 30 फीसदी या इससे ज्यादा का सीएजीआर का रिटर्न दिया है। ऐसे में नए निवेशक भी इनमें निवेश कर मुनाफा कमा सकते हैं। म्यूचुअल फंड बाजार के उतार-चढ़ाव वाले दौर में भी निवेशकों को लुभा रहे हैं। खासकर एसआईपी में निवेश सबसे बेहतर माना जाता है। करीब 11 इक्विटी म्यूचुअल फंड ने 5 साल में 30% से ज्यादा रिटर्न दिया है। ऐसे में आप भी इनमें निवेश कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।**




*सबसे पुराना और सबसे बड़ा कॉन्ट्रा फंड, एसबीआई कॉन्ट्रा फंड, ने उक्त अवधि में 30.03% का सीएजीआर दिया। निप्पॉन इंडिया ग्रोथ मिड कैप फंड आखिरी फंड था जिसने 30% से ज्यादा का सीएजीआर दिया। इस फंड ने पिछले पांच सालों में 30.02% का सीएजीआर दिया। बाकी 191 फंडों ने पिछले पांच सालों में 13.98% से 29.99% के बीच का सीएजीआर दिया। मोतीलाल ओसवाल लार्ज एंड मिडकैप फंड ने उक्त अवधि में 29.99% का सीएजीआर दिया।*

## क्या है इक्विटी म्यूचुअल फंड

इक्विटी म्यूचुअल फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से शेयर बाजार में निवेश करता है। इसका उद्देश्य निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने निवेश पर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकें।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड के प्रकार

1. लार्ज-कैप फंडः ये फंड बड़े कैप शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर अच्छी तरह से स्थापित कंपनियों के शेयर होते हैं।
2. मिड-कैप फंड : ये फंड मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।
3. स्मॉल-कैप फंड : ये फंड छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।
4. मल्टी-कैप फंड : ये फंड विभिन्न कैप साइज (लार्ज, मिड, स्मॉल) के शेयरों में निवेश करते हैं।
5. सेक्टोरल फंड : ये फंड विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में निवेश करते हैं।
6. थीमैटिक फंड : ये फंड विशिष्ट थीम या ट्रेंड पर आधारित निवेश करते हैं।

## झूले झूल रहा बाजार

इस समय शेयर बाजार में उठापटक का दौर चल रहा है। बीएसई सेंसेक्स कभी नीचे तो कभी ऊपर जा रहा है। ऐसे में निवेशक परेशान हैंए कि क्या करें। सेंसेक्स कभी पॉजिटिव तो कभी निगेटिव के झूले झूल रहा है। इस वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश कम होने की खबरें भी आ रही हैं। हालांकि ऐसी स्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है। संयम और धैर्य के साथ किया गया निवेश आपको मुना देगा। अभी भी कुछ म्यूचुअल फंड ऐसे हैं, जो मुनाफा ही नहीं, बल्कि अच्छा रिटर्न दे रहे हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ इक्विटी म्यूचुअल फंड के बारे में जिसने पिछले 5 सालों में 30 फीसदी या इससे ज्यादा का सीएजीआर रिटर्न दिया है।

## 202 फंड, सभी ने दिया डबल डिजिट रिटर्न

एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 5 साल की अवधि के दौरान सक्रिय सभी इक्विटी म्यूचुअल फंड को ट्रैक किया है। इस दौरान पाया गया कि इस दौरान इस सेक्टर में 202 म्यूचुअल फंड थे। उन सभी ने अपने निवेशकों को डबल डिजिट यानी 10 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। हम यहां 11 वैसे फंड का चयन किया है, जिन्होंने इस अवधि में 30% से ज़्यादा का सीएजीआर दिया है। सीएजीआर का मतलब है कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट होता है।

## कौन हैं टॉप रिटर्न देने वाले

5 साल में 30 फीसदी का ज्यादा रिटर्न देने वाले 11 फंडों में से तीन निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के थे। वहीं, क्वांट म्यूचुअल फंड, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड, बंधन म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, इनवेस्को म्यूचुअल फंड, टाटा म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड जैसे फंड हाउसों का एक-एक स्कीम शामिल था।

## लिस्ट में सबसे ऊपर कौन

इस लिस्ट में क्वांट स्मॉल कैप फंड का नाम सबसे ऊपर रहा। इसने पिछले पांच वर्षों में 35.26% का सीएजीआर दिया है। इसके बाद मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड का स्थान है जिसने इसी अवधि में 34.11% का सीएजीआर दिया। इसके बाद तीन स्मॉल कैप फंड थे। निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड, जो कि एसेट मैनेजमेंट के हिसाब से सबसे बड़ा स्मॉल कैप फंड है, ने पिछले पाँच सालों में 32.89% का सीएजीआर दिया। इसके बाद बंधन स्मॉल कैप फंड और एचडीएफसी स्मॉल कैप फंड रहे, जिन्होंने इसी अवधि में क्रमशः 31.38% और 31.15% का सीएजीआर दिया। निप्पॉन इंडिया मल्टी कैप फंड ने पिछले पांच सालों में 30.96% का सीएजीआर दिया। इस मल्टी कैप फंड के बाद तीन स्मॉल कैप फंड थे। एचएसबीसी स्मॉल कैप फंड, इनवेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड और टाटा स्मॉल कैप फंड ने पिछले पांच सालों में क्रमशः 30.72%, 30.70% और 30.42% का सीएजीआर दिया।



# निवेश की सही प्लानिंग बनाएं और आर्थिक चिंता को निपटाएं

तैयारी
बिजनेस डेस्क

- भारत में 10 करोड़ का पोर्टफोलियो आर्थिक आजादी का पहला लक्ष्य
- अगर 10 करोड़ को इक्विटी, फिक्स्ड इनकम और रियल एस्टेट में निवेश करें तो सालाना 7-9% रिटर्न

वित्तीय आजादी का मतलब अक्सर बड़ी संपत्ति, कई प्रॉपर्टीज और बहुराष्ट्रीय निवेश समझा जाता है। लेकिन भारत में असली वित्तीय आजादी का पैमाना इससे काफी कम है। कई अमीर लोगों के लिए यह सिर्फ 10 करोड़ रुपए का पोर्टफोलियो है, जो जीवनभर की आरामदायक और सुरक्षित जिंदगी के लिए शुरुआती लक्ष्य माना जाता है। यह संख्या बेशक कम लगती है, लेकिन बेहद तार्किक है। दरअसल, फाइनेंशियल फ्रीडम खर्च करने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन को सहज और सुरक्षित ढंग से चलाने के लिए होती है। 10 करोड़ रुपए के सही तरीके से निवेश किए पोर्टफोलियो से आप अपनी लाइफस्टाइल, हेल्थ इंश्योरेंस, बच्चों की पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं को लंबे समय तक चला सकते हैं।

### वित्तीय आजादी का असली मतलब

कई बार लोग फाइनेंशियल फ्रीडम का मतलब सिर्फ बेशुमार दौलत से समझते हैं। लेकिन, असल में इसका मतलब है कि आपकी संपत्ति और निवेश से इतनी कमाई हो कि आपकी जिंदगी की जरूरतें पूरी हों, बिना किसी नौकरी या नियमित आय पर निर्भर रहे बिना। यह संख्या ज्यादा नहीं, बल्कि आपके समय और विकल्प की स्वतंत्रता को दिखाती है।

### भारत में फाइनेंशियल फ्रीडम के पहलू

भारत में फैमिली स्ट्रक्चर बाकी दुनिया के मुकाबले काफी अलग है। इसके चलते फाइनेंशियल फ्रीडम में और भी जिम्मेदारियां जुड़ी होती हैं। बच्चों की पढ़ाई, शादी, बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल और प्रॉपर्टी ट्रांसफर जैसी जिम्मेदारियां यह तय करती हैं कि आजादी कितनी है।

### 10 करोड़ क्यों सबसे बेस्ट

**1. स्थायी पैसिव इनकम :** अगर 10 करोड़ रुपए को इक्विटी, फिक्स्ड इनकम और रियल एस्टेट में निवेश किया जाए तो सालाना 7-9% रिटर्न मिल सकता है। इसका मतलब 70-90 लाख रुपए सालाना या 6-7.5 लाख रुपए प्रति माह। यह आम भारतीय हाई-मिडिल क्लास फैमिली के लिए आरामदायक जीवनशैली, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, यात्रा और मनोरंजन के लिए पर्याप्त है।

**2. महंगाई से सुरक्षा :** भारत में औसत महंगाई 5-6% रहती है। 10 करोड़ का सही तरह से निवेश किया पोर्टफोलियो इतना रिटर्न देगा कि महंगाई से ऊपर रहेगा।

# सोना-चांदी ने मचाई धूम, गोल्ड 22% और सिल्वर 39% चढ़ा

दोनों धातुओं ने 30 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, आगे भी ऐसी ही उम्मीद

सुझाव
बिजनेस डेस्क

अमेरिका में ऊंची मुद्रास्फीति और धीमी वृद्धि को लेकर पैदा अनिश्चितताओं ने सोने-चांदी में तेजी को हवा दी है। इनके साथ-साथ अमेरिका के बढ़ते कर्ज और ट्रंप प्रशासन के आयात/निर्यात शुल्कों के कारण दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कीमती धातुओं के दामों में लगातार रिकॉर्ड तेजी का केंद्र बन गई है। पिछले दो वर्षों में सोने और चांदी की कीमतों की राह ऊपर की रही है। लेकिन चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में इनमें भारी बढ़त देखी गई है।

वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में अंतरराष्ट्रीय सोने ने 22.1 फीसदी का रिटर्न दिया है जो कम से कम 30 वर्षों के बाद किसी पहली छमाही में दर्ज अब तक का सबसे ज्यादा रिटर्न है। इसी तरह चांदी ने 39.5 फीसदी का रिटर्न दिया है जो पिछले तीन दशकों में दूसरा सबसे अच्छा रिटर्न है। इससे पहले, कोविड महामारी के कारण ऐतिहासिक लॉकडाउन वाले वर्ष 2020-21 की पहली छमाही में चांदी ने 66.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की थी। ये रिटर्न और कीमतें 30 सितंबर शाम 5.40 बजे की कीमतों पर आधारित हैं। रुपए के लिहाज से वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में सोना 29.5 फीसदी बढ़ा है जो पिछले तीन दशकों में पहली छमाही का सबसे ज्यादा रिटर्न है। चांदी ने 43.1 फीसदी का रिटर्न दिया है जो लॉकडाउन वर्ष (वित्त वर्ष 21) की पहली छमाही की 53 फीसदी बढ़त के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है।



विविधीकरण

## लगातार बढ़ रही कीमतें

हालांकि, मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में मामूली गिरावट के साथ तेजी थमी। सुबह के कारोबार में 3,871 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आई और यह 3,815 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा था। चांदी भी 47.1 डॉलर प्रति औंस से गिरकर 46.3 डॉलर के आसपास कारोबार कर रही है,जो अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 49 डॉलर प्रति औंस से थोड़ा कम है। मुंबई के हाजिर बाजार में 995 शुद्धता वाला 24 कैरेट सोना 1,14,887 रुपए प्रति 10 ग्राम (1,16,435 रुपए की शुरुआती कीमत से कम) पर बंद हुआ। चांदी 1,42,434 रुपए प्रति किलोग्राम (सुबह के कारोबार में 1.45 लाख रुपए की कीमत से कम) पर बंद हुई जो अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अनुरूप है।

## तेजी के ये कारण


सोने में हालिया तेजी का मुख्य कारण अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने की आशंका है। रिकॉर्ड 37.5 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज का वित्तपोषण मुश्किल है और अमेरिका में ट्रंप प्रशासन और कांग्रेस के प्रतिनिधियों के बीच हाल में हुई बैठक में भी बंदी के मुद्दे को सुलझाने को लेकर कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकला। 1971 में अमेरिका में बंद की आशंकाओं के चलते निक्सन प्रशासन ने अमेरिकी डॉलर को सोने में बदलने पर रोक लगा दी थी। पिछले कुछ महीनों से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी, अमेरिका में मुद्रास्फीति की आशंका, अमेरिकी फेड अधिकारियों के खिलाफ सरकार की टिप्पणियों और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने कीमती धातुओं में तेजी को बढ़ावा दिया है। वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंक भी सोने के बड़े खरीदार रहे हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, Sonu S/O Matadeen,R/O Gram Nihona Ninoria, Gwalior, Madhya Pradesh-475001, have change the name of my minor son **Baby of Uaha alias Aryan Jatav** aged 8 years and he shall hereafter be known as **Aryan Jatav.**

समाज की उम्मीदों को भी पूरा करने का रहता है दबाव, ये सब बढ़ाते हैं तनाव

# आखिर मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अब कवरेज बेहद ज़रूरी क्यों ?



जानकारी
भास्कर नेरुरकर

मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही महत्वपूर्ण है। हाल के समय में कई मशहूर हस्तियों के अपने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बातों को खुलकर सामने रखने और मीडिया में हो रही चर्चा से इस समस्या के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। बहुत से लोग इस बारे में खुलकर बात नहीं करते थे, जिस वजह से इसे कभी प्राथमिकता नहीं समझा गया। आज, चीजें बदल रही हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कभी काम का प्रेशर होता है, कभी पैसों की चिंता और ऊपर से समाज की उम्मीदों को भी पूरा करना पड़ता है और ये सब मिलकर रोजमर्रा का तनाव बढ़ाते हैं। इस लगातार तनाव की वजह से चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. हालांकि



टेक्नोलॉजी की मदद से हम एक दूसरे से जुड़े रहते हैं, लेकिन कई बार इससे हमें अकेलापन या तनाव का एहसास भी होता है, जो हमारे मन पर असर डालता है। समय रहते मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समाधान करने से स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। ऐसे माहौल में, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 ने इलाज तक पहुंच को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज के मुख्य लाभ

जल्दी मदद प्राप्त करना आसान : जब मानसिक स्वास्थ्य देखभाल आपके इंश्योरेंस का हिस्सा हो, तो जरूरत महसूस होते ही मदद लेना ज़्यादा आसान और संभव हो जाता है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक 03.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http:// www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **S.N.-1, NIT No.:** 25-26-W-16-83, **Date:** 30.09.2025, **Name of work including Location:** भाग ए) शिवपुरी में 2.5 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवरहेड टैंक का प्रावधान। भाग बी) कुंभराज, चाचौरा बीनागंज, पचोर रोड और सारंगपुर में 4 आरसीसी ओवरहेड टैंक (प्रत्येक 50 केएल क्षमता) का प्रावधान।, **Published cost of tender ₹:** ₹ 3,55,24,234.32, **Earnest Money:** ₹ 3,27,600, **Completion period:** 18 माह, **Last date for submitting tender:** 24.10.2025, **S.N.-2, NIT No. :** 25-26-HQ-17-84, **Date:** 01.10.2025, **Name of work including Location:** आरकेएमपी-नई आईओएच साइट आर के एम पी (रानी कमलापति) पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण, **Published cost of tender ₹:** ₹ 1,86,88,293.19, **Earnest Money:** ₹ 2,43,500, **Completion period:** 6 माह, **Last date for submitting tender:** 24.10.2025, **S.N.-3, NIT No.:** 25-26-W-17-85, **Date:** 03.10.2025, **Name of work including Location:** भाग अ) शाजापुर-8 बिस्तरों वाले आरपीएफ बैरकों का निर्माण। भाग ब) बियावरा राजगढ़-7 बिस्तरों वाले आरपीएफ बैरकों का निर्माण। भाग स) रुठियाई-मक्सी सेक्शन में 8 गेट लॉज (एलसी संख्या-91, 105, 136, 137, 146, 151, 165, 170 का निर्माण एडीईएन/शाजापुर के अधीन, **Published cost of tender ₹:** ₹ 1,78,79,269.99, **Earnest Money:** ₹ 2,39,400, **Completion period:** 12 माह, **Last date for submitting tender** 27.10.2025

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सूचना प्रकाशन क्रमांक. 19/व.ले.लि./2025-26** — **भोपाल, दिनांकः 29/09/2025**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_455210_1 | 38/SAC/2025-26 | एक्सटरनल विद्युतीकरण अंडर ग्राउण्ड केबल एवं चेंज ओवर रिपलेसिंग एलईडी स्ट्रीट लाईट रिपेयरिंग रिपलेसिंग एण्ड सब स्टेशन एण्ड मेंटेनेंस कार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज इटारसी जिला नर्मदापुरम | प्रथम आमंत्रण | 847140.00 | 16943.00 | 2000/- |
| | योगः- | | | | 847140.00 | | |

नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 30/09/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 17/10/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री
(लो. नि.वि.वि./ यां) संमाग क्र.02 भोपाल

जी - 19583/25 — स्वच्छता ही सेवा

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल, प्लाट
P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1251 — दिनांकः 23/09/2025

// संदर्भ //

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (18) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| S.no | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB6003347 | U74110MP2012PTC028352 | कॉकटेल क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB6065804 | U51900MP2012PTC028874 | युएसएस बॉसूरीवाला ट्रेडेक्सिम प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB6057252 | U62099MP2023PTC066881 | ओरनेटाइ टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB6128883 | U85110MP2001PTC014755 | उपाध्याय अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB6664102 | U45203MP2002PTC015242 | अनुराग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB6627285 | U51909MP2022PTC059169 | सोल सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल फूड एंड लिविंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB6718182 | U82200MP2024PTC072878 | देवनाथ साइबर नेक्सस प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB5772365 | U01114MP2018PTC044927 | रामराज सीड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB5871121 | U52609MP2020PTC051622 | एंजेल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB5925969 | U87200MP2024PTC070150 | वैभव लक्ष्य मानसिक स्वास्थ्य प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB6075958 | U23209MP2022PTC063465 | वायंक्तेश बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB6240558 | U55201MP2022OPC059700 | रेवियर होटेल्स एंड एस्टेट्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AB6393149 | U45400MP2022PTC063048 | विश्वक वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AB6788963 | U72900MP2018PTC046630 | पवमान इन्फोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB6931837 | U74999MP2022PTC061577 | फार्मसर्ट ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB5842249 | U45200MP2012PTC027860 | वक्रतुंड मल्टीडेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB5814027 | U70109MP2015PTC034174 | हंषिका कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AB6316223 | U13999MP2023PTC066630 | क्वालाशिप हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है. पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0403/2526

**एमएम हुरुन इंडिया ने भारत के सबसे अधिक धनी व्यक्तियों 2025 की सूची जारी की है। सूची में क्रमांकित अरबपतियों के पास जो चल-अचल संपत्तियां व परिसंपत्तियां हैं, इनका कुल मूल्य भारतीय जीडीपी के लगभग आधे हिस्से के बराबर है। भारत में अरबपतियों की बढ़ती संख्या का समाचार एक साधारण दृष्टिकोण के साथ तो देशवासियों को गर्वबोध से संचित कर सकता है, किंतु अरबपतियों की तुलना में जब जीविकाहीन व जीविकायुक्त दोनों प्रकार के करोड़ों निर्धनों की वास्तविकता सम्मुख प्रकट होती है, तो अर्थभेद का दुर्बोध भी होता है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया में भारत में अत्यधिक गरीबी में सबसे तेजी से कमी आ रही है, लेकिन भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि विश्व बैंक और आईएमएफ तक मान चुके हैं कि असमानता आर्थिक विकास की गति को धीमा कर देती है। निश्चित रूप से देश से गरीबी के तेजी से घटने और अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के बावजूद अभी हमें स्वदेशी आत्मनिर्भरता की डगर पर और तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसी असमानता का विश्लेषण करता *आजकल* का खास अंक...**

# अमीर-गरीब में बढ़ती खाई बड़ी चुनौती



**विश्लेषण**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इस समय जहां एक ओर वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है और पूरी दुनिया में भारत के अरबपतियों की संख्या भी सबसे तेजी से बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर दुनिया में भारत में अत्यधिक गरीबी में सबसे तेजी से कमी आ रही है, लेकिन भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ती जा रही है।

हाल ही में एक अक्टूबर को प्रकाशित एमएम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक भारत में 9.55 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रिलायंस इंडस्ट्री के मुकेश अंबानी पहले स्थान पर हैं। जबकि गौतम अडानी 8.1 5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची के इतिहास में पहली बार कोई महिला शीर्ष तीन में जगह बनाने में कामयाब रही हैं। वह महिला हैं, रोशनी नादर मल्होत्रा। उनके और उनके परिवार की संपत्ति का आकार 2.84 लाख करोड़ रुपये है। यह महत्वपूर्ण बात है कि 2025 की सूची भारत के अरबपति समुदाय में विस्तार का प्रतीक है। देश में अब 358 अरबपति हैं, जो 13 साल पहले की तुलना में 6 गुना अधिक हैं।

**एमएम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक भारत में 1687 ऐसे भारतीय हैं जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ से अधिक है। भारत के सभी धनी व्यक्तियों ने प्रतिदिन 1991 करोड़ रुपये की दर से संपत्ति अर्जित की है। इन सभी की कुल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले साल 2024 की तुलना में 5 फिसदी अधिक है। ऐसे में अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था स्वदेशी आत्मनिर्भरता के साथ तेजी से आगे बढ़ानी होगी और हर संभव तरीके से गरीब वर्ग के हितों का ध्यान रखना होगा।**

## देश में 1687 लोग अरबपति

इस सूची के मुताबिक भारत में 1687 ऐसे भारतीय हैं जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ से अधिक है। इस सूची में शामिल सभी लोगों की कुल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले साल 2024 की तुलना में 5 फिसदी अधिक है। यह भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग आधे के बराबर है। यह बात महत्वपूर्ण है कि पिछले दो वर्षों में भारत में औसतन हर सप्ताह एक नया अरबपति बना है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के सभी धनी व्यक्तियों ने प्रतिदिन 1991 करोड़ रुपये की दर से संपत्ति अर्जित की है। ऐसे में भारत में अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था स्वदेशी आत्मनिर्भरता के साथ तेजी से आगे बढ़ानी होगी और हर संभव तरीके से गरीब वर्ग के हितों का ध्यान रखना होगा। पूरी दुनिया ने हाल ही में यह भी देखा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश अमेरिका की व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दिए हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों गरीब किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े रहा। यह भारत सरकार का गरीबों के रोजगार हित में बड़ा कदम हैं।




## गरीबी संख्या में गिरावट दर्ज

निसंदेह भारत में गरीबी में कमी लाने के लिए बहु आयामी प्रयास किए जाने से गरीबी में बहुत तेजी से कमी आ रही है। पिछले दिनों प्रकाशित विश्व बैंक की वैश्विक गरीबी संबंधी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अत्यधिक गरीबी की स्थिति में रहने वाले लोगों की संख्या में पिछले 11 सालों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है और अत्यधिक गरीबी से करीब 27 करोड़ देशवासी बाहर निकले हैं। विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी रेखा के निर्धारण के संबंध में जो नए अनुमान जारी किए हैं उनके मुताबिक निम्न आय वाले देशों के लिए अत्यधिक गरीबी की रेखा 2.15 डॉलर प्रतिदिन के उपभोग व्यय से बढाकर अब प्रतिदिन 3 डॉलर उपभोग व्यय पर निर्धारित की गई है। ऐसे में देश में अत्यधिक गरीब लोगों की जो संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, वह 2022-23 में घट कर केवल 5.3 फीसदी रह गई है। इससे अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। निश्चित रूप से यह परिदृश्य भारत में गरीब कल्याण की दिशा में बड़ी प्रगति का स्पष्ट संकेत करता है।

## योजनाओं की सार्थकता

साथ ही यह परिदृश्य पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीब कल्याण को लक्षित करके बनाई गई अत्यधिक लाभकारी योजनाओं की सार्थकता भी प्रस्तुत करता है। खासतौर से देश में करीब 55 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 138 करोड़ आधार कार्ड (ए), तथा करीब 119 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढाँचा गरीबों के सशक्तिकरण में असाधारण भूमिका निभा रहा है। इस जैम के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। गरीबों के सशक्तिकरणसे संबंधित कई और योजनाओं से गरीबी घट रही है। इनमें स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ शौचालय और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब आर्थिक विकास और नई तकनीकों का उपयोग गरीबों के हित में किया जाना जरूरी है। अब कर सुधारों का लाभ गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों तक पहुंचना चाहिए। हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार हैं। इन दिनों नए सुधारों और नई कर व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी। ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इससे देश के गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों की आमदनी में वृद्धि होगी। अभी हमें देश में गाँवों की मजबूती, कृषि क्षेत्र की ऊँचाई और छोटे शहरों के विकास के साथ-साथ आम आदमी की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।

## आत्मनिर्भरता की डगर

निश्चित रूप से देश से गरीबी के तेजी से घटने और अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के बावजूद अभी हमें स्वदेशी आत्मनिर्भरता की डगर पर और तेजी से आगे बढ़ना होगा। हमें अभी आम आदमी के कल्याण और प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने के लिए मीलों चलना होगा। इसी वर्ष भारत, 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या की कुल आमदनी के आधार पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए। स्थिति यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया के कई देशों से बहुत पीछे है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि देश में अमीर और गरीब वर्ग के बीच खाई में कमी आएगी। आम आदमी की खुशहाली बढ़ेगी। इन सब प्रयासों के आधार पर साथ ही देश वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

# देश में लगातार गहरी हो रही असमानता



**संघर्ष**
राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की असली ताक़त उसके 140 करोड़ आम लोग हैं। किसान, मज़दूर, छोटे दुकानदार और युवा, जिनके सपनों पर आज धूल जमी है। अगर यही लोग सशक्त होंगे, तभी भारत सचमुच शक्तिशाली बनेगा। असमानता केवल आर्थिक समस्या नहीं है, यह लोकतंत्र, समाज और देश की स्थिरता के लिए खतरा है। भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना भारत होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा जब उसका लाभ सब तक पहुंचे। भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। स्टॉक मार्केट रिकॉर्ड बना रहा है, कॉरपोरेट कंपनियां अरबों-खरबों का कारोबार कर रही हैं और भारत अरबपतियों की संख्या में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। लेकिन इस चमक-दमक के पीछे एक गहरी सच्चाई छिपी है, देश में अमीर-गरीब की खाई पहले से कहीं अधिक चौड़ी हो चुकी है। 1 अक्टूबर 2025 को एम 3 एम इंडिया और हुरुन रिच लिस्ट जारी की गई, जिसमें 1,687 ऐसे भारतीय शामिल हैं जिनकी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इनकी कुल नेटवर्थ लगभग 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। यह आंकड़ा केवल अमीरों की गिनती भर नहीं है, बल्कि पूरे आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर सवाल खड़ा करता है। आज एक ही देश में दो बिल्कुल अलग दुनिया मौजूद हैं। एक ओर हैं वे उद्योगपति जिनके पास अरबों-खरबों की संपत्ति, विदेशी हवेलियां और निजी जेट हैं। दूसरी ओर करोड़ों लोग हैं जो रोज़ 200–300 रुपये की दिहाड़ी पर काम करते हैं, जिनके पास स्थायी नौकरी या पक्की छत तक नहीं है। करोड़ों किसान कर्ज़ के बोझ तले दबे हैं, मज़दूर शहरों की फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर पसीना बहाते हैं और युवा बेरोज़गारी से जूझ रहे हैं। महिलाओं को शिक्षा और रोज़गार के लिए अतिरिक्त संघर्ष करना पड़ता है। यह केवल आय का अंतर नहीं, बल्कि अवसरों और जीवन की गुणवत्ता का अंतर है। असमानता का असर पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है। गरीब माता-पिता अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दिला पाते, नतीजा यह होता है कि अगली पीढ़ी भी गरीबी में जीती है। युवाओं में निराशा और हताशा पैदा होती है और यही माहौल अपराध, नशाखोरी और हिंसा को जन्म देता है। शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों और अपराध दर का बढ़ना इसकी सीधी झलक है।

**भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा जब उसका लाभ सब तक पहुंचे।**

लोकतंत्र पर भी असमानता का असर गहरा है। राजनीति में पैसे की ताकत सबसे अहम बन चुकी है। चुनावी चंदा बड़े कॉरपोरेट्स से आता है और नीतियां अक्सर उनके हितों के हिसाब से बनती हैं। आम नागरिक का वोट बराबर है, लेकिन उसकी आवाज़ और असर लगातार कम होता जा रहा है। धीरे-धीरे लोकतंत्र "जनता का, जनता के लिए" से बदलकर "धनवानों का, धनवानों के लिए" होने लगता है। अगर यह असंतुलन बढ़ता गया तो लोकतंत्र पर भरोसा कमज़ोर हो सकता है। कुछ लोग मानते हैं कि अमीरों की संपत्ति से निवेश बढ़ेगा और रोजगार पैदा होंगे। लेकिन सच्चाई यह है कि जब आम आदमी की जेब खाली होगी तो वह बाज़ार से सामान कैसे खरीदेगा? खपत घटने पर उद्योग भी ठप पड़ते हैं। निवेश उन्हीं क्षेत्रों में होता है जहां अमीरों को मुनाफ़ा दिखता है, न कि उन क्षेत्रों में जहां गरीब और मध्यमवर्ग की ज़रूरतें पूरी हों।

यही कारण है कि विश्व बैंक और आईएमएफ तक मान चुके हैं कि असमानता आर्थिक विकास की गति को धीमा कर देती है। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब की 2024 रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष 1% लोगों के पास देश की 40.1% संपत्ति है और उनकी आय हिस्सेदारी 22.6% है। जबकि निचले 50% वर्ग के पास केवल 6.4% संपत्ति है। यानी असमानता ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह स्थिति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि सड़कों, गांवों और कस्बों में साफ देखी जा सकती है, जहां आलीशान मॉल और हाई-राइज़ टावरों के बगल में टूटी-फूटी झुग्गियां खड़ी हैं। दुनिया के कई देशों ने साबित किया है कि असमानता को कम करना संभव है। नॉर्डिक देश, स्वीडन, नॉर्वे और डेनमार्क ने उच्च कर व्यवस्था और कल्याणकारी नीतियों से सभी नागरिकों को समान अवसर दिए। वहां शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं लगभग मुफ्त हैं और रोजगार के मौके बराबरी से उपलब्ध हैं। चीन ने भी शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर बड़े निवेश किए और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। इसके उलट अमेरिका में असमानता लगातार बढ़ रही है और सामाजिक तनाव का कारण बन रही है। भारत में भी केरल की शिक्षा और स्वास्थ्य नीतियां पूरे देश के लिए मॉडल हैं।

# आर्थिक असमानता का इलाज जरूरी



**मंथन**
महेंद्र पंडित
वरिष्ठ पत्रकार

बीते दिनों जारी की गई हुरुन इंडिया की रिपोर्ट हैरान और परेशान करने वाली है। ये रिपोर्ट बताती है कि भारत के 1687 सबसे अमीर लोगों की कुल नेटवर्थ अब 167 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी है, जो देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आधे के आसपास है। इस आंकड़े से स्पष्ट होता है कि भारत में धन की एकाग्रता बेहद उच्च वर्ग के पास है और कुछ ही परिवारों के पास देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा है। हमारी समाज-व्यवस्था और कानून वगैरह इस तरह बने रहते हैं कि इस गैर-बराबरी को कोई अनैतिक या अनुचित भी नहीं मानता। रिपोर्ट में सबसे चिंता का विषय है कि देश में आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है और संपत्ति वितरण का संतुलन चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। ये आंकड़े यह सवाल भी उठाते हैं कि क्या देश में आम नागरिकों तक समृद्धि का लाभ सही मायने में पहुंच पा रहा है या नहीं। रिपोर्ट ने एक बार फिर देश के आर्थिक ढांचे और अमीरी के केंद्रित होने पर ध्यान आकर्षित किया है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समृद्धि का लाभ सभी तक कैसे पहुंचाया जाए। तेजी से बढ़ती अमीरी, निवेश और नए उद्योगों के बावजूद, यह स्पष्ट है कि आर्थिक समावेशन और संपत्ति का न्यायसंगत वितरण अभी भी जरूरी है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब न हुए तो अनेक प्रकार की चुनौतियों का उत्पन्न होना तय है। वैसे तो इस रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं है, जो एक या दो दशक में हुआ हो। यह सब हैरान करने वाला इसलिए भी नहीं है कि देश में अमीर और गरीबी के बीच खाई कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही बाकि के सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, हम लोगों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद कर सकते हैं। अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा, बस जरूरत है तुरंत और बेहतर उपाए करने की। अगर हम सफल रहे तो कुछ ही समय में हालात बदल सकते हैं।

**वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, हम लोगों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद कर**

# असमानता के दायरे को नियंत्रित करने के उपाय निकालें



**आर्थिकी**
सतीश सिंह
एजीएम, एसबीआई

देश में समानता और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के सबसे बड़े पैरोकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के ठीक एक दिन पहले एमश्रीएम इंडिया और हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट के संयुक्त उद्यम ने 1 अक्टूबर को 2025 के लिए 1,687 धनकुबेरों की सूची जारी की, जिनकी निवल संपत्ति 1,000 करोड़ से अधिक और सभी की कुल निवल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये है, जोकि देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब आधा है।

## चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

भले ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन क्या इन अमीरों के बलबूते यह 2047 में विकसित राष्ट्र बन सकता है, शायद नहीं, क्योंकि विकसित राष्ट्र बनने के लिए, किसी भी देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, उच्च मानव विकास सूचकांक, उच्च दर्जे की तकनीक, उन्नत व मजबूत बुनियादी ढांचा, उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं, उत्कृष्ट उद्योग, उत्कृष्ट सेवा क्षेत्र आदि होना चाहिए, लेकिन भारत मौजूदा असमानता के साथ ऐसे उत्कृष्ट मानक नहीं स्थापित कर सकता है। भारत की आबादी अभी लगभग 140 करोड़ है और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए स्थिर कीमतों पर यहां प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 1,14,710 रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2014-15 में केवल 72,805 रुपये थी। इस प्रकार, प्रति व्यक्ति आय में 41,905 रुपये की वृद्धि हुई। हालांकि, वर्तमान मूल्यों पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति व्यक्ति शुद्ध आय लगभग 205,324 रुपये रही थी। यहां बताना जरूरी है कि यह आंकड़ा वास्तविक प्रति व्यक्ति आय को नहीं दर्शाता है, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में प्रति व्यक्ति आय देश की कुल संपत्ति को देश की कुल आबादी से भाग देकर निकाली जाती है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2011-12 में गरीबों की संख्या 27.1% थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 5.3% या 5.44 करोड़ रह गई। इस तरह, वित्त वर्ष 2011-12 से 2022-23 की अवधि में 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण जैसे सरकारी कार्यक्रमों की वजह से गरीब,



**आर्थिक असमानता की खाई को कम करना संभव नहीं है, लेकिन सरकार और आमजन गांधी जी के आर्थिक व सामाजिक दर्शन को अमलीजामा पहनाएं तो इस खाई को कुछ हद तक पाटा जा सकेगा।**

गरीबी रेखा से बाहर निकल सके हैं, न कि उनकी आय में कोई इजाफा हुआ है। इससे इतर धनकुबेरों की संपत्ति में निरंतर और अकूत इजाफा हो रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ मौजूदा अमीर ही अमीरों की इस सूची में शामिल हैं, नए नाम भी इससे जुड़ रहे हैं, लेकिन वे आमजन नहीं हैं, बल्कि अमीर ही हैं। ऐसे में सवाल का उठना लाजिमी है कि असमानता की इस पराकाष्ठा को क्या पाटा जा सकता है?

## महात्मा गांधी की आर्थिक दृष्टि

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि असमानता की इस खाई में कभी भी अंशमात्र की कमी नहीं आ सकती है अर्थात अमीरों द्वारा बनाई गई अमीरी के इस चक्रव्यूह को तोड़ना नामुमकिन है, परंतु राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आर्थिक दृष्टि के पड़ताल से ऐसा लगता है कि समय भले जो लगे, किंतु लंबी अवधि में इस खाई नुमा किले में सेंध जरूर लगाई जा सकती है। महात्मा गांधी की आर्थिक दृष्टि मूल रूप से स्वदेशी, विकेन्द्रीकृत सूक्ष्म व लघु उद्योगों, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण-अनुकूल विकास पर केंद्रित थी। स्वदेशी अर्थात देश में सभी उत्पादों का निर्माण किया जाए इसलिए, उन्होंने हर घर में चरखा और खादी के इस्तेमाल का आह्वान किया था, जो कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का प्रतीक है। साथ ही ग्रामीणों को हुनरमंद बनाने का भी सन्देश देता था। वे जानते थे कि सिर्फ खेती-किसानी से किसान और ग्रामीण आत्मनिर्भर नहीं बन सकते हैं. आज का "मेक इन इण्डिया" इसी स्वदेशी आन्दोलन का विस्तार है, जिसे मजबूत बनाकर देश के निर्यात में तेजी लाई जा सकती है और आयात पर से हमारी निर्भरता को कम किया जा सकता है। आर्थिक गतिविधियां ग्रामीण परिवार को आत्मनिर्भर बनायेंगी और उनका योगदान जीडीपी यानी देश के विकास में सुनिश्चित किया जा सकेगा। गांधी जी ट्रस्टीशिप सिद्धांत के पैरोकार थे, जो ऐसा सामाजिक-आर्थिक दर्शन था, जिसके अनुसार अमीर व्यक्तियों को अपनी संपत्ति पर 'ट्रस्टी' की तरह व्यवहार करना चाहिए और उन्हें केवल व्यक्तिगत लाभ के बजाय समाज के कल्याण के लिए उपयोग करना चाहिए, लेकिन एकाध अपवाद को छोड़कर आज ऐसा न तो हो रहा है और न ही होने की संभावना है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि मौजूदा आर्थिक असमानता की खाई को कम करना संभव नहीं है, लेकिन अगर सरकार और आमजन गांधी जी के आर्थिक व सामाजिक दर्शन को अमलीजामा पहनाते हैं तो निश्चित रूप से असमानता की खाई को कुछ हद तक पाटा जा सकेगा।

# बढ़ रहे अरबपति और सिमट रहा अंत्योदय संकल्प



**चुनौती**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

कुछ दिन पहले एमएम हुरुन इंडिया ने भारत के सबसे अधिक धनी व्यक्तियों की 2025 की सूची जारी की है। सूची में क्रमांकित अरबपतियों के पास जो चल-अचल संपत्तियां व परिसंपत्तियां हैं, इनका कुल मूल्य भारतीय जीडीपी के लगभग आधे हिस्से के बराबर है। विश्व में चतुर्थ सर्वाधिक धनी देश, विगत कई तिमाहियों से निरंतर 5 प्रतिशत मूल्य वृद्धि के साथ पुष्ट होती भारतीय अर्थव्यवस्था, वस्तु एवं सेवा कर क्रियान्वयन की सुगमता तथा दो कम मूल्य की कर श्रेणियों की घोषणा के बाद, भारत में अरबपतियों की बढ़ती संख्या का समाचार एक साधारण दृष्टिकोण के साथ तो देशवासियों को गर्वबोध से संचित कर सकता है, किंतु अरबपतियों की तुलना में जब जीविकाहीन व जीविकायुक्त दोनों प्रकार के करोड़ों निर्धनों की वास्तविकता सम्मुख प्रकट होती है, तो अर्थभेद का दुर्बोध भी होता है। यह सत्य देश में धनिकों एवं निर्धनों के मध्य बढ़ते वास्तविक अंतराल का दोष भी परिलक्षित करता है। देश में श्रमिक वर्गीय निम्न मध्यम परिवारों से संबंध रखने वाली अधि जनसंख्या आर्थिक रूप में अभी भी स्वावलंबी नहीं बन सकी है।

## कर्मियों को जीविका का संकट

इस कुल मनुष्य संख्या में जो जीविका रहित हैं, वे तो अर्थपरतंत्रता से बंधे ही हुए हैं, किंतु जो निम्न स्तरीय व कम वेतन वाली नौकरियों में लगे हुए हैं, वे भी बस जैसे-तैसे अपने व परिवार की जीविका से बंधकर निरंतर आर्थिक अवनति से ग्रस्त हैं। आज भी लघु-दीर्घ-मध्यम स्तरीय कई निजी उद्योगों, कंपनियों, संस्थानों में कर्मचारियों के सम्मुख जीविका का संकट खड़ा है। अनेक कर्मचारी कार्य करते हुये भी वेतन विलंब व विसंगतियों से त्रस्त हैं।

शासन द्वारा स्थापित श्रमिक न्यायालय व तंत्र निष्प्रभावी बने हुए हैं। देशभर में अशासकीय निजी कर्मचारियों के निर्धारित जीविका अधिकार, वेतन व पदोन्नति के अधिकार तथा अनेक अन्य सहायक प्रोत्साहन मौद्रिक अधिकार गहन संकट में हैं। निजी उद्योगों व



**देश में धनिकों एवं निर्धनों के मध्य बढ़ते वास्तविक अंतराल का दोष परिलक्षित करता है। निम्न मध्यम परिवारों से संबंध रखने वाली अधि जनसंख्या आर्थिक रूप में अभी भी स्वावलंबी नहीं बन सकी है।**

कंपनियों के साथ लघु कार्य अनुबंधकों, एकल स्वतंत्र कर्मचारियों तथा अन्य क्रेताओं-विक्रेताओं के पदाधिकार से संबद्ध लोगों को एक निर्धारित समय पर उनका वेतन नहीं मिलता। वर्षों तक वे एक ही मूल्य पर अपनी सेवायें देते रहते हैं। इसके विपरीत ऐसे करोड़ों-करोड़ कर्मचारियों, श्रमिकों, रोजगाररत लोगों की तुलना में लाखों की संख्या में उपस्थित शासकीय कर्मचारियों का मूल वेतन तथा सहायिकियां प्रतिवर्ष बढ़ती हैं। इस परिस्थिति में शासन के सम्मुख ये प्रश्न रखना स्वाभाविक हो जाता है कि जब अर्थव्यवस्था की संपन्नता के बल पर देशभर में महंगाई नियंत्रित है तथा वस्तु व सेवा कर के अंतर्गत कम मूल्य की दो श्रेणियों के बन जाने पर अधिसंख्य वस्तुओं व सेवाओं के मूल्य में कमी होने लगेगी, तो फिर शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते कम करने की क्या आवश्यकता थी। यदि शासकीय कर्मचारियों के कल्याण बोध को केंद्र में रखकर ऐसा कर भी दिया है और वह प्रतिवर्ष ऐसा करता भी आया है, किंतु शासन का ध्यान निजी क्षेत्र में कार्यरत निम्न व मध्यम वर्गीय कर्मचारियों के मूल वेतन व महंगाई भत्तों की वार्षिक नियमित वृद्धि पर क्यों नहीं ठहरता? क्या शासकीय कर्मचारियों तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं तथा विलासी वस्तुओं-सेवाओं के मूल्य में अंतर होता है? अरबपतियों की बढ़ती संख्या के साथ गरीबों के मौलिक जीवकाधिकारों के हनन का सत्य देश की अर्थसंपन्नता को विरोधाभासी बना रहा है।

## असंतुलन बना संघर्ष का कारण

आर्थिक विकास का यह असंतुलन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक संघर्ष का कारण बनता है। शासन को इस दिशा में गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी के आगमन के उपरांत सेवायोजक सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी लाखों लोगों की साधारण व अविशिष्ट कार्य निष्पादन से जुड़ी नौकरियां या तो समाप्त हो चुकी हैं अथवा आसन्न संकट से घिरी हुई हैं। निजी क्षेत्रों में कार्यकारी घंटों में तो निरंतर वृद्धि होती आयी है किंतु प्रतिफल में मौद्रिक एवं पदोन्नति का प्रोत्साहन पहले की तरह अत्यंत सीमित है। इन परिस्थितियों में अरबपतियों की संख्या में होने वाली वृद्धि हो अथवा अर्थव्यवस्था की निरंतर प्रगति, सार्वजनिक जीवन बोध को अंत्योदय के अनुभव से वंचित रखती है।



केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को **अंतिम चेतावनी**

# अब बात करने का कोई मतलब नहीं, हथियार डालने ही होंगे

एजेंसी ⏭ जगदलपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर बस्तर में मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने बस्तर ज़िले के मुख्यालय जगदलपुर में 'बस्तर दशहरा लोकोत्सव' और 'स्वदेशी मेला' को संबोधित भी किया, इसके साथ ही उन्होंने नक्सलियों को आखिरी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खतरे को अलविदा कहने के लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की गई है। शाह ने स्पष्ट किया कि नक्सलियों के साथ बातचीत की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की लाभदायक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति को स्वीकार करने के बाद उन्हें (नक्सली) हथियार डालने होंगे।

जगदलपुर में 'बस्तर दशहरा लोकोत्सव' और 'स्वदेशी मेला' को संबोधित भी किया

नक्सलियों को हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटने की चेतावनी , विकास को प्राथमिकता

## केंद्र और राज्य सरकार प्रभावित इलाकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध



उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने (नक्सलियों से) बातचीत का आह्वान किया है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर दूं कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार, दोनों ही बस्तर और सभी नक्सल प्रभावित इलाकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब बात करने की क्या बात है? एक आकर्षक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति लागू की गई है। आगे आइए और अपने हथियार डाल दीजिए। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ को विकास कार्यों के लिए 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक दिए हैं।

**शांति भंग की तो मिलेगा करारा जवाब**

शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को सुरक्षा बल करारा जवाब देंगे। शाह ने का कि दिल्ली में कुछ लोग वर्षों से यह गलत सूचना फैलाते रहे हैं कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई के लिए हुआ था। मैं आदिवासी भाइयों को बताने आया हूँ कि पूरा बस्तर विकास से वंचित रहा है। इसका मूल कारण नक्सलवाद है।

**जगदलपुर में स्वदेशी मेले के स्टॉल का किया अवलोकन**

केंद्रीय गृह मंत्री शाह बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए जगदलपुर पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री मुरिया दरबार, लाल बाग में प्रदर्शनी का अवलोकन, बस्तर दशहरा लोकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। गृह मंत्री के साथ में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे हैं।

## गृहमंत्री शाह ने दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा

शाह ने मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना करने के साथ ही बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने व मिशन 2026 की सफलता की कामना की। ये बस्तर की कुलदेवी हैं और शक्ति का अवतार मानी जाती हैं, यह 14वीं शताब्दी में बना एक महत्वपूर्ण शक्तिपीठ है, जो दक्षिण भारतीय वास्तुकला शैली में बना है, मंदिर का महत्व धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक है, जो बस्तर के लोक जीवन का अभिन्न अंग है और बस्तर दशहरा व मड़ई जैसे त्योहारों का केंद्र है।

**बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

लालबाग मैदान में शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत बस्तर संभाग के जिलों में संचालित होने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शाह ने लालबाग में आयोजित स्वदेशी मेला के स्टॉल का भी अवलोकन किया।

---

**खबर संक्षेप**

### गोवा में केजरीवाल ने भरे मंच से मांगी माफी



**पणजी।** आप राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा के माएम में आम आदमी पार्टी के ऑफिस का उद्घाटन किया। उन्होंने भाजपा पर सरकार पर खूब निशाना साधा और गोवा की जनता को लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने मायेम में भी एक क्लीनिक खोलने का वादा किया है। इस दौरान दांव भी चला और लोगों से माफी मांगी।

### पूजा का महामंडलेश्वर पद खत्म किया



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पूरी महाराज ने कहा कि पूजा शकुन को निरंजनी अखाड़े में सदस्यता के साथ यह गरिमामयी पद दिया गया था। उनके कृत्यों से निरंजनी अखाड़ा व अखाड़ा परिषद बेहद आहत हुआ है। उन्हें अखाड़ा व महामंडलेश्वर के पद से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

### नायडू राइड बुकिंग एप लाएंगे, 15,000 रु.देंगे



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को 'ऑटो चालक सेवालो' योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत राज्य के प्रत्येक ऑटो चालक को 15,000 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी। नायडू ने आंध्र प्रदेश में ऑटो चालकों के लिए ओला-उबर जैसे नए सरकारी एप की भी घोषणा की।

### 6.5 करोड़ महिलाओं ने कराई स्वास्थ्य जांच



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू किए गए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत देशभर में आयोजित लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में 6 करोड़ 50 लाख महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच कराई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस अभियान को ऐतिहासिक बताया है।

---

पीएम ने 62,000 करोड़ की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का किया अनावरण

# आज का भारत कौशल को दे रहा प्राथमिकता बिहार को नया कौशल विश्वविद्यालय मिला



केंद्र ने आईटीआई छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह की परंपरा शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली पटना

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया। पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े। प्रधानमंत्री कहा कि कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है।

## आईटीआई टॉपर्स को सम्मानित कर बोले- बिहार को यह तोहफा

पटना से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सीएम और छात्रों से बात भी की




### 10 लाख से ज्यादा छात्र शामिल रहे, 45 टॉपर्स को किया सम्मानित

पीएम मोदी ने कहा कि इस साल भी 10 लाख से ज्यादा छात्र ऑल इंडिया ट्रेड में शामिल हुए। इनमें से 45 टॉपर्स साथियों को मुझे सम्मानित करते का अवसर मिला। इसमें बड़ी संख्या में वो नौजवान शामिल हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। इन्हें देखकर मुझे इनमें लघु भारत नजर आता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की वर्कशॉप है। साल 2014 तक हमारे देश में 10 हजार आईटीआई बने थे। देश आजाद होने के बाद 2014 तक 10 हजार और मोदी के आने के बाद नई 5,000 आईटीआई बने। शनिवार को पीएम सेतु योजना का भी शुभारंभ हुआ।

**एनडीए ने बिगड़ी व्यवस्था को पटरी पर लाया**

पीएम मोदी ने कहा कि इस पीढ़ी को शायद अंदाजा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी और एनडीए टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया। कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है।

**कौशल और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता**

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले भारत में ग्रोथ कम थे। रोजगार भी बहुत कम थे। लेकिन, आज भारत दुनिया के टॉप तीन अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। बड़े उद्योग से लेकर हमारे एमएसएमई में अभूतपूर्व बदलाव हुआ। मुद्रा योजना ने करोड़ों युवाओं को अपना रोजगार शुरू करने में मदद की। पीएम मोदी ने कहा कि हर चीज का विकल्प हो चुका है लेकिन कौशल और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता है।

पीएम ने युवाओं से किया वर्चुअल संवाद

**यह युवाओं के बेहतर भविष्य की गारंटी**

पीएम मोदी नें बिहार के युवाओं के साथ ऑनलाइन संवाद किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार नेतृत्व में बिहार का काफी विकास हुआ है। युवा आयोग, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत कई योजना बिहार के युवाओं के बेहतर भविष्य की गारंटी है। आज बिहार के युवाओं के सशक्तिकरण का यह मेगा प्रोग्राम है। यह दिखाता है कि एनडीए सरकार बिहार के नौजवानों और महिलाओं को कितनी प्राथमिकता देती है। आज 21वीं सदी की मांग है कि हम देश की जड़ों को ध्यान में रखें।

**सीएम नीतीश कुमार ने दिया पीएम मोदी को धन्यवाद**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आज 11 विकास योजनाओं की सौगात मिल रही है। बिहार के युवाओं को नियुक्ति पत्र और 25 लाख छात्रों को छात्रवृति का वितरण किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं से बिहार के युवाओं को काफी फायदा होगा। इन सबके लिए मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। स्टूडेंट क्रेडिट कार्य योजना, स्वसहायता भत्ता योजना समेत कई योजना चलाई। 10 लाख नौकरी 40 लाख रोजगार बिहार के युवाओं को दिया गया है।

**छात्र-छात्राओं ने दिया सरकार को धन्यवाद**

पीएम मोदी के संवाद कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत बिहार के कई वरिष्ठ मंत्री और सांसद इस कार्यक्रम में जुड़े। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने नीतीश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि आने समय में एक करोड़ लोगों को बिहार सरकार सरकारी नौकरी और रोजगार देगी। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ लेने वाली कुमारी संजना ने कहा कि इस योजना के तहत हजार रुपए प्रतिमाह मिलने से काफी लाभ मिला। मैं पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार को धन्यवाद देता हूं। वैशाली निवासी अतुल राज ने कहा कि मैंने पटना साइंस कॉलेज से स्नातक किया है।

---

बिहार चुनाव पर ईसी की दलों के साथ चर्चा

# चुनाव को सौहार्द्र से मनाएं व वोटरों का सम्मान करें



एजेंसी ⏭ गांधीनगर

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर चुनाव आयोग की टीम और सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के बीच पटना में बैठक हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु एवं चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी और बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के साथ बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ यह चर्चा हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ चर्चा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान आयोग ने सभी दलों को सुना और उनकी मांगों पर भी विचार कियाए साथ ही सभी दलों को आगाह भी किया।

**इन अहम मुद्दों पर की बात**

- चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल जनतंत्र की आधारशिला हैं, सभी दलों को पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया के हर पड़ाव पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए
- आयोग ने कहा कि चुनाव के पर्व को सौहार्द से मनाएं, मतदाताओं का सम्मान करें
- आयोग ने आह्वान किया कि चुनाव की पारदर्शिता का अनुभव करें, हर बूथ पर राजनैतिक दल अपने पोलिंग एजेंट नामित करना न भूलें
- राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग के मतदाता लिस्ट को अपडेट करने के लिए एसआईआर के ऐतिहासिक, पारदर्शी और दृढ़ कदम उठाने के लिये धन्यवाद किया और चुनावी प्रक्रिया के प्रति अपनी पूरी निष्ठा और विश्वास को दोहराया
- राजनीतिक दलों ने मतदान केंद्र पर 1,200 मतदाताओं की अधिकतम संख्या निर्धारित करने के लिए आयोग का धन्यवाद किया

**1-2 चरणों में चुनाव कराएं: भाजपा**


सभी दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव और मांग को चुनाव आयोग के सामने रखा। भाजपा ने चुनाव आयोग के सामने 16 सूत्री मांग और सुझाव रखे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने 1-2 चरणों में चुनाव कराने की मांग की है। भाजपा ने मतदाताओं को चुनाव प्रारंभ होते ही वोटर स्लिप सही तरीके से बांटने की मांग की है। भाजपा ने चुनाव के एक दिन पूर्व विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय पैरामिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च कराने की भी मांग रखी तथा चुनाव के दिन जिला और विधानसभा क्षेत्र का बोर्डर सील कराने की मांग की।

---

बरेली बवाल पर कार्रवाई

# नफीस के 'बरातघर' पर चला बुलडोजर, फरहत का घर सील

एजेंसी ⏭ बरेली



यहां बवाल के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन ने उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। बीडीए ने शनिवार को आरोपी डॉ. नफीस के जखीरा स्थित बरातघर रज़ा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। उधर, फाइक एन्क्लेव में मौलाना तौकीर रजा को शरण देने वाले फरहत के मकान को सील कर दिया गया है। वहीं सैलानी में अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर से चला है। डॉ. नफीस और उसके बेटे को जेल भेजा जा चुका है। उसकी मार्केट को बवाल के बाद सील कर दिया गया था। अब उसके बरातघर पर कार्रवाई हुई है। मौके पर पहुंचे किला इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर फोर्स तैनात की गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी या सीलिंग की इसकी जानकारी नहीं है। इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे।

**गंगा के ऊपर पुल पर लटकी बस**



**सभी 16 यात्री सुरक्षित**

**प्रयागराज।** दिल्ली जा रही रामपुर डिपो की एक यूपी रोडवेज बस अचानक अनियंत्रित होकर गंगा पुल पर रैलिंग से टकरा गई। बस रैलिंग से बाहर निकलकर गंगा की ऊपर झूल गई। थोड़ी रफ्तार और तेज होती तो बस गंगा में समा सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के वक्त बस में 16 यात्री सवार थे। चीख पुकार के बीच आसपास के लोगों ने यात्रियों को बाहर निकाला।

शिवराज ने लालू परिवार पर बोला हमला

# किडनी देने वाली बेटी का भी तिरस्कार विपक्ष परिवारवाद और कुर्सीवाद में उलझा

एजेंसी ⏭ पटना



बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लालू परिवार को निशाने पर लिया है। चौहान ने कहा कि बिहार में हो रहे विकास को देखकर विपक्ष कुंठित है। उन्होंने लालू की बेटी रोहिणी आचार्य का नाम लिए बिना लालू परिवार में चल रही लड़ाई पर बयान दिया। चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष परिवारवाद और कुर्सीवाद में उलझ गया है। किडनी देने वाली बेटी का भी तिरस्कार हो रहा है, कौन होगा इसी पर महाभारत मची हुई है, एक यहां है, एक वहां है और वहां से भी तय नहीं कर रहे हैं कि कौन होगा यहां?

**राहुल की कुंठा विदेश में निकल रही**

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कुंठा देश में नहीं विदेश में निकल रही है। शिवराज ने कहा, कि वह विदेश में जाकर देश को बदनाम करने का पाप और अपराध कर रहे हैं और जो देश को दुनिया में बदनाम करते हैं, जनता उनको कभी स्वीकार नहीं करती है।

---

दिल्ली में कोर्ट में बाधा डालने का एक अजीबोगरीब मामला

पुलिस ने किया गिरफ्तार

# सुनवाई में सिगरेट और शराब पीता रहा हिस्ट्रीशीटर, बदन पर सिर्फ अंडरवियर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में कोर्ट की कार्यवाही में बाधा डालने का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है जो सिगरेट और शराब पीते हुए अंडरवियर पहनकर कोर्ट की सुनवाई में पेश हुआ। इस पर कोर्ट के रिकॉर्ड कीपर ने शिकायत दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही कोर्ट की सुनवाई में बाधा डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह सिगरेट और शराब पीते हुए अंडरवियर में सुनवाई में पेश हुआ था। पुलिस ने बताया कि गोकुलपुरी निवासी 32 साल का मोहम्मद इमरान एक हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ दिल्ली भर में लूट, झपटमारी और अन्य अपराधों के 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। तीस हजारी कोर्ट के रिकॉर्ड कीपर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

**बार-बार निर्देश के बावजूद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मौजूद रहा**

नार्थ दिल्ली के डीसीपी राजा बंठिया ने कहा कि आरोप है कि 16 और 17 सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति अकीब अखलाक नाम से अदालत की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुआ। वह सिगरेट और शराब पीते हुए अपने अंडरवियर में दिखाई दिया। बार-बार जाने के निर्देश दिए पर भी मौजूद रहा, जिससे कार्यवाही में व्यवधान पैदा हुआ। आईपी एड्रेस और कॉल डेटा रिकॉर्ड की जांच से पता चला कि संदिग्ध ने कई फर्जी ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया।

---

सीतारमण ने लॉन्च किया 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' कैंपेन

# 1.84 लाख करोड़ की वित्तीय संपत्तियां मालिकों को ही मिलेंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कैंपेन लॉन्च किया है। 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के जरिए बैंकों और रेगुलेटरी के पास बिना दावे वाली संपत्तियों को उनके मालिकों को दिया जाएगा। यह अभियान 3 महीने तक चलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये संपत्तियां उनके असली मालिकों तक पहुंचें।

**केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि यह अभियान 3 महीने चलेगा**




**आपकी सारी राशि सुरक्षित**

सीतारमण ने कहा कि दावे के बिना धनराशि बैंकों, आरबीआई या आईईपीएफ (निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष) के पास पड़ी है। हमें इन निधियों के असली मालिकों और दावेदारों का पता लगाना होगा और उन्हें धन सौंपना होगा। उन्होंने भरोसा दिया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के अनुसार, 1,84,000 करोड़ वहां पड़े हैं। यह राशि सुरक्षित है। मैं आपको आश्वस्त कर सकती हूं कि यह पूरी तरह सुरक्षित है। आप जब चाहें उचित कागजात के साथ आएं। आपको धन दिया जाएगा। सरकार इसकी संरक्षक है। मंत्री ने कहा कि अगर किसी वजह से संपत्ति पर लंबे समय तक दावा नहीं किया जाता है, तो उसे एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

**अधिकारियों से 3 पहलुओं पर काम करने को कहा**

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री ने कहा कि बैंकों और नियामकों के पास बैंक जमा, बीमा, भविष्य निधि या शेयरों के रूप में 1.84 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने अधिकारियों से तीन महीने के अभियान के दौरान इन बिना दावे वाली संपत्तियों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने के लिए तीन पहलुओं- जागरूकता, पहुंच और कार्रवाई - पर काम करने का आग्रह किया।

**पोर्टल के जरिए आसानी से मिलेगा पैसा**

उन्होंने कहा कि जमा राशि के मामले में यह बैंकों से आरबीआई के पास जाता है, और शेयर या इसी तरह की संपत्तियों के मामले में यह सेबी से 'किसी अन्य केंद्र या आईईपीएफ'में जाता है। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई ने यूडीजीएएम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स गेटवे टू एक्सेस इन्फॉर्मेशन) पोर्टल बनाया है। इसलिए, यह एक बिना दावे वाले क्षेत्र से दूसरे बिना दावे वाले क्षेत्र में जा रहा है। जैसे ही आप दावा करेंगे, आपको यह मिल जाएगा। इसलिए, मुझे सच में लगता है कि अब समय आ गया है कि हम सभी इस बारे में सभी को बताएं।

पीएम मोदी के मिशन 'सुदर्शन चक्र' लक्ष्य का हिस्सा

किसी भी तरह के हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी

# भारत 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा

*यह सिस्टम 30 मिमी मल्टी बैरल मोबाइल एयर डिफेंस गन होगा, जिसकी फायरिंग दर बहुत तेज है। इसका इस्तेमाल यूएवी, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसी खतरनाक हमलों से रक्षा और अंतरराष्ट्रीय सीमा व नियंत्रण रेखा के पास प्रमुख आबादी और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए किया जाएगा*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर घोषित महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय सुरक्षा पहल मिशन 'सुदर्शन चक्र' के तहत एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए स्टेट ओनड एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) को टेंडर जारी किया है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना ने 6 एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम्स की खरीद के लिए रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है।

### आबादी की सुरक्षा हो सकेगी

इसका इस्तेमाल यूएवी, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार (यूआरएएम) जैसी खतरनाक हमलों से रक्षा और अंतरराष्ट्रीय सीमा व नियंत्रण रेखा के पास प्रमुख आबादी और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए किया जाएगा।

## एक मिनट में 3000 राउंड फायर, 4 किमी की रेंज, पाकिस्तान सीमा पर होगी तैनाती



### मई में हुआ था परीक्षण

सेना ने मई में एके-630 का आंतरिक परीक्षण किया था, जो पाकिस्तान के साथ संघर्ष के तुरंत बाद हुआ। परीक्षणों में सिस्टम ने प्रशिक्षण हवाई लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया, हालांकि कुछ सुधार के क्षेत्रों की पहचान भी की गई। साल के चार दिवसीय सीमा पार संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात और राजस्थान के सीमावर्ती राज्यों में नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर सीधे हमले किए थे।

### आयरन डोम की तरह करेगा काम

*मिशन सुदर्शन चक्र आंशिक रूप से इजरायल की प्रसिद्ध आयरन डोम की तरह मॉडल किया गया है। इसका उद्देश्य 2035 तक भारत के लिए एक व्यापक, बहु स्तरीय, स्वदेशी सुरक्षा ढाल तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम को एकीकृत किया जाएगा।*

### हर मौसम में कारगर

*यह गन सिस्टम ट्रेलर पर माउंट किया जाएगा और उच्च गतिशीलता वाले वाहन से टो किया जाएगा। सिस्टम में ऑल वेदर इलेक्ट्रो ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम के जरिए लक्ष्य का पता लगाने और उसे निशाना बनाने की क्षमता होगी। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात और राजस्थान के सीमावर्ती राज्यों में नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर सीधे हमले किए थे। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी।*

### स्वदेशी सिस्टम का पहला परीक्षण पूरा

भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला परीक्षण कामयाब रहा था। यह टेस्ट 24 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया था। आईएडीडब्ल्यूएस एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम), एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें (वीएसएचओआरएडीएस) और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रत्यर्पण से बचने नीरव ने ली कोर्ट की शरण



**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टॉर्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवंबर को हो सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है।

### जापान में तकाइची पहली महिला पीएम



**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला पीएम मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है। ताकाइची पूर्व पीएम शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। ताकाइची ने पूर्व पीएम जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताकाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी।

एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने दी यह जानकारी

## गाजा में शांति बहाली के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों की पीएम मोदी ने की सराहना



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा में जारी संघर्ष को पूरी तरह से खत्म कर शांति बहाली के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की है।

इस संबंध में उन्होंने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की। जिसमें कहा कि 'गाजा में शांति स्थापना से जुड़े हुए प्रयासों में निर्णायक प्रगति के लिए हम राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करते हैं। बंधकों की रिहाई (हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली लोग शामिल) के संकेत एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत स्थायी और न्यायपूर्ण शांति की दिशा में जारी सभी प्रयासों का दृढ़तापूर्वक समर्थन करता रहेगा'।

### प्रस्ताव के पक्ष में खड़ा भारत

*प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के 29 सितंबर के शांति प्रस्ताव की घोषणा का भी स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर दिए अपने एक बयान में कहा था कि हम गाजा में दोनों पक्षों के मध्य व्यापक रूप से शांति स्थापित करने की अमेरिका के राष्ट्रपति की योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह योजना फिलिस्तीन और इजरायल के लोगों के साथ-साथ विस्तृत पश्चिम-एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक स्थायी शांति और सुरक्षा-विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। इसके अलावा पीएम ने यह आशा भी व्यक्त की थी कि सभी संबंधित पक्ष ट्रंप की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने, शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।*

### शांति प्रस्ताव से पीछे हटा हमास?

*वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच पहले संघर्षविराम को लेकर तैयार की गई अमेरिकी राष्ट्रपति की शांति योजना से सहमति जताने वाले हमास के रुख में अचानक परिवर्तन आने की भी चर्चा जोरों पर है। जिसमें विदेशी मीडिया के हवाले से ये जानकारी मिल रही है कि हमास के सैन्य प्रमुख इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने ट्रंप की शांति योजना को खारिज करते हुए कहा है कि जब तक फिलिस्तीन की गारंटी नहीं मिलती। तब तक हमास युद्ध को नहीं रोकेगा। अमेरिका की तरफ से हालांकि शुरुआत में ही हमास को ये चेतावनी दे दी गई थी कि अगर वो इस शांति योजना को स्वीकार नहीं करेगा।*

***ट्रंप ने बनाई शांति की 20 सूत्रीय योजनाः*** *गौरतलब है कि पीएम की यह टिप्पणी हमास द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा क्षेत्र में शांति स्थापना के लिए रखी गई 20 सूत्रीय योजना को स्वीकारने के शुरुआती ऐलान के बाद आई है। पिछले महीने के अंत में 29 सितंबर को ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक के बाद गाजा क्षेत्र में शांति स्थापना को लेकर इसका ऐलान किया गया था।*

पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले टीआरएफ पर बड़ी कार्रवाई

यूएपीए की धारा 25 के तहत लिया एक्शन

## श्रीनगर में सरगना सज्जाद गुल की 2 करोड़ रु. की 'संपत्ति' कुर्क

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

पहलगाम टेरर अटैक को लेकर श्रीनगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के संस्थापक सज्जाद गुल की दो करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर दी।

सज्जाद पर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का आरोप है। इसमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टूवाला मारा गया था।

एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रोज एवेन्यू, एचएमटी में स्थित 15 मरला जमीन (सर्वे संख्या 43 मिनट, एस्टेट खुशीपोरा) पर बने एक तीन मंजिला आवासीय मकान को कुर्क किया है।

राजस्व रिकॉर्ड और तहसीलदार सेंट्रल श्रीनगर के अनुसार, लगभग 2 करोड़ रुपए मूल्य की यह संपत्ति गुलाम मोहम्मद शेख, पुत्र ख्वाजा अनवर शेख, नामित आतंकवादी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के पिता के नाम दर्ज है।

पुलिस के अनुसार यह कुर्की श्रीनगर पुलिस की आतंकवाद के वित्तीय, रसद और संचालन नेटवर्क को ध्वस्त करने की चल रही रणनीति का हिस्सा है। इसमें उनके सीमा पार प्रायोजक और समर्थक भी शामिल हैं। यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश देती है कि आतंकवाद को सहायता देने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को सख्त कानूनी परिणाम भुगतने होंगे

### कार्रवाई कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई

राष्ट्र विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने में शामिल रहा है



### एफआईआर दर्ज की थी

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई पुलिस स्टेशन परिमपोरा में दर्ज एफआईआर के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई एफआईआर संख्या 235/2022 के तहत की गई है, जो कि थाना परिमपोरा में यूएपीए की धाराएं 13, 38, 20 और ईआईएमसीओ एक्ट की धाराएं 2/3 के अंतर्गत दर्ज है। यह कार्यवाही गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 25 के तहत शुरू की गई थी। जो अधिकारियों को आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की गई या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्तियों को कुर्क करने का अधिकार देती है।

### पुलिस कार्रवाई ने दिया बड़ा संदेश

*पुलिस के अनुसार, यह कुर्की श्रीनगर पुलिस की आतंकवाद के वित्तीय, रसद और संचालन नेटवर्क को ध्वस्त करने की चल रही रणनीति का हिस्सा है। इसमें उनके सीमा पार प्रायोजक और समर्थक भी शामिल हैं। पुलिस ने आगे कहा कि यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश देती है कि आतंकवाद को सहायता देने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को सख्त कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। इसमें अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। टीआरएफ अनुच्छेद 370 के बाद अस्तित्व में आया। पुलिस के अनुसार यह 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले सहित कई आतंकी हमलों में शामिल रहा है।*

### संपत्ति पिता के नाम सज्जाद हितधारक

यह कार्रवाई तहसीलदार सेंट्रल शालटेंग द्वारा सत्यापन के बाद कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरी की गई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि संपत्ति आतंकवादी के पिता के नाम पर पंजीकृत है, लेकिन जांच से पता चला है कि सज्जाद गुल इसमें एक सक्रिय हितधारक है। उन्होंने कहा कि सज्जाद आतंकवाद को बढ़ावा देने, राष्ट्र-विरोधी प्रचार करने और अलग-अलग ऑनलाइन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार के खिलाफ असंतोष भड़काने में शामिल रहा है।

## मंत्री मांडविया ने मलेशिया में की साइकिलिंग



**कुआलालम्पुर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को मलेशिया के टिटिवांगसा पार्क में प्रवासी भारतीयों के साथ साइकिलिंग की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि टिटीवांग्सा पार्क में साइकिलिंग का आनंद लिया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों के साथ अपनेपन को महसूस किया। मांडविया भारत सरकार की ओर से 'सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि' के लिए अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ पुरस्कार 2025 प्राप्त करने के लिए मलेशिया दौरे पर हैं। मलेशिया में 29 लाख से ज्यादा भारतीय मूल के लोग रहते हैं।

रूस का यूक्रेन पर बड़ा हवाई हमला

## पैसेंजर ट्रेन और स्टेशन पर दागे बम, 30 लोग घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यूक्रेन के उत्तरी क्षेत्र सुमी में रूस ने हवाई हमलों में एक पैसेंजर ट्रेन को निशाना बनाया गया है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि रूसी हमले में रेलवे स्टेशन और कीव जा रही ट्रेन को टारगेट किया गया। ट्रेन को काफी नुकसान पहुंचा है। ओलेह ने कहा कि इस हमले में 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं, राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका में रेलवे स्टेशन पर एक क्रूर रूसी ड्रोन हमला हुआ। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने क्षतिग्रस्त, जलती हुई यात्री बोगी और अन्य बोगियों की खिड़कियां उड़ती हुई दिखाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। जेलेंस्की ने कहा कि इस घटना में कई रेलकर्मी भी घायल हुए हैं। उन्होंने इसे आतंकवाद बताया जिसकी दुनिया को अनदेखी नहीं करनी चाहिए।


परिजनों ने शव को वापस लाने के लिए केंद्र सरकार से लगाई गुहार

## अमेरिका के डलास में भारत के 28 वर्षीय युवा चंद्रशेखर पोले की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ बढ़ते आपराधिक मामलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। 28 वर्षीय युवा भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोले की हत्या का मामला सामने आया है। बीते शुक्रवार को एक अज्ञात बंदूकधारी ने डलास के एक गैस स्टेशन पर पोले की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वे हैदराबाद के रहने वाले थे। भारत में अपनी डेंटल सर्जरी की स्नातक शिक्षा पूरी करने के बाद वह करीब दो साल पहले 2023 में उच्च-शिक्षा ग्रहण करने के लिए अमेरिका गए थे।

### गैस-स्टेशन में चल रही थी पार्ट-टाइम नौकरी



चंद्रशेखर पोले की अमेरिका में हाल ही में उच्च-शिक्षा पूरी हुई है। जिसके बाद वह डलास में ही एक गैस स्टेशन पर पार्ट टाइम काम कर रहा था और उसके साथ ही उसे अमेरिका में ही अपने लिए एक स्थायी नौकरी की भी तलाश थी। मृतक के परिवार के सदस्यों ने अमेरिका से अपने बेटे की पार्थिव देह को वापस स्वदेश लाने के लिए केंद्र सरकार से मदद देने की मांग की है।

### बीआरएस ने उठाया मामला

बीआरएस के विधायक और तेलंगाना में पूर्व मंत्री रहे टी. हरीश राव ने भी इस मामले का उठाया है। उन्होंने पार्टी के एक अन्य विधायक सुधीर रेड्डी के साथ मिलकर शनिवार को मृतक के परिजनों से हैदराबाद में उनके घर जाकर मुलाकात की है।

पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद स्टार्मर की पहली भारत यात्रा होगी

## अगले सप्ताह 8 से 9 अक्टूबर तक होगा ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर का भारत दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी टैरिफ संकट और दुनिया के कई क्षेत्रों में जारी संघर्ष के बीच ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर अगले सप्ताह 8 से 9 अक्टूबर तक भारत के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि पीएम मोदी और पीएम स्टार्मर के बीच 9 अक्टूबर को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भारत-ब्रिटेन व्यापक सामरिक भागीदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर भी बातचीत की जाएगी। बताते चलें कि 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस यानी महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर ब्रिटेन में तोड़ी गई उनकी प्रतिमा के मामले के सामने आने के तुरंत बाद ब्रिटेन के पीएम की यह भारत यात्रा हो रही है। इसके अलावा ब्रिटेन में भारत के खिलाफ उठने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा खालिस्तानियों की आक्रामकता और उनके भारत विरोधी प्रदर्शनों से जुड़ा हुआ है। दोनों नेताओं की वार्ता में इसे भी शामिल किया जा सकता है।

**आगामी 10 वर्षों के विजन पर चर्चाः** मंत्रालय के मुताबिक, मौजूदा वर्ष 2025 में आम चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद ब्रिटेन के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद की जाने वाली कीर स्टार्मर की यह पहली भारत यात्रा होगी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच आगामी दस वर्षों यानी 2035 तक के विजन को ध्यान में रखते हुए व्यापक सामरिक भागीदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## अमेरिका में शटडाउन जारी, डेमोक्रेट्स समर्थन देने को राजी नहीं

14 अक्टूबर तक शटडाउन रहने की आशंका

## ट्रंप चौथी बार फंडिंग बिल पास कराने में फेल, गैरजरूरी सरकारी कामकाज 'ठप'

*सीनेट में 60 की जगह सिर्फ 54 वोट मिले*

*7 लाख कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा गया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए। इस वजह से देश में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। फंडिंग बिल पास न होने से गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप है। वोटिंग के बाद विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसद हॉल छोड़कर चले गए।

दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। बता दें, अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है।



### डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी

100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं। रिपब्लिकन नेता जॉन थ्यून का आरोप है कि डेमोक्रेट्स ने कट्टर समर्थकों के दबाव में आकर सरकार को बंद कर दिया। सेना, बॉर्डर एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन काम कर रहे हैं।

### बुधवार से शुरू हुआ शटडाउन

*अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है।*

### शटडाउन के लिए ट्रंप जिम्मेदार

*वहीं डेमोक्रेट नेता चक शूमर कह चुके हैं कि ट्रंप अमेरिका के हेल्थ केयर प्रोग्राम को सिक्योर करने से इनकार कर रहे हैं और शटडाउन के लिए जिम्मेदार हैं। स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि सरकार का खुला रहना पूरी तरह डेमोक्रेट्स के हाथ में था।*

# रंजिश पर भाजपा नेत्री को गुर्जर परिवार के सदस्यों ने घसीट-घसीट कर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमन कॉलोनी सिद्ध नगर, ओमकारा सेवनियां में गुर्जर परिवार के पांच लोगों ने 55 साल की भाजपा नेत्री से मारपीट कर दी। पुरानी रंजिश में आरोपियों ने उन्हें घसीट-घसीट कर पीटा। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने भाजपा नेत्री की शिकायत पर परिवार के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शकुन शर्मा (55) अमन कॉलोनी, सिद्ध नगर, ओमकारा सेवनियां में रहती है और बिलखिरिया मंडल की महामंत्री हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति और बेटा अशोका गार्डन में रहते हैं। वह अमन कॉलोनी में अकेली रहती हैं। उनके मोहल्ले में सुनील गुर्जर परिवार के साथ रहता है। सुनील गुर्जर की पत्नी गीताबाई और बच्ची तनु, अन्नु और बेटा अनुराग है।

**खास बातें**

- नेत्री की शिकायत पर परिवार के पांच लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया मामला
- गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की
- घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

### मंदिर जाते समय रास्ते में रोका



परिवार के लोग उनसे रंजिश रखकर बैठे हैं। शकुन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे के आसपास वह मंदिर जा रही थी, तभी सुनील गुर्जर और उसके परिवार के लोगों ने उसे घर के सामने सड़क पर रोक लिया। वे गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। मारपीट होती देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाया, जबकि कुछ लोग बीच बचाव करने पहुंचे थे और आरोपियों से उन्हें बचाया।

### ब्रह्मणों को मंदिर में जाने नहीं दिया जाता

सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसे मंदिर का विवाद बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर लिखा जा रहा है कि गुर्जर परिवार ने शिव मंदिर पर कब्जा कर रखा है और ब्रह्मणों को मंदिर में जाने नहीं दिया जाता है। प्रकरण में थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी का कहना है कि कॉलोनी में केवल एक ही गुर्जर परिवार है। मंदिर पर कब्जे की बात सामने नहीं आई है।

**गोविंदपुरा पुलिस और डीसीपी को दिया शिकायती आवेदन**

## हबीबगंज कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष को धमकी

हबीबगंज कल्याण एसोसिएशन (एचएसए) फर्म एवं सोसाइटी के अध्यक्ष को पद से त्याग पत्र देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। उन्होंने घटना की शिकायत डीसीपी और थाना प्रभारी गोविंदपुरा को की है। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। एचएसए संस्था के अध्यक्ष परितोष नंदी ने बताया कि विगत कुछ महीनों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बलपूर्वक और धमकी देकर संस्था पर कब्जा किए जाने की कोशिश की जा रही है। उनकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संस्था में जो लोग सदस्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गौतम सरदार, दीपेन हालदार एवं उनके साथी धमकी दे रहे हैं। उनके द्वारा प्रेसिडेंट एवं सेक्रेटरी को जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। धमकी में कह रहे हैं कि अपने पद से त्याग पत्र दे दो, नहीं तो बहुत बुरा होगा।

## बड़ी बहन के घर इलाज कराने आई छोटी बहन ने लगाई फांसी

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित राजवंश कॉलोनी में शनिवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मूलतः रायसेन जिले के गांव की रहने वाली युवती एक दिन पहले ही बड़ी बहन के घर पथरी और पेट दर्द का इलाज कराने आई थी। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संजू जाटव पिता बालमुकुंद जाटव (19) मूलतः गांव मखनी, जिला सीहोर की रहने वाली थी। उसकी बड़ी बहन मंजू जाटव भोपाल में राजवंश कॉलोनी, करोंद में रहती है और डीमार्ट में नौकरी करती है। शुक्रवार को संजू बड़ी बहन मंजू के कमरे पर पहुंची थी। संजू को पथरी का इलाज कराना था। पथरी होने के कारण उसे पेट में दर्द बना रहता था। शनिवार सुबह ड्यूटी होने के कारण मंजू डीमार्ट अपनी ड्यूटी पर चली गई। घर पर संजू अकेली थी। दोपहर करीब 12 बजे के आसपास पड़ोस में रहने वाले सुरेंद्र चौधरी की नजर मंजू के कमरे पर पड़ी तो उसने संजू को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। उसने मंजू को घटना की जानकारी दी। इधर पुलिस को भी सूचना मिल गई थी। पुलिस मौके पर एफएसएल की पार्टी के साथ पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

**खबर संक्षेप**



### शिविर में 502 लोगों ने किया रक्तदान

**संतनगर।** संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के तहत जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा एवं संयोजक महेश वीधानी के मार्गदर्शन में मानवता का महापर्व रक्तदान शिविर संत निरंकारी सत्संग भवन, स्काईलैंड गार्डन के पास, शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में कॉलेज की छात्राओं सहित कुल 502 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

### वूमन विंग्स ग्रुप की एग्जीबिशन आज से

**संतनगर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए समय-समय पर वूमेन विंग ग्रुप की संचालन भूमिका शर्मा, ऊषा वाधवानी, रिद्धि वाधवानी और पूनम परलानी द्वारा किया जाता है। भूमिका शर्मा ने बताया कि वूमेन विंग ग्रुप द्वारा त्यौहारों पर बेहद ही सस्ते दामों और अच्छी क्वालिटी का सामान उपलब्ध करवाया जाता है। इस एग्जीबिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार प्रदान करना और आत्मनिर्भर बनाना है। इस बार यह एग्जिबिशन दीपावली के उपलक्ष में लगाई जा रही है, जो 5 और 6 अक्टूबर को हलालपुर लालघाटी स्थित एसओटेल के थर्ड फ्लोर पर लगाई जाएगी।

### भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

**तामोट।** भाजपा जिला कार्यकारिणी में भोजपुर क्षेत्र के प्रार्थना चौहान, शैलेंद्र गिरी, ओपी मीणा, दीपेश पाल, सुशील शर्मा को जिला कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनने पर तामोट की जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, बाबूलाल, रामपाल चौहान, सुरेश तिवारी, वीरेंद्र परसाई, मोनू नागर, संजीव चौहान, रामकिशोर चौहान, लक्ष्मी प्रजापति आदि ने बधाई दी

### जिला कार्यकारिणी में औबेदुल्लागंज का एक भी सदस्य नहीं

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा की रायसेन जिला कार्यकारिणी में औबेदुल्लागंज का कोई भी नेता पदाधिकारी नहीं बन सका। पूर्व कार्यकारिणी में रविंद्र विजयवर्गीय महामंत्री थे। उनका विरोध बढ़ने से उनको इस बार जिला कार्यकारिणी में स्थान नहीं दिया गया है। रविंद्र विजयवर्गीय को कार्यकारिणी में नहीं लेने पर कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराज एवं दुखी हैं। वहीं कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं खुश नजर आ रहे हैं। साथ ही मांग की है कि औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल से किसी युवा को जिला कार्यकारिणी में लिया जाए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 5027 | | |
| दिनः | 560 | 19 | 450 |
| रातः | 890 | 78 | 477 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 269 | 70 | 226 |
| रातः | 779 | 31 | 236 |

झांकी विसर्जन देखने के बाद लौटते समय लोहा बाजार की गली में तड़के हुई वारदात

# चाकू से हमला कर दो तोला सोने की चेन और मोबाइल लूट कर भागे नकाबपोश बदमाश

*पुराना कबाड़खाना की गली में लघुशंका करने गया था युवक*

*पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पुराना कबाड़खाना, लोहा बाजार में शनिवार तड़के दो नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसके गले से दो तोला गोल्ड की चेन मय लॉकेट और मोबाइल छीन लिया। घटना के समय वह विसर्जन घाट से झांकियां देखकर लौट रहा था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूटपाट और चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सुदेश चौहान पिता शांतारामा चौहान (38) बरखेड़ी कला, रातीबढ़ में रहता है और प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि छोटे तालाब पर वह झांकी विर्सजन देखने पहुंचा था। वहां से कोतवाली इलाके में पहुंचा। लोहा बाजार में एक सुनसान गली में वह लघुशंका करने के लिए गया था। तभी दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए उसके पास पहुंचे और चाकू से हमला कर दिया। एक युवक ने पीठ पर चाकू मारा, जबकि दूसरे ने बाएं पैर पर चाकू मारा था। इसी बीच बदमाशों ने उसके गले से दो तोला सोने की चेन उसमें लगा एक ग्राम सोने का लॉकेट सहित वीवो कंपनी का मोबाइल छीन कर गलियों में भाग निकले।

### स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

चीख पुकार सुनकर वहां आसपास रहने वाले कुछ लोग सुदेश की मदद के लिए पहुंचे, जब तक आरोपी लूटपाट कर भाग निकले थे। लोगों ने सुदेश को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि कुछ ही देर बाद लोगों की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई थी। पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लगा।



### होटलकर्मी से मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार

इधर, कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज लालघाटी पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने होटल से ड्यूटी कर घर जा रहे होटलकर्मी से मोबाइल झपट लिया। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। होटलकर्मी ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस से की थी। पुलिस ने चौबीस घंटे पर झपटमारी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अनिल दायमा पिता राधेश्याम दायमा (25) शिरिन अपार्टमेंट ग्राउंड फ्लोर, वल्लभ नगर, लालघाटी में रहता है और होटल सूरज में नौकरी करती है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह होटल से छूटा और अपने घर जा रहा था। रेलवे क्रॉसिंग वाला ओवर ब्रिज पहुंचने पर उसे भाई का कॉल आ गया। वह भाई से मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी बाइक से आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल का बिल पेश नहीं करने के कारण पुलिस ने झपटे गए मोबाइल की कीमत दर्ज नहीं की है। पुलिस झपटमारों पर प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देख रही है।

### शौच के लिए गया युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित कोलूखेड़ी पुलिया के पास शौच के लिए गया युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। बुरी तरह से झुलसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार महेंद्र बंसल पिता टेकचंद बंसल (25) गांव कोलूखेड़ी में रहता था और मछली पकड़ने का काम करता था। शुक्रवार सुबह वह पत्नी से कहकर गया था कि आज बाहर से शौच करके आता हूं। सुबह करीब पौने छह बजे वह घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं पहुंचा। कुछ लोग कोलूखेड़ी पुलिया की तरफ शौच करने पहुंचे तो उन्होंने महेंद्र की लाश पुलिया के पास पानी में पड़ी देखी थी। ऊपर से गुजरी हाईटेंशन का तार टूटा हुआ था और महेंद्र के हाथ में फंसा था, जबकि दूसरे हाथ से वह घांस पकड़े हुए थे। उसे करंट कैसे लगा इसकी जांच की जा रही है।

> खजूरी सड़क स्थित कोलूखेड़ी पुलिया के पास हुआ हादसा

कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा में हुआ था हादसा

## अनियंत्रित एसयूवी की चपेट में आए युवक की मौत, तीन की हालत स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा में तेज रफ्तार एसयूवी की चपेट में आए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल तीन लोगों की स्थिति अभी स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस एसयूवी जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार बसना भील पिता दीता भील (30) गांव कालापानी बोदा खो, कोलार रोड ने बताया कि वह मजदूरी करता है। गुरुवार रात वह बंजारी में परिवार के साथ रावण दहन देखने गए थे। उन्होंने बाइक कजलीखेड़ा में खड़ी की और रावण दहन का कार्यक्रम देखने चले गए। वहां से लौटकर बाइक के पास पहुंचे। इस दौरान बसना के साथ शिवानी, लक्ष्मन, अजय थे। इसी बीच रात करीब साढ़े 10 बजे गोल गांव की तरफ से एक तेज रफ्तार महिंद्रा एसयूवी आई और डिवाडर को टक्कर मार कर तोड़ते हुए गलत दिशा में जो पहुंचीं, जिहां वे लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही एसयूवी ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बसना भील को हाथ, दाहिने पैर व सिर में गंभीर चोट आई है। उसका दांत भी टूट गया, जबकि उसकी बच्ची शिवानी को माथे, आंख दाहिने हाथ में चोट आई है। बसना के भाई लक्ष्मन भील को दाई आंख, सिर, दाहिने हाथ, दाहिना पैर, में चोट आई है, जबकि उनके 25 साल के भतीजे अजय को माथे पर गंभीर चोट आई थी और दाहिना पैर टूट गया। उसकी हालत नाजुक बनी थी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। एसयूवी कोई मंथन मीना नाम का युवक चला रहा था।

### शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन आज

**औबेदुल्लागंज।** शताब्दी वर्ष पर रविवार को पथ संचलन निकाला जाएगा। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम सभी शताब्दी वर्ष के साक्षी बनेंगे। शताब्दी वर्ष के उद्घाटन कार्यक्रम में पथ संचलन में सभी आमंत्रित हैं। पथ संचलन रविवार सुबह 9 बजे से निकाला जाएगा जो दशहरे मैदान पर संपन्न होगा।





## मुस्लिम समाज दशहरा चल समारोह में राम बारात का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मुस्लिम समाज द्वारा दशहरा चल समारोह में राम बारात का स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए अल्प संख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सलमान अली ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुस्लिम समाज द्वारा दशहरा चल समारोह का स्वागत किया है।

यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है, जिसमें समस्त मुस्लिम समाज के लोग राम बारात का पुष्प वर्षा कर एवं एक दूसरे को गले मिलकर मिठाइयां खिलाकर स्वागत करते हैं, जो भाई चारे की मिसाल हैं। इस तरीके के आयोजन से सांप्रदायिक सौहार्द्र बनता हैं। इस मौके पर हाजी शौकत अली, सलमान जाफरी, पूर्व पार्षद अख्तर अली, उस्मान अली, रईस अली, मंडल अध्यक्ष नफीस अली असलम खान, अख्तर हुसैन, आबिद अली, वाहिद अली, सुरेश चौकसे, जिला हांकी संघ के उपाध्यक्ष रिजवान अली, इरशाद अली, ओमप्रकाश चौकसे, मनोज मालवीय, शाहवाज अली, दानिश अली, सद्दाम खान हुसैन, इमरान खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घर से की जा रही थी शराब की तस्करी, आठ पेटी जब्त

**जब्त की शराब की कीमत तीस हजार रुपए आंकी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर के ईदगाह हिल्स क्षेत्र में एक युवक द्वारा घर से अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बरामद की और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीबी अस्पताल के पास बाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स में आशीष बड़गुजर, विशाल कनाड़े के कब्जे से आठ पेटी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत तीस हजार रुपए आंकी गई है। टीम यह भी पता लगा रही है कि तस्कर शराब कहां से ला रहा था।

### होटल कर्व में ड्राई-डे पर परोसी शराब

महात्मा गांधी की जयंती पर ड्राई डे के दिन बैरागढ़ स्थित होटल कर्व में खुलेआम शराब की पार्टी का आयोजन किया गया। होटल में आने वाले लोगों को शराब परोसने का बिल भी तारीख के साथ दिया गया है। ऐसे में आबकारी अमले की सक्रियता पर सवालिया निशान लगते नजर आ रहे हैं।

रायसेन जिला भाजपा की कार्यकारणी घोषित

## विधायक पटवा ने बधाई देते हुए कहा- अब पार्टी और मजबूत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप\औबेदुल्लागंज





भाजपा जिला रायसेन के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को विधायक सुरेंद्र पटवा ने बधाई देते हुए कहा- अब पार्टी और मजबूत होगी। जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर, जगदीश लोधी, योगेश पटेल, मीनू अरविंद ओमप्रकाश मीणा, दातार सिंह मीणा, दीपक रघुवंशी, शैलेंद्र गिरी जिला महामंत्री, केशव पटेल, दीपेंद्र पाल जिला मंत्री, संतोष शर्मा, मंजू धीरेंद्र कुशवाहा, मोहन राव सिंह, सुशील शर्मा, गायत्री नागरिया, प्रार्थना चौहान, संदीप शर्मा कोषाध्यक्ष, वर्षा लोधी सह कोषाध्यक्ष, अवनीश पालीवाल कार्यालय मंत्री, जितेश ठाकुर सह कार्यालय मंत्री, लोकेंद्र ठाकुर आदि को प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से पद दिया गया है।

ओबैदुल्लागंज के कन्हैया नंदवंशी, डॉक्टर कैलाश विनय, नरेंद्र शर्मा, अशोक यादव, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, गजेंद्र नागर, माधव यादव, दीपू परमार, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, बागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, कांता पटेल, पवनजोत सिंह, खालसा मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, राजेंद्र गुड्डू, रामकिशोर नंदवंशी, जीतू नंदवंशी, पुरुषोत्तम शर्मा, सोनू राय, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, इंग्लिश यादव, राहुल प्रजापति, आरती यादव, पार्षद भारती सेठी, पार्षद हेमलता माया राय, सपना रैकवार, रेखा कपूर आदि ने बधाई दी। वहीं मंडीदीप के जीत सिंह नगर, नवल मीणा, पवन मंडलोई, पार्षद वार्ड 4 से शुभम राजपूत, जितेंद्र सोनी पूर्व मंडल महामंत्री ओबीसी मोर्चा, युवा नेता सत्यम शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

18 अपराधों को अति आवश्यक, आवश्यक और सामान्य श्रेणी में किया वर्गीकरण

# पीएचक्यू ने क्राइमवार फिक्स की फोरेंसिक एक्सपर्ट की प्रायोरिटी, साइंटिस्ट की कमी के बीच निकाला रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में फॉरेंसिक एक्सपर्ट की कमी है। इसलिए पुलिस मुख्यालय ने 3 अपराध श्रेणियां में जिम्मेदारी दी है। जिसमें अति आवश्यक, आवश्यक और सामान्य श्रेणी में अपराधों का वर्गीकरण किया है। इसके साथ यह भी तय किया है कि किसी अपराध में तात्कालिक फॉरेंसिक की टीम को बुलाया जाना है। किन अपराधों में जरूरत पड़ने पर बुलाया जा सकता है।

अपराधों के अनुसार साक्ष्य आकलन के लिए अपराध की धारा अनुसार वर्गीकरण किया गया है। पुलिस से मुख्यालय ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है। अब इसमें अपराधों के वर्गीकरण को भी बताया गया है। अति आवश्यक में 18 अपराधों को वर्गीकृत किया गया है, जिसमें दुष्कर्म, दहेज हत्या, आतंकवाद, एसिड अटैक, डकैती, एनडीपीएस एक्ट, राज्य के विरुद्ध अपराध मानव तस्करी, संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, विस्फोटक अधिनियम, आतंकवाद निवारण अधिनियम आबकारी अधिनियम, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में शामिल चुनिंदा धाराओं को शामिल किया गया है। इसमें थाना प्रभारी का दायित्व होगा कि वह तत्काल फॉरेंसिक की विशेषज्ञ को सूचित करके और फोरेंसिक एक्सपर्ट को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने के लिए सूचना देंगे।

### आपराधिक संबंध में धाराओं को शामिल किया

आवश्यक वर्ग में ऐसे अपराधों की प्रवृत्ति को शामिल किया गय, जिसमें घटनास्थल पर साक्ष्य की उपलब्धता और फोरेंसिक एक्सपर्ट की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी उन्हें बुला सकेंगे। इसमें हत्या का प्रयास, गंभीर चोट, लूट चोरी, अपहरण, जहर देकर शारीरिक नुकसान पहुंचाना, हत्या करने के लिए अपहरण फिरौती के लिए अपहरण, दस्तावेजों संबंधित जालसाजी, धोखाधड़ी, छेड़छाड़ बच्चों से संबंधित अपराध, विवाह संबंधी अपराध, बैंक नोट और सरकारी स्टांप की अपराध के संबंध में कुछ धाराओं को शामिल किया गया है।

### फॉरेंसिक एक्सपर्ट के कमी से न्याय मिलने में देरी

मध्य प्रदेश में फोरेंसिक एक्सपर्ट की भारी कमी है, जिसके कारण लोगों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। इसके साथ ही सरकार ने भले ही नए कानून को लागू कर दिया है, लेकिन फिर भी देरी हो रही है। प्रदेश में वैज्ञानिक अधिकारियों के कुल 299 पद स्वीकृत है. जिसमें से 140 ही भरे हैं। इससे स्पष्ट है कि 53 फीसदी पद खाली है। इसके कारण प्रदेश में फोरेंसिक लैब में 35000 सैंपलों का अभी तक निराकरण नहीं हो चुका है।

## 51 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन कार्यक्रम में दिया स्वदेशी का संदेश

**'पुष्पा राज भाऊ' की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



वाजपेयी नगर, ईदगाह हिल्स में दशहरा उत्सव समिति, गुरुनानक मंडल द्वारा आयोजित भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और परम भक्त हनुमान जी के भव्य दर्शन हुए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुष्पा फिल्म फेम जूनियर 'पुष्पा राज भाऊ' (मुंबई), जिन्होंने अपनी विशेष प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध संगीतकारों द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, साथ ही आकर्षक आतिशबाजी ने समारोह को और भी रोमांचक बना दिया। दशहरा उत्सव समिति गुरुनानक मंडल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने विजयादशमी की बधाई देते हुए जोरदार नारा दिया स्वदेशी बचाओ, देश बचाओ। उन्होंने इस अवसर पर देशभक्ति और स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया।

# दीपावली के करीब 15 दिन पहले से ही राजधानी भोपाल से गुजरने वाली नियमित 80 फीसदी ट्रेनों में रिग्रेट की स्थिति

## रेवांचल में 100 के पार वेटिंग, रेलवे ने अभी तक पमरे जोन चलने वाली दीपावली-छठ पूजा स्पेशल की नहीं की घोषणा, तत्काल और स्पेशल ट्रेनों का रहेगा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दीपावली पर घर जाने की तैयारी करने वाले यात्रियों को इस बार भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। त्योहार में अभी कुछ समय शेष है, लेकिन भोपाल से उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों में रिजर्वेशन की स्थिति लगभग फुल हो चुकी है।

विशेषकर 15 से 18 अक्टूबर के बीच की तारीखों में तो भोपाल से गोरखपुर और पटना जाने वाली ट्रेनों में लगातार रिग्रेट की स्थिति बनी हुई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, हर साल की तरह इस बार भी दीपावली पर अपने घर लौटने वाली भीड़ पहले से अधिक है, जिसके चलते टिकटों की मांग तेजी से बढ़ी है। यही वजह है कि यात्रियों को अभी से कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। कई यात्री मजबूरी में निजी बसों, टैक्सियों और अन्य साधनों से सफर करने की तैयारी में हैं। वहीं, रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनों की घोषणा की तो है, लेकिन यात्रियों की चिंता बढ़ी हुई है।

### भोपाल से दिल्ली जाने वाली ट्रेनें
(15 से 18 अक्टूबर तक पूरी तरह भरी)



| ट्रेन नाम | स्लीपर श्रेणी | थर्ड एसी |
|---|---|---|
| 20805 एपी एक्सप्रेस - | 10 वेटिंग | 5 वेटिंग |
| 12625 केरला एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 2 सीट |
| 12627 कर्नाटका एक्सप्रेस - | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 12155 भोपाल एक्सप्रेस - | 2 वेटिंग | 11 वेटिंग |
| 12409 गोंडवाना एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 5 वेटिंग |
| 12723 तेंलगाना एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 8 वेटिंग |
| 12715 सचखंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस | रिग्रेट | 8 वेटिंग |
| 12615 ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 8 वेटिंग |
| 12919 मालवा एक्सप्रेस - | 17 वेटिंग | 5 वेटिंग |
| 12807 समता एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 10 वेटिंग |
| 12137 पंजाब मेल - | 24 वेटिंग | 9 वेटिंग |
| 11077 झेलम एक्सप्रेस - | 10 वेटिंग | 9 वेटिंग |
| 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 5 वेटिंग |

### भोपाल से गोरखपुर जाने वाली ट्रेनें

| ट्रेन नाम - | स्लीपर | थर्ड एसी |
|---|---|---|
| 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस - | रिग्रेट | 30 वेटिंग |
| 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस - | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 20103 एलटीटी-आजमगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 12512 राप्तीसागर एक्सप्रेस - | कैंसल | |
| 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस - | रिग्रेट | रिग्रेट |

### भोपाल से पटना जाने वाली ट्रेनें

| ट्रेन नाम - | स्लीपर | थर्ड एसी |
|---|---|---|
| 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस - | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 19313 इंदौर-पटना एक्सप्रेस - | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 19435 अहमदाबाद-आसनसोल साप्ताहिक एक्सप्रेस - | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल - | रिग्रेट | 134 वेटिंग |

## जीएम ने वंदे भारत रैक का किया निरीक्षण, अफसरों ने सीटों को एगोर्नामिक डिजाइन में बनाने के दिए निर्देश



भोपाल। पमरे जोन जीएम शोभना बंदोपाध्याय ने शनिवार को भोपाल दौरे पर रानीकमलापति कोचिंग डिपो और वंदे भारत रैक का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीआरएम भोपाल पंकज त्यागी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने वंदे भारत एक्सप्रेस की सीटों को यात्रियों के सुविधा अनुकूल और अधिक आरामदायक बनाने के लिए एगोर्नामिक डिजाइन के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अग्निशामक यंत्रों की कार्यशीलता की जांच की और सफल परीक्षण के बाद ही रेक में उनके उपयोग के निर्देश दिए, ताकि सुरक्षा में कोई कमी न रहे। महाप्रबंधक ने रानी कमलापति के अंडर कंस्ट्रक्शन पिट लाइन नंबर एक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पिट लाइन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे नई वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेन का संचालन जल्द प्रारंभ किया जा सके।

---

**कलेक्टर ने एसडीएम को दिए जांच के निर्देश**

## चरनोई की 22 एकड़ जमीन पर पंचायत करा रही निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से लगे ग्राम समसगढ़ में जानवरों के लिए छोड़ी गई चरनोई और बाघ विचरण क्षेत्र की भूमि पर पंचायत हरे भरे पेड़ काटकर निर्माण कार्य करा रही है। बावजूद इसके राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब इसकी शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की गई तो उन्होंने एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में यह भूमि आती है। कलेक्टर से हुई शिकायत में बताया गया है कि तहसील हुजूर के समसगढ़ में चारागाह भूमि (चरनोई भूमि) है जो कि गोवंश सहित अन्य मवेशियों के चारे के लिए आरक्षित है। इस भूमि का पंचायत द्वारा अन्य निर्माण

**पेड़ उखाड़कर किया जा रहा निर्माण**

कार्यों में किया जा रहा है। यह करीब 22 एकड़ चरनोई भूमि है, जो कि वन क्षेत्र से लगी हुई है। इसके बाद भी एनसीसी को आवंटित किया गया है, इसके बाद से यहां बची हुई चरनोई भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता राशिद नूर खान ने बताया कि चरनोई भूमि केवल सार्वजनिक हित में ही प्रयुक्त की जा सकती है और उसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए अवैध है। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों में यह स्पष्ट किया गया है कि चारागाह भूमि को संरक्षित रखना ग्रामवासियों का अधिकार है और राज्य की जिम्मेदारी है।

**इनका कहना है**

**चरनोई जमीन पर कब्जा मिला तो हटाएंगे**

समसगढ़ में चरनोई भूमि पर अतिक्रमण व निर्माण की शिकायत मिली है। जिसकी जांच करवाई जा रही है, यदि सही पाई गई तो हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

विनोद सोनकिया, एसडीएम हुजूर

## शरद पूर्णिमा के मौके पर श्वांस दमा फ्री कैंप का आयोजन कल

**भोपाल।** श्री अखंड आयुर्वेद भवन महोबा द्वारा शरद पूर्णिमा को 6 अक्टूबर को अयोध्या नगर दशहरा मैदान में शाम 4 बजे से श्वास, दमा निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। वैद्य नितिन तिवारी ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। साथ में गैस पीड़ितों को दवा का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस मौके पर रोगियों को नाड़ी परीक्षण के बाद गाय के दूध से बनी खीर को केले के पत्ते पर रखकर औषधि दी जाएगी।

---

# 2572 स्नातक, 503 स्नातकोत्तर और 18 डॉक्टरेट छात्रों को प्रदान की गईं उपाधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**वीआईटी भोपाल विवि का छठवां वार्षिक दीक्षांत समारोह संपन्न**




वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में शनिवारको छठवां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 2572 स्नातक, 503 स्नातकोत्तर, और 18 डॉक्टरेट छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह की अध्यक्षता वीआईटी भोपाल के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने की और उन्होंने छात्रों को शपथ दिलाई।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने शिक्षा में संस्कृति और विज्ञान के गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान मानव प्रगति के उपकरण और तकनीक प्रदान करता है, जबकि संस्कृति हमारे मूल्य, पहचान और नैतिक दिशा तय करती है। भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा हमेशा समग्र रही है—जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है। इसमें शास्त्र, विज्ञान, कला और दर्शन सभी का समावेश था और यह धर्म तथा गुरु के प्रति सम्मान की भावना से जुड़ा था। समारोह में प्रेरक वक्ता और कथाकार मालविका जोशी, वीआईटी के चांसलर शंकर विश्वनाथन, ट्रस्टी रमणी बालासुंदरम, वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन, प्रो वाइस चांसलर टी. बी. श्रीधरन और एक्टिंग रजिस्ट्रार केके नायर भी उपस्थित रहे।

डॉ. जोशी ने कहा कि भारतीय दर्शन, योग, ध्यान और शास्त्रीय कलाएं ऐसी कालातीत विधाएं हैं जो बुद्धि को तीक्ष्ण बनाती हैं, आत्मबल को पोषित करती हैं और जीवन में सामंजस्य लाती हैं। उन्होंने अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह जैसे मूल्यों को समाज के नैतिक आधार बताया। भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं—महाराष्ट्र की भक्ति परंपरा, केरल की मार्शल आर्ट्स और पूर्वोत्तर के बुनाई शिल्प—का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक जड़ें हमें विविधता में एकता का बोध कराती हैं और आत्मगौरव जगाती हैं। उन्होंने कहा, "हमारी विरासत कोई सीमा नहीं, बल्कि शक्ति का स्रोत है, जो युवाओं को विवेक, करुणा और आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर उड़ान भरने की प्रेरणा देती है।" उन्होंने यह भी कहा कि वीआईटी भोपाल भारत के हृदय में स्थित एक आधुनिक गुरुकुल का उदाहरण है, जहां पारंपरिक मूल्य और आधुनिक तकनीक का अद्भुत समन्वय है।

**अपूर्व अग्रवाल बोले -**

विशिष्ट अतिथि के रूप में स्क्वाडस्टैक के सह-संस्थापक और सीईओ अपूर्व अग्रवाल ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमशीलता को अपनाने की प्रेरणा दी।

**सर्वाधिक पैकेज 51 लाख प्रतिवर्ष रहा**

असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन ने बताया कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और उद्योगों में भर्ती की मंदी के बावजूद, वीआईटी भोपाल ने पिछले आठ वर्षों में सराहनीय प्लेसमेंट रिकॉर्ड बनाए रखा है। वर्ष 2025 के स्नातक वर्ग में 1350 से अधिक छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव मिले, जिसमें सर्वाधिक पैकेज 51 लाख प्रतिवर्ष रहा। 575 से अधिक छात्रों को "ड्रीम" और "सुपर ड्रीम" ऑफर प्राप्त हुए हैं, जिनमें गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन जैसी प्रतिष्ठित वैश्विक कंपनियां शामिल हैं।

## ट्रिपल आईटीः चौथे दीक्षांत में ब्लॉकचेन तकनीक से मिली डिग्री, मेधावी छात्रों को मिले पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को राजधानी स्थित ट्रिपल आईटी का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

इसमें में वर्ष 2025 में कंप्यूटर विज्ञान, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 182 छात्रों को बीटेक की डिग्री दी गई। इनमें 47 छात्र ईसीई, 66 छात्र आईटी के और 69 छात्र सीएसई के रहे। इसी कड़ी में चाँदी का पदक ईसीई में कुंदन कुमार गुप्ता को, आईटी में जिया राठौर को एवं सीएसई में ईशान कुमार को मिला। ईसीई में स्वर्ण पदक गौरव महेश को, आईटी में मंजीत पाठक को, सीएसई में पदक प्रांजल दुबे को मिला। सबसे ज्यादा अच्छे अंक प्राप्त करने वाले प्रांजल दुबे को एक और स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। जिसके बाद सभी छात्रों को डिग्री दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन रहे। ट्रिपल आईटी ग्वालियर के निदेशक प्रोफेसर एस. एन. सिंह ने संबोधित किया। ट्रिपल आईटी के प्रशासनिक परिषद की अध्यक्ष कविता खन्ना ने सभी छात्रों एवं मेहमानों को संबोधित किया।



इसमें उन्होंने बच्चों को आगे बढने का संदेश दिया। डिजिटल स्मारिका का क्यूआर स्कैन कर विमोचन किया गया।

**यह डिग्री जीवन में केवल एक शुरुआत**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव अनुराग जैन ने छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए अपने समय की एक लाइन का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा टेंपो हाई है। इसके बाद उन्होंने पुनः सभी को धन्यवाद दिया और सभी बच्चों की सराहना भी की।

---

## एम्सः डॉ. सरोज गुप्ता को मिला 'सर्वश्रेष्ठ फ्री पेपर पुरस्कार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एम्स भोपाल की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. सरोज गुप्ता को नेत्र रोग शोध में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुई। डॉ. सरोज गुप्ता को 'सर्वश्रेष्ठ फ्री पेपर प्रेजेंटेशन' का पुरस्कार मिला है। डॉ सरोज यह पुरस्कार अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया ओफ्थाल्मोलॉजिकल सोसाइटी के राष्ट्रीय मिडटर्म कांफ्रेंस में दिया गया। उन्होंने प्रस्तुत शोध कार्य ने आंखों से जुड़ी बीमारियों और उनकी रोकथाम पर नई जानकारी प्रदान की। उनका यह शोध आम जनता के लिए आंखों की सुरक्षा और स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायक है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर ने कहा कि डॉ. गुप्ता द्वारा प्रस्तुत शोध कार्य ने आम लोगों को आंखों से जुड़ी बीमारियों के नए पहलुओं और उनकी रोकथाम के तरीकों के बारे में जागरूक करने में मदद की है। ऐसे शोध न केवल चिकित्सकों को नई दिशा प्रदान करते हैं, बल्कि लोगों को अपनी आंखों की सुरक्षा और स्वास्थ्य बनाए रखने में भी सहायक होते है।

## मन महेश स्वरूप में सजे बाबा बटेश्वर



**भोपाल।** शनि प्रदोष पर श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा बटेश्वर का काले तिल दूध एवं पंचामृत से अभिषेक कर शनि शांति के लिए प्रार्थना की गई। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि इस अवसर पर आकाश अग्रवाल अभिषेक लाला केशव फुलवानी मोनू राठौर प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## बोर्ड की मुख्य परीक्षाओं को बचे कुछ माह, शिक्षकों को बीएलओ की जिम्मेदारी, कैसे होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र ने दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, दसवीं की परीक्षाएं 11 फरवरी और बारहवीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से शुरू होंगी। वहीं अन्य कक्षाओं की परीक्षाओं को लेकर भी तैयारियां जारी है।

इसी बीच प्रदेशभर में बड़ी संख्या में शिक्षकों को मतदाता सूची सत्यापन के कार्य में लगाया गया है। इस तरह के आदेश प्रदेश भर में हुए हैं। पहली बार ऐसा हुआ जब गणित, अंग्रेजी, भौतिकी व रसायन शास्त्र जैसे कठिन विषयों को पढ़ाने वाले वाले करीब 2000 शिक्षकों को बीएलओ का जिम्मा दे दिया। यह हाल तब है जब पहले ही 60 से 70 हजार शिक्षकों की कमी है और चार महीने बाद फरवरी-मार्च 2026 में बोर्ड परीक्षाएं हैं। हालांकि लोक शिक्षण आयुक्त ने कठिन विषयों के शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से बाहर रखने ने निर्देश जारी तो किए लेकिन इसका पालल नहीं हो रहा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के गृह क्षेत्र गाडरवारा में कठिन विषयों के शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी। नतीजन स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

## करुणाधाम आश्रम में होगा सामूहिक करवाचौथ व्रत पूजन

**भोपाल।** सामूहिक करवा चौथ पूजन नेहरू नगर स्थित करुणाधाम आश्रम में किया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को सहज शिक्षा समाधान समिति की बैठक करुणाधाम आश्रम में संपन्न हुई। जिसमें समिती के संयोजक कमल गर्ग और प्रवक्ता रमेश राठौर ने बताया कि भारतीय परंपरा में सौभाग्यशाली महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ व्रतपूजन करती है। समिती पिछले आठ वर्षो से यह आयोजन कोटरा और नेहरू नगर में किया जा रहा है। इस बार करवाचौथ व्रत पूजन में 101 जोड़ो के द्वारा करवाचौथ व्रत पूजन में भाग लिया जाएगा। यह आयोजन शांडिल्य महाराज के सानिध्य में किया जाएगा और पंडित विष्णु राजौरिया के द्वारा करवाचौथ व्रत का पूजन कराया जाएगा। रमेश राठौर ने बताया कि करवाचौथ के दिन व्रतधारी महिलाओ को जब चंद्र देवता के दर्शन होंगे उस समय पूजन स्थल पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी। आयोजन स्थल पर पूजन के लिए 16 श्रृंगार की हुई महिलाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट भी होगा।

## कोलार की माता वैष्णोदेवी की प्रतिमा को मिला प्रथम पुरस्कार



**भोपाल।** कोलार के कल्पना चावला गार्डन सर्वधर्म कॉलोनी में विराजित माता वैष्णोदेवी झांकी को सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा का प्रथम पुरस्कार मिला है। करुणाधाम आश्रम बड़ी अम्मा स्वागत मंच और धार्मिक सेवा समिति स्वागत मंच द्वारा कोलार की माता वैष्णोदेवी मातारानी की सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा का प्रथम पुरस्कार प्रदान कर शील्ड देकर सम्मान किया गया। स्वागत मंच के संयोजक प्रदीप मोनू सक्सेना और पार्षद वीनू सक्सेना द्वारा मां वैष्णोदेवी उत्सव एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ को प्रथम पुरस्कार की शील्ड प्रदान कर स्वागत किया गया।

---

**तिथि को लेकर असमंजस, कुछ पंडितों ने अश्विन पूर्णिमा 7 को होने की बात कही**

# उत्तराभाद्रपद नक्षत्र सर्वार्थ सिद्धि योग में कल मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अश्विन शुक्ल पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाई जाएगी। यह योग करीब 3 साल बाद बन रहा है। इस दिन रोग व बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए इस दिन चांदनी रात में खीर का प्रसाद लेना फायदेमंद रहेगा। इस पर्व को मनाने के लिए राजधानी में तैयारियां शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस साल इस साल तिथि में भेद के चलते शरद पूर्णिमा व्रत को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई। कुछ पंडित 6 तो कुछ 7 अक्टूबर को आश्विन पूर्णिमा होने की बात कर रहें है। दरअसल इस साल पूर्णिमा की दो तिथि पड़ रही है, इस कारण व्रत-पर्व की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब कोई तिथि सूर्योदय के बाद शुरू होती है और अगले दिन सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाती है या दो अलग-अलग दिनों को स्पर्श करती है।

**शरद पूर्णिमा व्रत मुहूर्त**

पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगी। इसका समापन 7 अक्टूबर को सुबह को 9 बजकर 16 मिनट पर होगा। इसलिए इस साल शरद पूर्णिमा व्रत व पूजन 06 अक्टूबर सोमवार को की जाएगी।



**मां गौरा के संघ नौका विहार करेंगे बाबा बटेश्वर**

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के तत्वावधान में 6 अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर बाबा बटेश्वर एवं मां गौरा पार्वती को स्थानीय शीतलदास की बगिया कमला पार्क घाट पर नौका विहार कराया जाएगा। बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट संयोजक संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम को बड़वाले महादेव मन्दिर से बाबा बटेश्वर को दूल्हे के रूप में सजाकर मां भवानी मन्दिर ले जाया जाएगा। यहां पर मां गौरा को लेकर शीतलदास की बगिया पार्क में पहुंचकर दोनों को फूलों से सुसज्जित नाव में विराजमान कर रात को महाआरती कर नौका विहार कराया जाएगा। इसके बाद खीर एवं दहीबड़े की महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

**चंद्रमा की किरणों से होती है अमृत वर्षा**

*मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि आश्विन शुक्ल पक्ष को व्रत पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा पर्व 6 अक्टूबर सोमवार को मनाया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा होती है। शरद पूर्णिमा को को जागरी व्रत पूर्णिमा भी कहते हैं। मान्यता है कि इस रात माता लक्ष्मी पृथ्वी पर घूमने आती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। इस दिन के संदर्भ में एक मान्यता प्रसिद्ध है, कि इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाते है। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन चन्द्रमा कि किरणों से अमृत वर्षा होने को लेकर एक किदवंती प्रसिद्ध है।*

## दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

**आवेदन पत्रों की जांच 15 नवंबर तक**

आवेदन पत्रों की जांच 15 नवंबर तक होगी। अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवंबर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जाएगी। आयुक्त सामाजिक न्याय ने बताया की स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने जिले से अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्र/छात्राओं को योजना के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें एवं जिला अधिकारी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें।

**खबर संक्षेप**

## रवींद्र भवन में 'देवी द डिवाइन ड्रामा' की प्रस्तुति आज



**भोपाल।** एफटीएस युवा द्वारा 5 अक्टूबर को रवींद्र भवन में शाम 5 बजे, 'देवी द डिवाइन ड्रामा' नवरात्रि पर आधारित एक घंटे की नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। इस प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत, नारी-शक्ति और भक्ति-भाव का सशक्त समन्वय मंच पर साकार होगा। त्रिकर्षि नाट्य संस्थान के सहयोग से तैयार प्रस्तुति में अभिनय, संगीत और नृत्य की सुंदर संरचना सभी आयु-वर्ग के दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल तथा अध्यक्ष (भोपाल चैप्टर) एवं सीएमडी सेज ग्रुप संजीव अग्रवाल के प्रेरक संबोधन होंगे।

## मानव संग्रहालय में बंगश बंधु 7 को देंगे सरोद वादन की प्रस्तुति

**भोपाल।** मानव संग्रहालय की शास्त्रीय प्रस्तुतियों की प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय कार्यक्रम श्रृंखला 'पूनम' की अगली कड़ी में 'पुनम-39' का आयोजन शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया जाएगा। यह प्रस्तुति 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे संग्रहालय के आवृति भवन परिसर के मुक्ताकाश मंच पर की जाएगी। पूनम सांगीतिक संध्या में इस बार मुख्य सांस्कृतिक प्रस्तुति, सरोद वादक अमान अली बंगश और अयान अली बंगश द्वारा दी जाएगी। ये सातवीं पीढ़ी के सरोद वादक कलाकार हैं, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत की सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। बंगश बंधु, महान शास्त्रीय संगीत उस्ताद अमजद अली खान के सुपुत्र एवं शिष्य तथा हाफिज अली खान के पौत्र हैं। उनकी प्रस्तुति भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहरी परंपरा और आधुनिक सृजनात्मक दृष्टि का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है।

## जीटीबी मृगनयनी एम्पोरियम में साड़ी उत्सव 7 अक्टूबर से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से 7 अक्टूबर से साड़ी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव न्यू मार्केट स्थित जीटीबी मृगनयनी एम्पोरियम में हो रहा है। करवाचौथ के उपलक्ष्य में खासतौर पर महिलाओं के लिए समर्पित उत्सव 12 अक्टूबर तक चलेगा। इस उत्सव में पारंपरिक बुनाई की बारीकियों और हाथों की मेहनत से सजी चंदेरी और महेश्वरी साड़ियों का अनूठा संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा। प्रसिद्ध कारीगर मोहम्मद रज्जाक, मोहम्मद जुबेर खान, पवन गंगवाल और नीमच से पवन झरिया अपनी कला की झलक इन पारंपरिक वस्त्रों में प्रस्तुत करेंगे। एम्पोरियम के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि चंदेरी साड़ी का हर धागा अपनी संस्कृति की कहानी प्रदेश की समृद्ध विरासत को बयां करता है। इस दौरान महिलाओं को मेंहदी लगवाने के लिए विशेष स्टॉल लगाया जाएगा। साड़ी उत्सव सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा।

## डॉ. दुबे एवं आचार्य मिश्र को गांधी तो डॉ. सरोज को हरिकृष्ण दत्त सम्मान

**भोपाल।** माधवराव सप्रे संग्रहालय में जैव-विविधता के लिए समर्पित भाव से कार्यरत पर्यावरणविद डॉ. प्रवीण चन्द्र दुबे और भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्येता आचार्य प्रभुदयाल मिश्र को महात्मा गांधी सम्मान से विभूषित करेगा। यह कार्यक्रम मंगलवार, 7 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10.30 बजे सप्रे संग्रहालय के सभागार में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय मनोहर तिवारी, कुलगुरु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि होंगे। अध्यक्षता डॉ. विकास दवे, निदेशक, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी करेंगे। सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि शिक्षाविद और बुंदेली भाषा, साहित्य एवं संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. सरोज गुप्ता, सागर को डॉ. हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# सिंधी रंगमंच की रचनात्मक आभा से परिपूर्ण नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन के प्रतिष्ठित अंतरंग सभागार में दिवंगत वरिष्ठ रंगकर्मी सुंदर अगनानी की स्मृति में शनिवार को तृतीय अखिल भारतीय सिंधी नाट्य समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह के पहले दिन तीन संक्षिप्त और प्रभावशाली नाटकों का मंचन हुआ, जिनमें हास्य और व्यंग्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति, भाषा की सहजता, और नाटकों के संदेश की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी और रंग निर्देशक अशोक बुलानी को सुंदर अगनानी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।



## भारत भवन में दो दिवसीय तृतीय अखिल भारतीय सिंधी नाट्य समारोह हुआ शुरू



### सेण जो टिफिन

नंदनी पंजवानी द्वारा निर्देशित और अशोक मनवानी द्वारा लिखित इस नाटक की प्रस्तुति ज्योति कला संस्थान, जयपुर के कलाकारों ने दी।क हानी एक ऐसे व्यक्ति पर केंद्रित है जो बार-बार अपने समधी से रेलवे स्टेशन पर टिफिन बुलवाता है। यह स्थिति तब हास्यपद बन जाती है जब वह खुद उसी जाल में उलझ जाता है जिसे वह वर्षों से दूसरों के लिए बुन रहा था। कलाकारों ने संवादों में सिंधी भाषा की मिठास को बनाए रखते हुए, दर्शकों को भावनाओं की गहराई में डुबो दिया।

### धूड़ि पाती रिटायर थी

समारोह में दूसरी प्रस्तुति सिंधुड़ी यूथ विंग, नागपुर के कलाकारों ने नाटक धूड़ि पाती, रिटायर थी की दी। किशोर लालवानी की रचना को तुलसी सेतिया ने निर्देशित किया। इस नाटक में मुख्य पात्र एक सेवानिवृत्त बुजुर्ग हैं, जिनकी दुनिया नौकरी छोड़ने के बाद अचानक बदल जाती है।

### पीअ-प्यादो पुट्र शहजादो

इस व्यंग्य प्रधान नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक बुलानी ने किया। यह नाटक एक ऐसे व्यक्ति की कथा है जो अपने बेटे को शहजादा समझता है, जबकि वह खुद व्यर्थता और आलस्य में लिप्त है। यह प्रस्तुति आज के युवा वर्ग की मानसिकता और अभिभावकों की अपेक्षाओं के टकराव को दर्शाती है।

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

# पृथ्वी पर गंगा अवतरण की गाथा कहती नृत्य नाटिका 'भागीरथी'



साठ हजार पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर उतारा

निर्देशन राघवन का और संवाद त्रिपाठी का रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


रंग श्री लिटिल बैले में 19वां पं ईश नारायण जोशी स्मृति आयोजन के अंतर्गत शनिवार की शाम नृत्य नाटिका 'भागीरथी' की प्रस्तुति दी गई। नृत्य नाटिका में निर्देशन राघवन वारियर का रहा और दृश्य, आलेख व संवाद राम प्रकाश त्रिपाठी के रहे। नृत्य नाटिका में दिखाया कि राजा भगीरथ ने अपने साठ हजार पूर्वजों के उद्धार के लिए कठोर तपस्या कर गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर उतारा, जिसके कारण गंगा का एक नाम भागीरथी पड़ा। उनके प्रयासों से गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुईं, जिनका वेग रोकने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया।

### कथासार

नाटक में दिखाया कि पृथ्वी पर गंगा का अवतरण ऐसे ही नहीं हुआ, इसके पीछे एक अविरल गाथा छिपी है। इसमें दर्शाया कि इक्ष्वाकु वंश के एक शक्तिशाली शासक राजा सगर ने अपनी सर्वोच्चता स्थापित करने के लिए एक महान अश्वमेध यज्ञ (अश्वयज्ञ) किया। इस अनुष्ठान के दौरान बलि का घोड़ा जो स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाला था, सगर की बढ़ती शक्ति से भयभीत होकर देवराज इंद्र द्वारा चुरा लिया गया। राजा सगर ने अपने 60,000 पुत्रों को घोड़े की खोज में भेजा। उन्होंने पृथ्वी की खोजबीन की और अंततः ऋषि कपिल के आश्रम के पास घोड़ा ढूंढ निकाला। यह सोचकर कि ऋषि ने घोड़ा चुरा लिया है, उन्होंने उनका ध्यान भंग कर दिया। ऋषि ने अपने दैवीय क्रोध में आकर अपनी प्रचंड दृष्टि से सभी 60,000 पुत्रों को भस्म कर दिया।

### स्वर्ग से उतरी गंगा ने लिया भागीरथी का स्वरूप

इसके बाद सगर के पौत्र अंशुमान को घोड़ा मिला और उन्होंने कपिल मुनि से अपने पूर्वजों की आत्मा की मुक्ति के लिए प्रार्थना की। ऋषि ने उन्हें बताया कि केवल स्वर्ग से उतरी गंगा का पवित्र जल ही उनकी अस्थियों को पवित्र कर उन्हें मोक्ष प्रदान कर सकता है। हालांकि, अंशुमान अपने प्रयासों के बावजूद गंगा को पृथ्वी पर नहीं ला सके। अंशुमान के पुत्र दिलीप भी इस कार्य में असफल रहे। दिलीप के पुत्र भागीरथ ने ही गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिए कठोर तपस्या की और मां गंगा पृथ्वी पर प्रवाहित हुईं।







# यह समय बंद कमरों से निकलकर नई-नई चीजों को सीखने का है...

## आकाशवाणी, भारतीय ज्ञान तथा दुष्यंत विषय पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मायाराम सुरजन भवन में आयोजित दो दिवसीय शब्द उत्सव 2025 कार्यक्रम के प्रथम दिवस के सत्रों में मीडिया की भाषा, दूरदर्शन और आकाशवाणी का हिन्दी साहित्य संसार, भारत और उसकी ज्ञान परंपरा, दुष्यंत के बगैर 50 बरस विषय पर केंद्रित सत्रों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें साहित्य प्रेमियों ने जोरो शोरो से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर उत्सव की ओर अपना उत्साह प्रकट किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने करते कहा कि लोगो को शब्दों का सही प्रयोग करना आना चाहिए। यह समय बंद कमरों के दरवाजों से निकलकर नई नई चीजों को सीखने का है।





### वर्तमान युग में मीडिया की भाषा में हो रही गिरावट ....

दूसरे सत्र में चर्चित लेखक एवं पत्रकार प्रियदर्शन व पंकज शुक्ला के बीच मीडिया की भाषा विषय पर चर्चा की। पत्रकार प्रियदर्शन ने बताया कि वर्तमान युग में मीडिया की भाषा में गिरावट हो रही है। चर्चा में उन्होंने कहा कि मीडिया की भाषा सदैव समाज को जागरूक करने वाली होनी चाहिए। वहीं तीसरे सत्र में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के वरिष्ठ व्यक्तित्व राजशेखर व्यास ने कहा कि दूरदर्शन मात्र एक संचार माध्यम न होकर भारतीय संस्कृति का दर्पण और शाश्वत धरोहर है।

# आपसी संवाद की भाषा बने हिंदी

## हिंदी भवन में हिंदी सेवी सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज पूरे विश्व में हिंदी अपना विशेष स्थान बना चुकी है। सभी भारतीय भाषाओं के बीच समभाव का वातावरण बने, किंतु संवाद की भाषा हिंदी ही बने। यह कहना है राज्यपाल मंगुभाई पटेल का। वे शनिवार को हिंदी भवन में मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित हिंदी सेवी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने की। समारोह में नौ ऐसी विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अहिंदी भाषी होते हुए भी हिंदी की सेवा में जीवन समर्पित किया। इसके अलावा समिति द्वारा साहित्य की विभिन्न विधाओं के साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अक्षरा के संपादक मनोज श्रीवास्तव तथा बाल साहित्यकार महेश सक्सेना विशेष रुप से उपस्थित रहे।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में अहिंदी भाषी हिंदी सेवी मुरली कृष्ण चोपल्ली (तेलुगु), वि. सुरेश कुमार(तमिल), गौतम मजूमदार तथा जयदेव चटर्जी (बांग्ला), विजय बहादुर(कन्नड़), सिमरनजीत सिंह(पंजाबी), लीलाधरन नायर(मलयाली), प्रहराजु नरेश (तेलुगु) तथा सुदीप आदित्य (बांग्ला) को सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिमा मेहता सम्मान से कथाकार डॉ. उर्मिला शिरीष तथा सम्पत्तिदेवी विजयवर्गीय स्मृति महिला कल्याण सम्मान सेवा भारती की सक्रिय सदस्य आशा शुक्ला को प्रदान किया गया।

**जानी-मानी हस्तियों ने की शिरकत...**

# भोपाल में चौपाल मीटअप, चर्चाओं खेलों और प्रस्तुतियों से सजा माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को चौपाल मीटअप का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और प्रदेश की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। आयोजन में चर्चाएं, मजेदार खेल, प्रस्तुतियां और नेटवर्किंग के जरिए युवाओं और क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने अपने विचार साझा किए। इस मीटअप की खासियत रही राउंडटेबल पैनल डिस्कशन, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी नामचीन शख्सियतें शामिल हुईं। पैनल में रश्मि गोल्या, प्रभात पोद्दार, निधि कौशिक, आरजे वेद, मैथिली झा, युवराज सक्सेना, अशमीत कौर सेठी और आरजे आकाश मौजूद रहे। सभी मेहमानों ने अपने अनुभव साझा किए और क्रिएटिव प्रोफेशन की चुनौतियों व संभावनाओं पर खुलकर बातचीत की। आयोजन का नेतृत्व चौपाल के फाउंडर्स आयुष खरे और मोहित सक्सेना ने किया।

# रंगोली में नजर आया मानव और वन्य जीव का आपसी प्रेम

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2025 के तहत शनिवार को विशेष वंचित वर्ग, दिव्यांग बच्चों के लिए पक्षी अवलोकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 57 छात्र-छात्राओं ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों मैगपाई रॉबिन, इंडियन रॉबिन, ग्रीन बी ईटर, ग्रे फेंकोलिन, कॉमन किंग फिशर, वाइट ब्रेस्टेड किंगफिशर को देखा। वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में वन विहार विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लेकर वन विहार के वन्यजीवों पर आधारित एक से बढ़कर एक सुंदर चित्रों को बनाकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं पौराणिक कथाओं में वन्यजीव विषय पर रंगोली प्रतियोगिता में भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने भाग लिया।





## लायंस मेंटल हेल्थ जागरूकता वॉक



# बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए दोस्त बनाना जरूरी है: सांसद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेंटल हेल्थ जागरूकता सप्ताह लायंस क्लब भोपाल तथा जिला राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य इकाई के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बोट क्लब पर आयोजित जागरुकता पैदल मार्च को मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजकल मानसिक क्लेश और अशांति घर-घर में है और मानसिक सुकून के लिए हर किसी को एक दोस्त बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, दोस्त वही है जिसके साथ अपना बचपन बीता हो। इस अवसर पर डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. बैरागी एवं डॉ. मनोज गौर ने मेंटल हेल्थ के विषय में लोगों को समझाया।

**रवींद्र भवन में 'लता दीदी के मदन भैया' संगीत संध्या का आयोजन**

# मदन मोहन के संगीत और लता मंगेशकर के गीतों से सुरमई हुई शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिलो ने तुम तो हम घबराएं, मिलो तो आंख चुराएं...,यूं हसरतों के दाग...., जिया ले गयो जी मेरा सांवरिया.... लता मंगेशकर के एक से बढ़कर एक गीतों से सजी संध्या 'लता दीदी के मदन भैया' का आयोजन रविंद्र भवन में किया गया। कला वृंद सर्व कल्याण समिति द्वारा संगीत सम्राट मदन मोहन और भारत रत्न, स्वर-कोकिला, लता मंगेशकर को समर्पित 'लता दीदी के मदन भैया' स्वरांजलि कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ में मिमिक्री आर्टिस्ट डॉ. अश्विना रांगणेकर ने मदन मोहन और लता के भाई बहिन बनने का किस्सा लता मंगेशकर की आवाज में ही सुनाया तो हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद कार्यक्रम के उद्घोषक असीम कुमार दुबे ने मदन मोहन और लता मंगेशकर के गीतों पर दिलचस्प जानकारियां साझा की।







### मैं तो तुम संग नैन मिलाके हार गई सजना... जैसे यादगार नगमे किए पेश

डॉ. अश्विना ने फिल्म हंसते जख्म के गीत आज सोचा तो आंसू भर आए.... से जो गीतों का सिलसिला शुरू किया तो लता दी के एक से बढ़कर एक गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सौम्या शर्मा ने नैना बरसे रिमझिम रिमझिम...., छाई बरखा बहार पड़े अंगना फुहार...., न तुम बेवफा हो, न हम बेवफा हैं... । हाल ही में लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश में प्रथम आईं राधिका मिश्रा ने वो चुप रहें तो मेरे दिल के दाग जलते हैं...., माई री मैं का से कहूं पीर अपने जिया की... और सौम्या शर्मा के साथ युगल गीत जब जब तुम्हें भुलाया तुम और याद आए... गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को अभिभूत कर दिया। आर्या ने तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है.... और मैं तो तुम संग नैन मिलाके हार गई सजना... जैसे यादगार नगमें पेश किए।

कवर स्टोरी
डॉ. गरिमा संजय दुबे

# किस बात की है इतनी जल्दबाजी !

आज के दौर की जीवनशैली इतनी तेज हो चुकी है कि हर कोई, सब कुछ तुरंत पा लेना चाहता है। तुरंत सफल न होने पर हम तनाव और अवसाद से घिर जाते हैं। जल्दबाजी की इस प्रवृति के कारण हम जीवन का आनंद लेना ही भूलते जा रहे हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि हम जरा ठहरें और जीवन को संतुलन के साथ जीने का प्रयास करें।



**महान संत कवि कबीर दास का प्रसिद्ध दोहा है–**

धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।
माली सींचे सौ घड़ा, ॠतु आवे फल होय।।

इसमें कबीर दास जी कहते हैं कि मन में धीरज रखने से ही सब होता है। यानी किसी कार्य को पूरा होने में निर्धारित समय लगता है। इसलिए अनावश्यक जल्दबाजी या अधीर होना सही नहीं है।

अकसर लोग यह भी कहते सुने जाते हैं कि समय से पहले और भाग्य से अधिक कुछ नहीं मिलता। यदि यहां भाग्य को नकार भी दिया जाए तो समय को तो नकारा नहीं जा सकता। लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और उस पर दिखावे के साथ भौतिकतावादी तत्वों के आकर्षण ने केवल युवा ही नहीं प्रौढ़ और अधेड़ उम्र के व्यक्तियों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। इस वजह से लोगों में धीरज कम होता जा रहा है। हर कोई सब कुछ जल्द से जल्द पा लेना चाहता है। क्यों बढ़ रही है यह मनोवृत्ति, इसके क्या हैं परिणाम और इससे बचने के उपायों के बारे में हम सभी को विचार करना जरूरी है।



## पहचान पाने की होड़

यह सही है कि इस दुनिया में हर इंसान अपनी अलग विशिष्ट पहचान बनाने के लिए संघर्ष करता है, करना भी चाहिए। लेकिन आज यह प्रवृत्ति बड़ी तेजी से असंतुलन का कारण बनती जा रही है। एक-दूसरे से अंतहीन होड़, उसकी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे की तर्ज पर, अब यह अहंकार पुष्टि का पर्याय भी बनती जा रही है। अपनी अलग पहचान बनाने की इच्छा बुरी नहीं है, लेकिन उसकी हड़बड़ी जरूर व्यक्तित्व में असंतुलन पैदा कर सकती है। सब कुछ एक साथ, अभी के अभी मुझे मिल जाए। मैं हर जगह मौजूद रहूं, हर कहीं, पुरस्कार केवल मेरे हिस्से में आएं, केवल मेरी ही चर्चा हो, सब मुझे चाहें, सब मुझे सराहें, केवल मेरे पास ही सब हो, सब मेरी सुनें, सब मेरे ज्ञान से लाभान्वित हो (गोया कि ज्ञान पर केवल आपका कॉपीराइट है) और मैं इस वाह-वाह के बादलों पर सवार हो उड़ान भरूं। ऐसी सोच ना तो पूरी तरह व्यावहारिक है और ना ही सही कही जा सकती है।

## सोशल मीडिया की भूमिका

वास्तव में देखा जाए तो पहले की तुलना में पहचान का संकट अब उतना रहा नहीं है कि आपमें कोई विशिष्ट गुण हो और आप अनदेखे रह जाएं। सोशल मीडिया ने प्रचार-प्रसार के तमाम साधन उपलब्ध करवाए हैं। हालांकि सोशल मीडिया के कई लाभ हैं तो कई नुकसान भी हैं। इसके जरिए पॉपुलर होने की धुन में इन दिनों रील बनाने की लत युवाओं को लग गई है। इस लत के चलते कई बार सफलता मिलने के बाद फिर फॉलोअर्स में कमी आने पर युवा अवसाद में भी चले जाते हैं। इससे आत्महत्याओं की खबरें भी आती रहती हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। सोशल मीडिया के जरिए रातों-रात सफलता मिलने पर उसे सही तरीके से संतुलित करने का प्रयास होना चाहिए और उसकी लत से जीवन समाप्त कर देने की अति से भी बचा जाना चाहिए। यही नहीं इंस्टेंट सक्सेस की चाह आज के दौर में सब कुछ बहुत तेजी से बदल रहा है। जीवनशैली में इस भाग-दौड़ की प्रवृत्ति का यह असर है कि लोग कामयाबी भी जल्दी हासिल करना चाहते हैं। इसके साथ ही आजकल कुछ लोग, दूसरे सफल लोगों की उपलब्धियों को देख-देखकर हीनभावना से ग्रसित होने लगते हैं। सफलता पाने की आस कतई गलत नहीं है। सबके अपने-अपने लक्ष्य होते हैं, जिन्हें पाने का वे प्रयास करते हैं। लेकिन जीवन में कोई भी बड़ी सफलता इंस्टेंटली नहीं मिलती है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि बड़ी सफलता पाने के लिए सधी हुई निरंतर गति, प्रयास और स्तरीय रचनाधर्मिता जरूरी होती है। लक्ष्य की प्राप्ति, धैर्य के साथ सही प्रयास की मांग करती है। स्थायी सफलता, छोटे-छोटे लेकिन सार्थक कदमों का परिणाम होती है।

## सबकी क्षमताएं होती हैं भिन्न

किसी को सफल देखकर हम यह नहीं सोचते कि उस व्यक्ति की क्षमता, योग्यता, समय की उपलब्धि, जिम्मेदारियों का प्रकार अलग हो सकता है। आमतौर पर किसी को सफल देखकर हम दो तरीके से प्रतिक्रिया देते हैं। एक, जब वो कर सकता या सकती है तो मैं क्यों नहीं? दूसरी, अरे उनके पास कोई काम-काज है नहीं, फुर्सत रहती है, इसलिए बस लगे रहते हैं। भई हमें तो और भी बहुत काम हैं। इसलिए उनके जैसी सफलता नहीं पा सके। दोनों ही प्रतिक्रियाएं अतिवादी हैं और गलत भी। न तो हर कोई हर कार्य कर सकता है और न ही वो इसलिए अच्छा काम कर पा रहा है, है क्योंकि उसके पास फालतू का टाइम रहता है। आपको समझना चाहिए कि उस व्यक्ति की लगन, प्रयास और समय प्रबंधन आपसे बेहतर है। जिस तरह यह कहा जाता है कि हर बच्चा एक जैसा नहीं होता, सबकी अपनी-अपनी क्षमता होती है, ठीक यही बात बड़ों को भी समझनी होगी कि हम सब भिन्न-भिन्न प्रकृति के, भिन्न-भिन्न योग्यता वाले इंसान हैं। कोई कवि है, कोई खिलाड़ी, कोई अच्छा खाना बनाता है तो कोई अच्छा गाता है, कोई सामाजिक स्तर पर सक्रिय है तो कोई घरेलू मोर्चे पर सफल है, किसी ने जॉब को प्राथमिकता माना है तो किसी ने घर को, हममें से कोई भी असफल नहीं है। हमें अपने क्षेत्र में प्रवीणता हासिल कर सफल होने का प्रयास करना चाहिए, न कि दूसरों की नकल करके या उससे ईर्ष्या करके उस क्षेत्र में प्रयास करना चाहिए, जिसकी प्रतिभा हम में है ही नहीं।



## खुद को न मानें विफल


ऐसा सोचना सही नहीं है कि जिसकी चर्चा अधिक होती है, तो वह सफल है। यदि किसी व्यक्ति में दुनिया को बताने या चर्चित होने के लिए कोई विशेष गुण न भी हो, तो भी वह एक व्यक्ति एक इकाई के रूप में तो सफल है ही। आखिर हम पर सफलता का इतना दबाव क्यों होना चाहिए? हमें सोचना चाहिए कि इससे क्या फर्क पड़ता है, यदि मुझे कुछ कम लोग जानते हैं? किसी को 2000 लोग जानते हैं और किसी को 500 तो क्या फर्क पड़ जाएगा? आपकी सफलता का मानक सिर्फ आपकी सोशल पॉपुलैरिटी पर निर्भर नहीं करता है। इसका एक मानक यह भी है कि आपकी अपने परिवार, अपने सोशल और फ्रेंड सर्कल में कैसी इमेज है? आप अपने दायित्वों का कितनी अच्छी तरह से निर्वहन करते हैं?

## सही नहीं जल्दबाजी का तनाव

यह कहना गलत नहीं होगा कि आधुनिक जीवनशैली ने स्लो एंड स्टेडी की जगह हमें फास्ट एंड फ्यूरियस बना दिया है। धैर्यवान की जगह हम में से अधिकतर अधीर होते जा रहे हैं। शांति के बजाय मन में बेचैनी सी छाई रहती है। अपने साथ दूसरों की उन्नति देख प्रसन्न होने की जगह ईर्ष्या का भाव जन्म लेने लगता है। सफलता की चाह में सक्रिय होने के बजाय हाइपर एक्टिव होते जा रहे हैं हम। इससे हम अनचाहे तनाव से घिरकर अपने जीवन को अशांत और अव्यवस्थित बना लेते हैं। ऐसे में ठहरकर विचार करने की जरूरत है। कहते हैं, 'अति सर्वत्र वर्जयेत।' जरूरत से अधिक सक्रियता, तेजी और जल्दबाजी, स्वास्थ्य और मानसिक स्थिरता को नष्ट कर देती है। थोड़ा धैर्य और थोड़ी स्थिरता से हम बेहतर परिणाम पा सकते हैं। *

---

न्यू लाइफस्टाइल / अंशु सिंह



जेन जी यानी बिल्कुल नई पीढ़ी के बच्चे और युवा, हाथ से लिखने के बजाय कीपैड पर कंपोज करना आसान मानते हैं। लेकिन हैंड राइटिंग से बढ़ती यह दूरी, इस पीढ़ी के लिए किस तरह नुकसानदेह है, इस बारे में ध्यान देने की जरूरत है।

# हैंड राइटिंग से बच रही जेन जी

आज की डिजिटल तकनीक के विस्फोट ने जहां हमारे संवाद और सीखने के तरीके को बदल दिया है। दूसरी ओर बच्चों की मोबाइल फोन और वीडियो गेम्स की लत से पहले से परेशान पैरेंट्स, अब उनकी लिखावट को लेकर भी चिंतित रहने लगे हैं। खासकर जेन जी पीढ़ी (पीयू रिसर्च के मुताबिक, जेन जी यानी जेनरेशन जेड, वह पीढ़ी है, जो 1997 और 2012 के बीच पैदा हुई है। इन्हें




जूमर्स या पोस्ट मिलेनियल्स भी कहते हैं।) पेन और पेंसिल से बचने लगी है। इसलिए वे हाथ से लिखना भूलते जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है। अध्ययनों के अनुसार, हाथ से लिखना साक्षरता और संज्ञानात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**नहीं लिखना चाहती नई पीढ़ी:** कोविड के दौरान जब ऑनलाइन क्लासेज का सिलसिला शुरू हुआ, तो बच्चों का डिजिटल समय पहले से कई गुणा बढ़ गया। उस दौर में शिक्षा जारी रखने का दूसरा कोई विकल्प भी नहीं था। लेकिन एक समय के बाद शिक्षकों और पैरेंट्स दोनों को आभास हुआ कि बच्चे लिखना नहीं चाह रहे। वे हाथ से लिखने से बच रहे हैं। अब स्टेवांगर यूनिवर्सिटी का एक अध्ययन बताता है कि करीब 40 फीसदी जेन जी पीढ़ी हस्तलिखित संवाद पर अपनी पकड़ खोती जा रही है। उनकी लेखनी में न सफाई दिखाई दे रही है और न ही स्पष्टता।

**डिजिटल मीडिया ने बदला संवाद का तरीका:** दरअसल, डिजिटल टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया ने आपस में संवाद के पूरे तरीके को ही बदल दिया है। बच्चे हों या नौजवान, सभी वाट्सएप, टेलीग्राम, स्नैपचैट पर संक्षिप्त संदेशों या इमोजी के जरिए अपनी बात रखना पसंद करते हैं। कम से कम शब्दों में सूचनाएं देने की कोशिश करते हैं। कई बार सिर्फ 10 शब्दों में पूरी बात खत्म हो जाती है। ये स्लैंग के माध्यम से साझा किए गए छोटे विचार होते हैं। इससे लिखने की आदत छूटती जा रही है। स्टेवांगर यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेदरेट किलिसेरी ने जब इस प्रवृत्ति पर शोध किया तो पाया कि इन दिनों कॉलेज स्टूडेंट्स के पास बुनियादी लेखन कौशल की कमी होती जा रही है। वे लंबे वाक्य संरचनाओं के बजाय छोटे वाक्य लिख रहे हैं। कलम की जगह की-बोर्ड का प्रयोग करने के कारण कई स्टूडेंट्स के लिए कागज पर खुद को ठीक से अभिव्यक्त करना मुश्किल हो रहा है। वे न पत्र लिख पाते हैं और न ही औपचारिक ई-मेल। यही पीढ़ी जब वर्कफोर्स का हिस्सा बनती है तो उन्हें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी प्रेजेंटेशन स्किल से लेकर अन्य कौशल प्रभावित होते हैं।

**हस्तलिपि से बढ़ती है याददाश्त:** शिक्षा में हस्तलेखन अहम भूमिका निभाता है, जो संज्ञानात्मक विकास, सीखने की क्षमता को बनाए रखने और शैक्षणिक प्रदर्शन में योगदान देता है। जब बच्चे हाथ से लिखना सीखते हैं, तो उनके मस्तिष्क के कई क्षेत्र सक्रिय होते हैं, जो गतिशील कौशल, स्मृति और भाषा अधिग्रहण के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसके अलावा, यह प्रक्रिया तंत्रिका संबंधों को बढ़ाती है, जो पढ़ने और लिखने में सहायक होते हैं। साक्षरता और समग्र संज्ञानात्मक विकास की नींव रखते हैं। हस्तलेखन केवल संज्ञानात्मक लाभ ही नहीं प्रदान करता, यह रचनात्मकता और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को भी बढ़ावा देता है। प्रत्येक छात्र की अनूठी लेखन शैली उनके आत्मविश्वास और संलग्नता को बढ़ा सकती है, जिससे सीखने का अनुभव अधिक व्यक्तिगत और सार्थक बन जाता है। इसके अतिरिक्त, हस्तलेखन अनुशासन और




एकाग्रता को बढ़ावा देता है। इससे याद्दाश्त तेज होती है। तभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नोट्स बनाने पर ध्यान देते हैं। लिखने का अभ्यास करते हैं।

**मानसिक रोगों से निपटने में मददगार:** नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में न्यूरोसाइकोलॉजी की प्रोफेसर ऑड्रे वैन डेर मीर के अनुसार, हाथ से कुछ लिखना, टाइप करने की तुलना में मस्तिष्क पर अलग तरह से प्रभाव डालता है। इससे छात्र लिखी गई जानकारी को बेहतर ढंग से याद रख पाते हैं। कोई भी पीढ़ी हस्तलिपि के फायदों को नजरअंदाज नहीं कर सकती, क्योंकि हाथ से लिखने के अनेक लाभ हैं। इससे अलग हटकर सोचने में मदद मिलती है। यह दिमाग को दैनिक दिनचर्या से हटकर खुद को अभिव्यक्त करने की आजादी देता है। अकसर जब हमारा मन किसी खास चिंता में घिरा रहता है, तो हाथ से लिखने पर विचारों की गति धीमी होती जाती है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि हस्तलेखन से अवसाद और चिंता दूर होती है। *

---

दोहे
प्रो. शरद नारायण खरे

## शरद पूर्णिमा



अमिय बरसता चांद से, मंगलमय है नेह।
हृदय नवल आवेग में, हुई तरंगित देह।।
शशि की किरणें शुभ्र हैं, अंतर में आनंद।
पूर्णमासी आ गई, सबको आज पसंद।।
प्रीति चढ़ी परवान है, मादक हुए विचार।
तम ने खाई मात है, निखर रहा उजियार।।
प्रेमातुर संसार है, वादों का विस्तार।
सबको आकर्षित करे, देखो अब अभिसार।।
छत पर बैठा है युगल, ले हाथों में हाथ।
चंदा भी देने लगा, प्रेमपगों का साथ।।
खिलती ज्योत्स्ना भली, बांट रही जो प्यार।
खीर खा रहा है जगत, बढ़ने लगा दुलार।।
शरद निशा चोखी हुई, बनी एक सौगात।
कोमल है अब चेतना, दिव्य हुए जज्बात।।
शरद चांद में है दमक, नया हुआ संसार।
प्रकृति पा गई प्रेम का, अनुपम नव उपहार।।

---

व्यंग्य / अशोक गौतम

## मंत्री जी का जंगलारोपण इवेंट



मंत्री जी ने चमचों के साथ दो घंटे से चल रही गप्पों की गंभीर बैठक अचानक रोकी और पीए को बुलाया, 'पीए साहब! इस महीने के सारे जनहित काम हो गए न? देखो, हमें पेंडेंसी कतई पसंद नहीं।'

'जी जनाब! आपके चुनाव क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त एरिया का भाभी जी ने पूरा दौरा कर लिया। वह भी एक बार नहीं, चार-चार बार ताकि चुनाव क्षेत्र का कोई भी बाढ़ग्रस्त कोना उनकी आंखों से ओझल न रहे। आपके बाढ़ प्रभावितों के प्रति संवेदनाओं को लेकर जितने प्रेस नोट और फोटो अखबारों में छपे, वे दूसरे मंत्रियों से दुगने ही छपे। बधाई हो सर!'

'गुड! वैरी गुड! और अब इस माह का बचा क्या है जनता को करने को?'

'सर! सॉरी! एक बात तो बताना भूल ही गया था।' कहते हुए पीए ने अपना सिर झुका लिया तो मंत्री जी ने पूछा, 'क्या?'

'सर! बरसात गुजर गई। पर सर, इस बार आपके कर कमलों द्वारा अब तक सद्भावना का पौधा नहीं लगा।'

'क्यों?'

'सर आप जनहित के दूसरे कामों में व्यस्त ही इतने थे कि मुझे लगा आप ओवर लोडेड हो जाएंगे। लेकिन सर! हर साल आपका पर्यावरण बचाने के लिए पौधा लगाना बहुत जरूरी है। आपका लगाया एक पौधा लाखों पौधों में जान फूंकता है सर! जब तक आप पौधा नहीं लगाते, जनता भले ही कितने ही पौधे क्यों न लगा ले, उनका कोई महत्व नहीं होता। वे पर्यावरण की रक्षा नहीं कर पाते। वे जंगल नहीं बन पाते।'

'पर, ये इतना जरूरी है क्या?' मंत्री जी ने पूछा।

'सर! आपको पर्यावरण हित में पौधा हर हाल में लगाना होगा। अगर आप पौधा नहीं लगाएंगे तो ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ जाएगी। अगर आप पौधा नहीं लगाएंगे तो अगले साल बसंत में ही लू चलनी शुरू हो जाएगी। इसलिए जनहित में आपको पौधा लगाना ही होगा सर!'

'अच्छा! पर यार लगाएंगे कहां?'

'इसका भी इंतजाम मैंने कर लिया है सर! आप अपने ऑफिस में ही जंगलारोपण करेंगे।' 'ऑफिस में! यहां मेरे कठोर अनुशासन के डर से पौधा सूख गया तो?'

'ऐसा नहीं होगा! सर! आपके लगाए पौधे आज तक सूखे कहां जो यह पौधा सूख जाएगा? आपके हाथों में वह जादुई शक्ति है, जो आप सूखे बांस की टहनी भी लगाएं तो वह भी दूसरे ही दिन बिन खाद पानी के हरी हो जाए। आप जैसे जनसेवक लोकतंत्र में युगों बाद जनता की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं सर।' पीए ने चमचों के सामने उनमें हवा भरी तो जनाब आसमान में पहुंच गए।

'तो इसके लिए करना क्या होगा? इतनी जल्दी इवेंट मैनेज हो जाएगा क्या?' मंत्री जी आर्टिफिशियली गंभीर हुए, 'क्यों नहीं जनाब! बंदा है किसलिए? अभी प्रेस नोट बनाकर भेज देता हूं कि कल मंत्रीजी अपने ऑफिस में जंगलमहोत्सव मनाते प्रेम भाईचारे, तप, त्याग का अजर अमर कल्पवृक्ष लगा रहे हैं। इस अवसर पर वे एक और वृक्ष पर्यावरण को समर्पित करेंगे।'

'और भीड़ का क्या होगा?'

'आप चिंता न करे जनाब! आपके विभाग के सारे अफसर बुला लिए जाएंगे। वे और करते भी क्या हैं सर? और आपके जंगल-महोत्सव में जो सबसे हटकर होगा वह ये कि सब हरे कपड़े, हरे जूते, हरे मौजे, मुंह पर हरा रंग पोते आएंगे ताकि पौधा लगने से पहले ही वातावरण हरा-भरा हो जाए।' 'पर पौधा किस चीज का लगाएंगे? तुम्हें तो पता है कि हम सेकुलर कम नॉन सेकुलर हैं। सब में पौधे को लेकर भी मेरी तरह भ्रम की स्थिति बनी रहनी चाहिए।'

'सब समझ गया जनाब! आप चिंता न करें। ऐसा ही होगा। सर! अब बजट की बात भी हो जाए तो?'

'बजट कितना?'

'सर! मोटा-मोटा एक लाख रख लीजिए। आपके जंगलारोपण के बाद सबको लंच, गमले में लगा नॉन सेकुलर कम सेकुलर पौधा देंगे।'

'डोंट वरी, बस! इवेंट चकाचक हो जाए हर बार की तरह! और हां! मीडिया को बता देना कि पौधे से अधिक फोकस मुझ पर हो।'

'मेरे होते हुए चिंता की कोई बात नहीं जनाब!' पीए साहब ने उन्हें हद से अधिक आश्वस्त किया और कल के मंत्री जी के जंगल-महोत्सव हेतु उनके विभाग के मुखियाओं को अपने कमरे में आ मंत्री जी से भी अधिक गंभीर हो आवश्यक दिशा निर्देश देने में जुट गए। *


## इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**
इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**डॉ. प्रमोद पहारिया**
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली

देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक | व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# महिला विश्व कप : भारत आजमाएगा बेंच स्ट्रेंथ का दम, पाकिस्तान से हाईवोल्टेज भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमों के बीच पिछले तीन रविवार नाटकीयता भरे मुकाबलों के बाद अब इस रविवार को दोनों देशों की महिला टीमें वनडे विश्व कप में आमने-सामने होंगी तो क्रिकेट कौशल से ज्यादा जज्बात की जंग रहेगी और भारत का पलड़ा एक बार फिर भारी रहने वाला है।

भारत और पाकिस्तान ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तमाम प्रारुपों में 27 मुकाबले खेले हैं, जिनमें से भारत ने 24 और पाकिस्तान ने तीन जीते हैं । पाकिस्तान को तीनों जीत टी20 प्रारुप में मिली है। वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड है, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच खेले गए सभी 11 मैच जीते हैं।

### भारतीय टीम की नजरें नेट रनरेट बेहतर करने पर

भारत ने विश्व कप में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों का सामना नहीं कर सके। सभी टीमें एक एक मैच खेल चुकी हैं और भारत चौथे स्थान पर है। भारतीय टीम की नजरें अब नेट रनरेट बेहतर करने पर लगी होंगी, जो टूर्नामेंट के आखिरी चरण में काफी अहम हो जाता है ।

- महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तमाम प्रारुपों में 27 मुकाबले हुए, जिनमें भारत ने 24 और पाकिस्तान ने 3 जीते
- वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड, टीम इंडिया ने सभी 11 मैच जीते




### भारत की ताकत बल्लेबाजी

हरमनप्रीत कौर की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगी। पहले मैच में एक समय छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 ओवर में 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ताकत उसकी बल्लेबाजी है लेकिन मजबूत टीमों के खिलाफ बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश और पाकिस्तान के मैच में कोलंबो की पिच से काफी सीम मिल रही थी लिहाजा भारत तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को उतार सकता है, जो पिछले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के जरिए चोट के बाद लौटी है। वह हालांकि अभ्यास सत्र में लय में नहीं दिखी।

### पाक को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन

दूसरी ओर पाकिस्तान की चिंता उसकी बल्लेबाजी है। पहले मैच में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया और पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। फातिमा सना और डायना बेग ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन स्कोर ही बड़ा नहीं था । पाकिस्तान को सारे मैच एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उसे जीत के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। क्रिकेट के अलावा इस मैच को लेकर काफी तनाव भी है। अब वह दिन लद गए जब 2022 विश्व कप में पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारुफ की बेटी के साथ भारतीय खिलाड़ियों को खेलते देखा गया था। पुरुष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से शायद हाथ नहीं मिलाएगी।

### संभावित टीमें

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**पाकिस्तान :** फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शावाल जुल्फिकार , सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरुब शाह

## खबर संक्षेप



### बारिश के कारण श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया मैच में विलंब

**कोलंबो।** लगातार बारिश के कारण शनिवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप ग्रुप चरण मुकाबला शुरू नहीं हो सका। मैदान कवर से ढका है जबकि विशाल स्कोरबोर्ड पर 'रेन रेन गो अवे' लिखा दिखाई दिया। हालांकि बारिश कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहा है। टॉस के समय से 15 मिनट पहले दोपहर 2.45 बजे बारिश रुकी, जिससे उम्मीद बंधी लेकिन जैसे ही टॉस का समय नजदीक आया। बारिश फिर शुरू हो गई और पूरा खेल मैदान कवर से ढक दिया गया। फिर दोपहर तीन बजे तक भारी बारिश होने लगी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया था जबकि श्रीलंका को टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत के हाथों डकवर्थ लुईस पद्धति से 59 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

### हमें अश्विन की कमी खलती है : जडेजा

**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में अपने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच चुने गए हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने लंबे समय तक टीम में रहे अपने साथी दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की बात करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी को एक दिन इस खेल को अलविदा कहना होता है। जडेजा से पूछा गया कि क्या आपको अश्विन की कमी खलती है तो उन्होंने कहा, 'बिलकुल, हमें उनकी कमी महसूस होती है। अश्विन ने भारतीय क्रिकेट के लिए इतने सालों तक बहुत योगदान दिया है। जडेजा ने कहा, 'भारत में टेस्ट खेलना और अश्विन नहीं हों यह सोच कर अजीब लगता है। ऐसा लगता है कि अब अश्विन गेंदबाजी करेंगे, लेकिन फिर अहसास होता है कि अब वो टीम में नहीं हैं।'



### टूटने के लिए बनते हैं रिकॉर्ड : फातिमा सना

**कोलंबो।** पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने महिला वनडे विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले मैच में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए कहा कि रिकॉर्ड तो टूटने के लिए ही बनते हैं। महिला वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान भारत से 0-11 से पिछड़ रहा है, लेकिन फातिमा ने कहा कि उनकी टीम अतीत की बजाय वर्तमान पर ध्यान दे रही है। फातिमा ने कहा, 'सबसे पहले तो भारत और पाकिस्तान के बीच जो भी रिकॉर्ड है वो टूटने के लिए ही बने हैं। ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान कभी भारत को नहीं हरा सकता।' उन्होंने कहा, 'हमारे सामने कोई भी टीम हो, हम इस सोच के साथ खेलते हैं कि हमें अच्छा क्रिकेट खेलना है।



## भारत ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रन से हराया

# घरेलू मैदान पर शुभमन की बतौर कप्तान पहली जीत, जडेजा बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

उपकप्तान रविंद्र जडेजा के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीन दिन के भीतर ही एक पारी और 140 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारत ने पहली पारी कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित करके 286 रन की बढ़त बना ली थी। वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 45.1 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में नाबाद शतक जमाने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में 54 रन देकर 4 विकेट लिए। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। वहीं बतौर टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की ये भारत में पहली जीत भी रही। भारत की इस बड़ी जीत में टीम के कई खिलाड़ियों को योगदान रहा, जिसमें केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी शामिल रहे। राहुल, ध्रुव और जडेजा ने इस मैच में शतक लगाया तो वहीं सिराज ने सबसे ज्यादा 7 विकेट लिए, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच जडेजा रहे।




### जडेजा एक बार फिर चूके

जडेजा एक मैच में शतक और पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा एक बार फिर अपने नाम करने से चूक गए। वह पहले दो बार यह कमाल कर चुके हैं। लंच के बाद सिराज ने जस्टिन ग्रीव्स (25) और जोमेल वारिकन (0) को पवेलियन भेजा । वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने एलिक अथानाजे (38) का रिटर्न कैच लपका । कुलदीप ने जेडेन सील्स (22) का अपनी ही गेंद पर कैच पकड़ा ।

### यह हमारे लिए परफेक्ट मैच था : गिल

कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा,'यह हमारे लिए परफेक्ट मैच था। तीन शतक और इतनी शानदार फील्डिंग।' तीसरे दिन पिच से मिल रही मदद का मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने पूरा फायदा उठाया। सिराज ने 40 रन देकर चार और बुमराह ने 42 रन देकर 3 विकेट लिए। भारतीय पारी में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) ने 9 साल बाद देश में टेस्ट शतक लगाया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और जडेजा 104 रन बनाकर नाबाद रहे। तीसरे दिन सुबह के सत्र में पिच से मदद की संभावना में भारत ने पारी कल के स्कोर पर ही घोषित कर दी।

### सिराज ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

सिराज ने इस मैच में 61/7 के आंकड़े दर्ज किए। यह उनका भारतीय सरजमीं पर मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। उन्होंने वेस्टइंडीज की पहली पारी में तेजनाराण चंद्रपॉल (0), एलिक ऐथानेज (12), ब्रैंडन किंग (13) और कप्तान रोस्टन चेज (24) को आउट कर 40 रन देते हुए ये 4 विकेट लिए थे। इसी तरह उन्होंने दूसरी पारी में चंद्रपॉल (8), जस्टिन ग्रीव्स (25) और जोमेल वारिकन (0) को आउट करते हुए 31 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए।

### चंद्रपॉल और कैंपबेल ने की सकारात्मक शुरुआत

सलामी बल्लेबाज तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) और जॉन कैंपबेल ने सकारात्मक शुरुआत की लेकिन आठवें ओवर में नितीश रेड्डी ने स्क्वेयर लेग पर शानदार कैच लपककर भारत को पहली कामयाबी दिलाई। सिराज की शॉर्ट गेंद पर चंद्रपॉल ने शॉट खेला और रेड्डी ने अपनी बायीं ओर डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। इसके बाद जडेजा ने कैंपबेल (14) को रवाना किया। चौथे नंबर पर उतरे ब्रेंडन किंग (पांच) ने पहली स्लिप में केएल राहुल को कैच थमाया। वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेस (एक) को स्पिनर कुलदीप यादव ने आउट किया। छठे नंबर पर आए शाइ होप ने जडेजा की गेंद पर कट शॉट खेला और यशस्वी जायसवाल ने शॉर्ट थर्डमैन पर अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

## चैपल हैडली श्रृंखला

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया, सीरीज की अपने नाम




एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

मिचेल मार्श (नाबाद 103 रन) के पहले टी20 शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर चैपल हैडली श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने 50 गेंद में शतक जड़ दिया था। उन्होंने अपनी 73वीं पारी में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 52 गेंद में 103 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बीच के ओवरों में जल्दी जल्दी कई विकेट गंवा दिए लेकिन मिचेल मार्श एक छोर पर डटे रहे, जिससे टीम ने दो ओवर रहते सात विकेट पर 160 रन बनाकर न्यूजीलैंड के नौ विकेट पर 156 रन के स्कोर को पार कर लिया। उनके अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

- मार्श ने 50 गेंद में लगाया अपना पहला टी20 शतक

### ऑस्ट्रेलिया की मजबूत तेज गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाई न्यूजीलैंड

मिचेल मार्श ने श्रृंखला के पहले मैच में 43 गेंद में 85 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की छह विकेट की जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। शुक्रवार को दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने नौ विकेट पर 156 रन ही बना सकी, जिसमें सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट 35 गेंद में 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। बारिश के कारण टॉस 15 मिनट देर से हुआ। गेंद बहुत उछाल ले रही थी, जिससे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज साझेदारियां बनाने में नाकाम रही। सिफर्ट के अलावा कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 और जिम्मी नीशाम ने 25 रन बनाए।

## सीख रहे आधुनिक फुटबॉल तकनीकें

# विचारपुर 'मिनी ब्राज़ील' के पांच खिलाड़ी पहुंचे जर्मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब एफसी इन्गोलेस्टेड्ट 04 क्लब ने खिलाड़ियों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर तक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया और आज, ये युवा सितारे अपने सपनों की उड़ान भरते हुए जर्मनी पहुँचे हैं,जहां उन्हें विश्वस्तरीय ट्रेनिंग, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और नई रणनीतियों का प्रशिक्षण मिलेगा। विचारपुर से कुल पाँच खिलाड़ी और एक महिला प्रशिक्षक का चयन किया गया है। इनमें लक्ष्मी सहीस (कोच), सानिया कुंडे,सुहानी कोल,प्रीतम कुमार ,वीरेंद्र बैगा,मनीष घसिया हैं। ये सभी 4 अक्टूबर की सुबह म्यूनिख (जर्मनी) पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जर्मनी पहुँचते ही खिलाड़ियों ने कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ और ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में क्लब का भ्रमण किया, जहां उन्होंने क्लब के स्पोर्ट्स सेंटर, जिम सेशन, और अत्याधुनिक स्किल्स लैब एरीना का अवलोकन किया। यहाँ खिलाड़ियों ने पहली बार जर्मन फुटबॉल प्रशिक्षण की आधुनिक तकनीकों को करीब से देखा और क्लब के पेशेवर माहौल में खुद को तैयार करने की शुरुआत की। इस दौरान कोच बीयर्सडॉर्फ खिलाड़ियों को गेंद नियंत्रण, पासिंग, शूटिंग, डिफेंस और अटैक रणनीति जैसी आधुनिक फुटबॉल तकनीकों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण में विशेष रूप से खिलाड़ियों की निर्णय क्षमता, टीमवर्क, और मैच के दौरान रणनीतिक प्रतिक्रिया पर ध्यान दिया जा रहा है।

### विभागीय सहयोग से बनी मजबूत नींव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खिलाड़ियों के चयन, प्रशिक्षण की व्यवस्था और यात्रा की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।विभाग के माध्यम से खिलाड़ियों को जर्मनी में ट्रेनिंग के लिए आवश्यक संसाधन और समर्थन उपलब्ध कराए गए, जिससे उनकी तैयारी और प्रदर्शन को और बेहतर बनाया जा सके। यह पहल मध्यप्रदेश में खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। प्रदेश सरकार के सहयोग और खिलाड़ियों की मेहनत से उठाया गया यह ऐतिहासिक कदम न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करेगा।

### फेनेस्टा ओपन के चैंपियन बने मनीष और वैष्णवी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब अपने नाम किए। पुरुष एकल फाइनल में मनीष ने कीर्तिवासन सुरेश को दो घंटे तक चले मुकाबले में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। वहीं महिला एकल में भी वैष्णवी ने आंकाक्षा निटुरे को 6-1, 6-2 से हराकर खिताब जीता। अंडर-18 वर्ग में हर्षिनी एन ने तीन घंटे तक चले बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता को 6-1, 2-6, 6-4 से शिकस्त दी। वहीं बालकों के एकल फाइनल में तविश पहवा ने रुतिक कटाकम के चोटिल होने के कारण हटने से खिताब जीता। तविश 7-6, 1-0 से आगे चल रहे थे।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप








**नई दिल्ली।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। इसमें शनिवार को महिलाओं की लंबी कूद टी47 फाइनल में डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क (बाएं), फ्रांस की मैरी न्गूसौ-न्गूई (बीच में) और चीन की जिंग यान प्रतिस्पर्धा करती हुईं। इस दौरान उनकी हेयर स्टाइल बेहद चर्चा का विषय बनी।

### सिडनी थंडर करेगी अश्विन की सुरक्षा का इंतजाम

**सिडनी।** रविचंद्रन अश्विन को बिग बैश लीग टीम सिडनी थंडर निजी सुरक्षा प्रदान करेगी चूंकि ओलंपिक एरेना मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र के दौरान भारतवंशी क्रिकेटप्रेमियों के उमड़ने की संभावना है। समझा जाता है कि अश्विन अपने साथ निजी टीम भी लेकर आएंगे, जो उनके यूट्यूब चैनल के लिए सिडनी थंडर के साथ उनके बीबीएल के सफर को कैमरे में कैद करेंगे। पिछले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान एडीलेड ओवल पर भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को देखने के लिये करीब 5000 भारतीय प्रशंसक पहुंच गए थे, जिससे सुरक्षा का मसला खड़ा हो गया था। बीबीएल टीम इससे बचना चाहती है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के अनुसार, 'भारत के अनुभवी स्पिनर के अभ्यास करने और खेलने के दौरान सुरक्षा का मसला हो सकता है।

## 19 से 25 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगी तीन मैचों की वनडे सीरीज

# आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम इंडिया में रेड्डी और जुरेल को जगह

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

एक बड़े बदलाव के तहत भारतीय चयनकर्ताओं ने शनिवार को रोहित शर्मा को एक दिवसीय टीम की कप्तानी से हटाकर विश्व कप 2027 के मद्देनजर युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आगामी आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की कमान सौंपी है। इसे गिल को सभी प्रारुपों में कप्तानी सौंपने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है । रोहित और विराट कोहली को 15 सदस्यीय भारतीय टीम में चुना गया है, जिसकी घोषणा शनिवार को बीसीसीआई ने की। श्रेयस अय्यर को तीन मैचों की श्रृंखला के लिए उपकप्तान बनाया गया है ।




### जायसवाल की वनडे टीम में वापसी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वनडे श्रृंखला से आराम दिया गया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की वनडे टीम में वापसी हुई है। वनडे मैच 19 से 25 अक्टूबर के बीच सिडनी, एडीलेड और मेलबर्न में खेले जायेंगे जिसके बाद पांच मैचों की टी20 श्रृंखला होनी है । चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने पुष्टि की कि रोहित को कप्तानी में बदलाव के बारे में बता दिया गया है लेकिन जब यह पूछा गया कि क्या विराट और रोहित विश्व कप 2027 खेलेंगे तो उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। अगरकर ने कहा,'वे अभी इसी प्रारुप में खेल रहे हैं और हमने उन्हें चुना है।

### वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल , यशस्वी जायसवाल ।

### टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर ।

### जडेजा-बुमराह को वनडे में नहीं मिली जगह

चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला रविंद्र जडेजा भले ही आस्ट्रेलिया दौरे के लिये टीम में नहीं हैं लेकिन वनडे प्रारुप में भारत की रणनीति का हिस्सा हैं। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत के लिए विजयी रन बनाने वाले जडेजा को आस्ट्रेलिया के हालात को ध्यान में रखते हुए तीन मैचों की वनडे श्रृंखला की टीम में जगह नहीं मिली है। अगरकर ने भारतीय टीम की घोषणा के बाद कहा,'आस्ट्रेलिया में दो स्पिनर ले जाना संभव नहीं है लेकिन वह रणनीति का हिस्सा है। टीम में जगह के लिए स्पर्धा तो होगी ही।' उन्होंने कहा,'वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम में था क्योंकि हमें वहां के हालात में अतिरिक्त स्पिनर चाहिए था। अगरकर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह ही नहीं बल्कि मोहम्मद सिराज के कार्यभार प्रबंधन का भी ध्यान रखा जाएगा। बुमराह को आस्ट्रेलिया में वनडे श्रृंखला में आराम दिया गया है।



## 'पेट्रियट' का टीजर रिलीज, 17 साल बाद पर्दे पर लौटी मोहनलाल और ममूटी की जोड़ी

**मुंबई।** मलयालम सिनेमा के 2 मशहूर सितारे मोहनलाल और ममूटी की जोड़ी 17 साल बाद पर्दे पर लौटने को तैयार है। आखिरी बार दानों साल 2008 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ट्वेंटी:20' में साथ नजर आए थे। अब उनकी फिल्म 'पेट्रियट' का टीजर 2 अक्टूबर को रिलीज हो गया है। फिल्म में अभिनेता फहाद फासिल और नयनतारा भी अहम किरदार में हैं। देशभक्ति, जासूसी और एक्शन से लबरेज इस फिल्म का निर्देशन महेश नारायणन ने किया है। 'पेट्रियट' के 1 मिनट 21 सेकंड के टीजर में फिल्म की कहानी का ज्यादा खुलासा तो नहीं हुआ है, लेकिन इतना पता चल गया है कि मोहनलाल एक आर्मी अधिकारी के किरदार में हैं।

लाइफ Style



# भूमि

## बाढ़ पीड़ितों के लिए बनीं मसीहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अभिनेता सोनू सूद की तरह सराहनीय काम किया है। उन्होंने जम्मू में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और बाढ़ से बेघर अनगिनत परिवारों की मदद के लिए एक क्राउडफंडिंग अभियान की शुरुआत की।

भूमि ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो के जरिए अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों से एकजुटता बनाने और योगदान करने की अपील की है। उनके इस सराहनीय काम की प्रशंसक भी सराहना कर रहे हैं। भूमि ने कहा, इनमें से कई परिवार दैनिक मजदूरी करते हैं और दशकों से अपने घर बना रहे थे। कुछ ही घंटों में उनकी सारी मेहनत खत्म हो गई। केट्टो इंडिया के साथ इस अभियान के जरिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि परिवारों को न केवल तत्काल राहत मिले, बल्कि वे सम्मान के साथ अपने जीवन को फिर से बना सकें। केट्टो के साथ साझेदारी में शुरू किए गए इस अभियान का मकसद धनराशि जुटाना है। गौरतलब है कि भूमि पेडनेकर जब इंडस्ट्री में आई थीं तो बॉक्स ऑफिस पर उनके करियर की शुरुआत तो काफी अच्छी रही थी। आयुष्मान खुराना के साथ आई उनकी फिल्म दम लगा के हईशा को फैंस का ढेर सारा प्यार मिला था। ये फिल्म सेमी हिट रही थी। इसके बाद अक्षय कुमार के साथ आई उनकी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा भी हिट रही थी। इस फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 100 करोड़ से ज्यादा का रहा था। इसके बाद एक्ट्रेस की 4 फिल्में आईं। इनमें से 2 फिल्में हिट रहीं।

### हॉलीवुड मसाला




## टॉम अंतरिक्ष में करेंगे शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज फिर चर्चा में आ गए हैं। चबर है कि वह 26 साल छोटी अभिनेत्री एना डी अर्मास से शादी करने पर विचार कर रहे हैं। राडारऑनलाइन के साथ बातचीत में एक सूत्र ने बताया है कि अभिनेता 'मिशनः इम्पॉसिबल' के खतरनाक स्टंट की तरह अपनी शादी को भी हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं। इसलिए वह स्काईडाइविंग करते हुए शादी कर सकते हैं। टॉम और एना ने अपने रिश्ते की पुष्टि जुलाई, 2025 में की थी। अंतरिक्ष यात्रा के शौकीन हैं टॉम।



## 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' सिनेमाघरों में लौटी...

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' जिन लोगों ने सिनेमाघरों में नहीं देखी थी, उनके पास अब एक और मौका है। 3 साल के बाद इस फिल्म को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर मुख्य किरदार में हैं। पैंडोरा की ये कहानी दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी खूब पसंद आई थी। दशहरा के मौके पर 2 अक्टूबर, 2025 को दशहरा के अवसर पर फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' दोबारा रिलीज हुई है। ये उन लोगों के लिए एक तोहफा है, जो फिल्म में पेंडोरा की दुनिया को देखने में दिलचस्पी रखते हैं। फिल्म को सिर्फ 1 हफ्ते के लिए सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।



## बेटी को लोगों की नजरों से रखती हैं दूर


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हासिल करने के बाद से चर्चाओं में हैं। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार बताया कि वह अपनी बेटी आदिरा को दुनिया से छिपाकर क्यों रखती हैं? रानी ने बताया कि उनके इस फैसले में पति और यशराज फिल्म्स के मालिक आदित्य चोपड़ा का पूरा सहयोग है। उनका मानना है कि अपना पेशा चुनते वक्त अपनी योग्यता के आधार पर पहचान बनानी चाहिए। मीडिया से रानी ने कहा, मैंने और आदित्य ने सोच-समझकर अपनी बेटी आदिरा को लोगों की नजरों से दूर रखने का फैसला किया है। हम नहीं चाहते थे कि हमारी बेटी उस स्थिति में आए, जहां वो ज्यादा दिखे। उसे महसूस हो कि उसके साथ कुछ खास हो रहा है।



## 'अखंड-2' से तहलका मचाने को तैयार

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म 'अखंड' ने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया था। अब इसके दूसरे भाग 'अखंड 2' की रिलीज पर ताजा अपडेट आ गया है। फिल्म सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को तहलका मचाने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन बोयापाटी श्रीनु ने किया है, वहीं फिल्म के निर्माता राम आचंता और गोपीचंद आचंता हैं। 'अखंड 2' के पोस्टर में नंदमुरी का भयंकर अवतार देखने को मिला है। लंबे बाल और दाढ़ी के साथ गले में रुद्राक्ष की माला और हाथ में त्रिशूल पकड़े उनका ये अवतार प्रशंसकों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। ये 2021 में आई फिल्म 'अखंड' का सीक्वल है, जिसमें सम्युक्ता, आदि पिनिशेट्टी और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं।

### टीवी मसाला



## बिग बॉस 19: मालती चाहर वाइल्ड कार्ड से करेंगी प्रवेश

**मुंबई।** टीवी का विवादित शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। घर में इस वक्त 14 सदस्य मौजूद हैं। इस बीच नया अपडेट है कि निर्माता घर में दूसरा वाइल्ड कार्ड सदस्य लाने की योजना बना रहे हैं। शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा के बाद मालती चाहर दूसरी वाइल्ड कार्ड सदस्य बनकर घर में प्रवेश करेंगी।हालांकि, निर्माता ने अभी उनके नाम की पुष्टि नहीं की है।

***क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन हैं*** : मालती भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन हैं जो अभिनेत्री होने के अलावा निर्देशक भी हैं। उन्होंने 2024 में रिलीज लघु फिल्म 'सात फेरे अ ड्रीम हाउसवाइफ' का निर्देशन किया है। इसके अलावा उन्हें 'जीनियस' (2018) और 'सदा वियाह होया जी' (2022) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। मालती मॉडलिंग और कई सौंदर्य प्रतियोगिता का हिस्सा रही हैं। 2009 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था, जबकि 2014 में फेमिना मिस इंडिया की उप विजेता रहीं थी। मालती सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 10 लाख से ज्यादा समर्थक हैं। उनके 'बिग बॉस 19' में आनी की खबर से प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

### बर्तन को लेकर आपस में भिड़ीं फरहाना और अशनूर

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 19 में इस वक्त काफी हंगामा देखने को मिल रहा है। पिछले हफ्ते फरहाना भट्ट को घर का नया कप्तान बनाया गया था। उनकी कप्तानी ज्यादातर घरवालों को पसंद नहीं आ रही है। आगामी एपिसोड में फरहाना, अशनूर कौर और अभिषेक बजाज को ड्यूटी को लेकर आपस में भिड़ते नजर आएंगे। इस झगड़े की एक झलक सोशल मीडिया पर देखने को मिली है। शो का नया प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल है। प्रोमो में देखा जा सकता है कि कप्तान फरहाना गार्डन एरिया में बैठे अभिषेक और अशनूर से बर्तन खाली करने के लिए कहती हैं। जब अशनूर कहती हैं कि उन्हें अभी कोई बात नहीं करनी। इस पर फरहाना का पारा चढ़ जाता है। फरहाना, अशनूर से कहती हैं कि वो अभिषेक को भी काम करने के लिए बोलें। अभिषेक ये सुनकर भड़क जाते हैं और फरहाना को नौकरानी कहते हैं। इसके बाद दोनों में जमकर बहस होती है।



## 'मुकुथी अम्मान 2' से नयनतारा की पहली झलक आई, महाशक्ति के रूप में छा गईं अभिनेत्री

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा काफी वक्त से फिल्म 'मुकुथी अम्मान 2' को लेकर चर्चा में हैं। दशहरा 2025 के खास मौके पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया है। 'मुकुथी अम्मान 2' का हिंदी शीर्षक 'महा शक्ति' रखा गया है। पोस्टर में नयनतारा महाशक्ति के अवतार में नजर आ रही हैं। हाथ में त्रिशूल लिए उनका रूप काफी दमदार है। फिल्म का निर्देशन सुंदर सी ने किया है ,जबकि इशरी के गणेश इसके निर्माता हैं।



### 100 करोड़ के बजट में बनी फिल्म

फिल्म 'मुकुथी अम्मन 2' का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनेशनल और अवनि सिनेमैक्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इसका बजट 100 करोड़ रुपये है। निर्माताओं ने एक बयान में कहा था कि 'महाशक्ति' एक स्वतंत्र कहानी है और एक बिल्कुल नई सिनेमाई फ्रेंचाइजी की शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म की कहानी अच्छाई और बुराई पर आधारित होगी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930